सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शुक्रवार, 08 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 67, पेज 12, 2.00 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स-निफ्टी नये रिकॉर्ड पर
शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स और निफ्टी नये शिखर पर पहुंच गये। } 11

## भारत और जापान वैश्विक साझेदार : जयशंकर
विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान पुन: वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहे विश्व में स्वाभाविक साझीदार हैं। दोनों देश के बीच कई बुनियादी समानताएं हैं। } 12

### महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं
लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश एवं प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगलमय एवं सुखमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि मैं देवादिदेव महादेव से सभी के कल्याण और देश व प्रदेश की खुशहाली एवं समृद्धि के लिए प्रार्थना करती हूं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महाशिवरात्रि का पावन पर्व लोक कल्याण के लिए प्रतिबद्ध होने की प्रेरणा देता है। देवों के देव महादेव जनमानस में सर्वमान्य रूप से पूजे जाते हैं। पर्व व त्योहार हमारी परम्परा और राष्ट्रीयता को सुदृढ़ करने के प्रेरणास्पद अवसर हैं।

## बरेली : हत्या के जुर्म में आठ लोगों को फांसी
जिला संवाददाता

बरेली। बरेली जिले की एक अदालत ने सुरेश शर्मा नगर में 10 साल पहले घर में घुसकर डकैती के दौरान आयकर विभाग के निरीक्षक की मां, भाई और भाभी की हत्या करने के मामले में बृहस्पतिवार को नौ अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उनमें से आठ को फांसी तथा एक को आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) दिगम्बर पटेल ने बताया कि विशेष न्यायाधीश (त्वरित अदालत) रवि कुमार दिवाकर ने छैमार हसीन गैंग के नौ लोगों को दोषी मानते हुए उनमें से आठ को फांसी तथा एक को उम्रकैद की सजा सुनायी है।

❍ आयकर निरीक्षक के घर में तीन लोगों की हुई थी हत्या

पटेल के मुताबिक आयकर विभाग के निरीक्षक रविकान्त मिश्रा ने बारादरी थाने में मुकदमा दर्ज कराया था कि 21 अप्रैल 2014 को वह अपने घर से अपने तैनाती स्थल के लिये रवाना हुए थे और दो दिन बाद जब उन्होंने अपने परिजन से सम्पर्क करने की कोशिश की तब उनकी उनसे बात नहीं हो सकी। मिश्रा का कहना था कि अनहोनी का शक होने पर वह यहां अपने घर पहुंचे तो उन्होंने पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था, गलियारे की खिड़की खुली थी और उसकी ग्रिल भी निकली हुई ...शेष पृष्ठ 10 पर

## गरीब, दलित, वंचितों को पीएम मोदी ने दिलाया अधिकार
### सीएम योगी व जेपी नड्डा ने 5200 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास
विशेष संवाददाता

आगरा। योगी सरकार ने आज आगरा वासियों को करीब 5200 करोड़ रुपए की 124 विकास परियोजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित कार्यक्रम में इन सभी विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के दबे कुचले लोगों का हित किया। आज बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर का सम्मान हो रहा है। बाबा साहेब का सम्मान का मतलब दबे कुचले लोगों का सम्मान,


आगरा में परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

संविधान का सम्मान। कोठी मीना बाजार मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस समाज के बारे में सोचना पार्टी और उसकी आत्मियता को प्रदर्शित करता है। पिछले 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में एक नए भारत का हम दर्शन कर रहे हैं। एक ऐसा भारत जो जाति, मत, मजहब और भाषा के आधार पर नही बल्कि, इसके अंदर एक ही मंत्र के आधार पर हर गांव, हर गरीब, हर किसान हर नौजवान और महिला सभी को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर के सम्मानजनक जीवन यापन करने के लिए उन्हें आगे बढ़ने के लिए कार्य करता है। वो मंत्र है, सबका साथ और सबका विकास। ...शेष पृष्ठ 10 पर

### विराज सागर दास ने महाशिवरात्रि की दी हार्दिक बधाई



लखनऊ। बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट, उ.प्र. बैडमिन्टन एसोसिएशन के अध्यक्ष, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के उपाध्यक्ष विराज सागर दास ने महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में उन्होंने कहा है कि भगवान शंकर कल्याणमूर्ति हैं। अपने भक्तों पर सहज कृपा करते हैं। महाशिवरात्रि का पावन पर्व लोक कल्याण का प्रतीक है। भगवान शिव इस अवसर पर अपने आराधकों की हर मनोकामना पूरी करते हैं। भारत समेत पूरे विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित ज्योतिर्लिंग राष्ट्रीय एकता के प्रतीक हैं।

## केन्द्रीय कर्मियों का महंगाई भत्ता 4% बढ़ा
### उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों की 300 रुपये सब्सिडी एक वर्ष के लिए और बढ़ी
एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्र ने इस साल एक जनवरी से अपने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा 46 प्रतिशत से बढ़ाकर मूल वेतन का 50 प्रतिशत करने की घोषणा की है। आम चुनाव से पहले की गई इस घोषणा का लाभ एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को मिलेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा मंत्रिमंडल ने एक जनवरी, 2024 से केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते की अतिरिक्त किस्त को

❍ सरकार ने 10,372 करोड़ रुपये के व्यय के साथ पांच साल के लिए इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दी

जारी करने की मंजूरी दी है। इसके अलावा पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत (डीआर) की किस्त जारी की जाएगी। यह मूल वेतनापेंशन की मौजूदा दर 46 प्रतिशत पर चार प्रतिशत की वृद्धि है। महंगाई भत्ता और महंगाई राहत दोनों के कारण सरकारी खजाने पर संयुक्त रूप से 12,869 करोड़ रुपये सालाना का बोझ पड़ेगा। वर्ष 2024-25 (जनवरी 2024 से फरवरी 2025) के दौरान कुल प्रभाव 15,014 करोड़ रुपये बैठेगा। डीए में बढ़ोतरी के साथ परिवहन भत्ता, कैंटीन भत्ता और प्रतिनियुक्ति भत्ता समेत अन्य भत्तों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। मकान किराया भत्ता मूल वेतन के 27 प्रतिशत, 19 प्रतिशत और नौ प्रतिशत से बढ़ाकर क्रमशः 30 प्रतिशत, 20 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कर दिया गया है। ग्रैच्युटी के तहत लाभ में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके तहत सीमा मौजूदा के 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की गई है। इन विभिन्न भत्तों में बढ़ोतरी से सरकारी खजाने पर सालाना 9,400 करोड़ रुपये



का बोझ पड़ेगा। स्वीकृत फॉर्मूले के अनुसार डीए और डीआर में वृद्धि सातवें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों पर आधारित है। इस फैसले से केंद्र सरकार के 49.18 लाख कर्मचारियों के अलावा 67.95 लाख पेंशनभोगियों को फायदा होने की उम्मीद है क्योंकि महंगाई राहत (डीआर) में भी उसी दर से बढ़ोतरी की गई है।

पीयूष गोयल ने बताया कि आज कैबिनेट बैठक में छह फैसलों पर मुहर लगी है। उन्होने बताया कि आज कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को 300 रुपए प्रति सिलेंडर की सब्सिडी दी जाती है, जिसकी अवधि 31 मार्च 2024 तक तक थी उसे 1 वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। अब 300 रुपए प्रति सिलेंडर सब्सिडी का लाभ एक वर्ष में 12 सिलेंडर की सीमा तक 10 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मिलेगा। वहीं एक अन्य फैसले में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024-25 सत्र के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 285 रुपये बढ़ाकर 5,335 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य (टीडीएन-3 पहले के टीडी-5 ग्रेड के बराबर) तय करने का निर्णय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में लिया गया। उन्होंने कहा कि इस फैसले से पूर्वी राज्यों, खासकर पश्चिम बंगाल के किसानों को काफी फायदा होगा। चालू सत्र 2023-24 में सरकार ने 524.32 करोड़ रुपये की लागत से 6.24 लाख गांठ से

❍ सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में औद्योगीकरण के लिए 10,037 करोड़ रुपये की योजना को दी मंजूरी

अधिक कच्चे जूट की रिकॉर्ड मात्रा में खरीद की है, जिससे लगभग 1.65 लाख किसानों को लाभ हुआ है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि वर्ष 2024-25 के लिए एमएसपी अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत पर 64.8 प्रतिशत का लाभ सुनिश्चित करेगा। वर्ष 2024-25 सत्र के लिए कच्चे जूट का एमएसपी, बजट 2018-19 में सरकार द्वारा घोषित पूरे भारत की भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने के सिद्धांत के अनुरूप है। यह निर्णय कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की सिफारिशों पर आधारित है। भारतीय जूट निगम (जेसीआई) मूल्य समर्थन संचालन करने के लिए केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में काम करना जारी रखेगा और यदि ऐसे कार्यों में कोई नुकसान हो तो उसकी पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी। एक अन्य निर्णय में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 10,372 करोड़ रुपये के व्यय के साथ पांच साल के लिए ...शेष पृष्ठ 10 पर

## विकास की ऊंचाइयां छू रहा है जम्मू-कश्मीर



एजेंसी

श्रीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और स्वतंत्र रूप से सांस ले रहा है। मोदी ने विकसित भारत, विकसित जम्मू-कश्मीर कार्यक्रम के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर अनुच्छेद 370 पर न केवल जम्मू-कश्मीर के लोगों को बल्कि पूरे देश को गुमराह करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने आगामी रमजान के पवित्र महीने और महाशिवरात्रि के पर्व के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं दीं। महाशिवरात्रि शुक्रवार को है। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर आज विकास की नयी ऊंचाइयों को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### संक्षेप
### बहराइच व हरदोई में सड़क हादसा, 5 मरे
बहराइच/हरदोई। बहराइच और हरदोई जिले में हुए सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बौंडी थाना क्षेत्र के कोदही गांव निवासी पूजन (17), बालंदे (22) व ननकू (24) दोस्त हैं। बुधवार की रात तीनों एक ही बाइक से फखरपुर थाना क्षेत्र के कुंडासर में एक बारात में जा रहे थे। इस दौरान फखरपुर थाना क्षेत्र में बहराइच-लखनऊ मार्ग पर शिवराजपुर के बस तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने तीनों को रौंद दिया, जिसमें पूजन की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं, गंभीर रूप से घायल बालंदे व ननकाऊ को सीएचसी ...शेष पृष्ठ 10 पर

## आयोग ने स्थगित की पीसीएस प्री परीक्षा
### पेपर लीक पर नियंत्रण के लिए उठाये गये कई ठोस कदम
वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने 17 मार्च को प्रस्तावित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (पीसीएस) प्रारंभिक परीक्षा-2024 अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी है। यह परीक्षा अब जुलाई में होने संभावना जतायी जा रही है, जिसकी तिथि बाद में घोषित की जायेगी। पीसीएस परीक्षा-2024 के तहत 220 पदों पर भर्ती के लिए 574538 अभ्यर्थियों ने आवेदन किये हैं। समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक होने के बाद यह आशंका जतायी जा रही थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा-2024 को टाला जा सकता है। आयोग ने जब परीक्षा से 11 दिन पहले तक अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी नहीं किये, तब इस आशंका को और बल मिल गया। आयोग ने

❍ 17 मार्च को प्रस्तावित थी परीक्षा, जुलाई में होने की संभावना

अभ्यर्थियों के संशय का समाधान करते हुए गुरुवार को पीसीएस प्री परीक्षा स्थगित करने की घोषित कर दी। आयोग के सूत्रों के अनुसार प्रश्न पत्रों की सुरक्षा को लेकर कुछ अतिरिक्त प्रबंध किये जा रहे हैं।

पेपर लीक पर नियंत्रण के लिए कई नए कदम उठाये गये हैं। नई व्यवस्थाओं के तहत परीक्षा कराने में थोड़ा समय लग सकता है। इसी वजह से परीक्षा स्थगित की गयी है। वहीं, यह चर्चा भी है कि पुलिस भर्ती परीक्षा और आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा का पेपर लीक होने के कारण भर्ती संस्थानों के साथ सरकार की भी काफी किरकिरी हुई है। लोकसभा चुनाव करीब हैं और सरकार नहीं चाहती है कि चुनाव से पहले परीक्षाओं को लेकर कोई विवाद हो। ऐसे में परीक्षाएं चुनाव के बाद ही कराये जाने पर जोर है और परीक्षा टाले जाने के पीछे यही कारण भी हो सकता है। बता दें कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने आरओ/एआरओ परीक्षा के साथ पीसीएस परीक्षा के लिए भी आवेदन किये हैं। आरओ/एआरओ परीक्षा में पेपर लीक होने के बाद 20 दिनों तक इन अभ्यर्थियों ने आंदोलन किया। ...शेष पृष्ठ 10 पर

## कासिम गुज्जर आतंकी घोषित
नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने कई आतंकी हमलों के मास्टरमाइंड लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के सदस्य मोहम्मद कासिम गुज्जर को बृहस्पतिवार को आतंकवादी घोषित कर दिया। सरकार के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी गुज्जर कई आतंकी हमलों और भारत के खिलाफ युद्ध की साजिश में संलिप्त रहा है। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया देश की एकता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से कठोरता से निपटा जाएगा। एक आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने के इरादे से गुज्जर उर्फ सलमान उर्फ सुलेमान कई ...शेष पृष्ठ 10 पर

## जौनपुर में भाजपा नेता की हत्या
### शादी का कार्ड देने के बहाने बदमाशों ने मारी चार गोली
जिला संवाददाता

जौनपुर (उप्र)। जौनपुर के थाना सिकरारा क्षेत्र स्थित बोधापुर गांव में बदमाशों ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव की गोली मार कर हत्या कर दी। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस अधीक्षक (नगर) बृजेश कुमार ने बताया कि बोधापुर निवासी भाजपा के जिला मंत्री प्रमोद कुमार यादव अपने काम के सिलसिले में रोज सुबह जिला मुख्यालय आते थे। उन्होंने कहा कि यादव आज सुबह 10 बजे के आसपास बोधापुर गांव से स्कॉर्पियो





गाड़ी से निकलकर गांव के मोड़ पर ही पहुंचे थे तभी मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने शादी का कार्ड देने के बहाने इशारा करके गाड़ी रुकवायी। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही प्रमोद ने शीशा खोला तभी एक बदमाश ने पिस्तौल निकालकर उन्हें चार गोली मारीं और दोनों वहां फरार हो गये। घायल प्रमोद को गांव वाले तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस अधीक्षक ...शेष पृष्ठ 10 पर



### आज का मौसम
अधिकतम : 21.00 डिसे.
न्यूनतम : 15.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें
❍ यूपी को मिलीं 29 करोड़ की दो परियोजनाएं (पृष्ठ-02)
❍ 9 हजार से अधिक श्रमिक जायेंगे इजरायल (पृष्ठ-02)
❍ रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ 82.73 प्रति डॉलर (पृष्ठ-11)
❍ फरवरी में वाहनों की खुदरा बिक्री 13% बढ़ी (पृष्ठ-11)
❍ सोना 500 चढ़कर 65,650 की नयी ऊंचाई पर (पृष्ठ-11)

विशेष खबर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा केंद्र में शक्तिशाली नेतृत्व के चलते हमारी सेनाओं की दृढ़ इच्छाशक्ति बढ़ी

## भारत पर बुरी नजर डालने वालों को देंगे मुंहतोड़ जवाब
एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर कोई भारत पर बुरी नजर डालता है तो सशस्त्र बल अच्छी तरह से सुसज्जित, सक्षम और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ करीब चार साल से सीमा विवाद और चीनी सेना के हिंद महासागर में प्रवेश को लेकर चिंताओं की पृष्ठभूमि में उनका यह बयान आया है।

सिंह ने कहा कि देश की रक्षा प्रणाली लोगों के दृष्टिकोण के अनुरूप सरकार द्वारा एक नयी ऊर्जा से प्रेरित है, और इसके परिणामस्वरूप भारत एक मजबूत और आत्मनिर्भर सेना के साथ वैश्विक मंच पर शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत का रक्षा तंत्र आज पहले से कहीं अधिक मजबूत है क्योंकि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इसे भारतीयता की भावना के साथ मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। उन्होंने नजरिया को वर्तमान और पिछली सरकार के बीच प्रमुख अंतर बताया और कहा कि मौजूदा सरकार भारत के लोगों की क्षमताओं में दृढ़ता से विश्वास करती है, जबकि पहले सत्ता में रहने वाले लोग उनकी क्षमता



के बारे में कुछ हद तक सशंकित थे। सिंह ने कहा केंद्र में शक्तिशाली नेतृत्व के कारण आज हमारी सेनाओं में दृढ़ इच्छाशक्ति है। हम सैनिकों का मनोबल ऊंचा रखने की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं। भारतीय और चीनी सैनिक पूर्वी लद्दाख में कुछ स्थानों पर साढ़े तीन साल से अधिक समय से टकराव की स्थिति में हैं, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक राजनयिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पूरी कर ली है। सिंह ने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने को सरकार द्वारा लाया गया सबसे बड़ा बदलाव बताया और कहा कि यह भारत के रक्षा क्षेत्र को एक नया आकार दे रहा है। उन्होंने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए विभिन्न उपायों को भी रेखांकित किया, जिनमें उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारों की स्थापना, घरेलू उद्योग के लिए पूंजीगत खरीद बजट का 75 प्रतिशत आरक्षित करना और आयुध निर्माणी बोर्ड का निगमीकरण करना शामिल है। उन्होंने कहा, वार्षिक रक्षा उत्पादन, जो 2014 में लगभग 40,000 करोड़ रुपये था, अब रिकॉर्ड 1.10 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। उन्होंने कहा नौ-दस साल पहले रक्षा निर्यात 1,000 करोड़ रुपये था जो आज बढ़कर 16,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हमने 2028-29 तक 50,000 करोड़ रुपये का निर्यात हासिल करने का लक्ष्य रखा है। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब प्रौद्योगिकी की बात आती ...शेष पृष्ठ 10 पर

## सपा विधायक इरफान सोलंकी के ठिकानों पर ईडी का छापा
जिला संवाददाता

कानपुर/लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन संबंधी एक मामले की जांच के तहत उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके परिवार के सदस्यों के कानपुर स्थित परिसरों पर बृहस्पतिवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

❍ धनशोधन मामले में हुई कार्रवाई

सोलंकी (44) फिलहाल महाराजगंज जेल में हैं। वह सीसामऊ विधानसभा सीट का चौथी बार प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि लखनऊ जोनल कार्यालय से प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने डिफेंस कॉलोनी जाजमऊ स्थित सोलंकी के आवास समेत उनके करीब पांच परिसरों पर छापे मारे। प्रतर्वन निदेशालय की टीम ने सोलंकी के जेल में बंद भाई रिजवान की संपत्ति पर भी छापे मारे।

उन्होंने बताया कि शौकत अली, बिल्डर हाजी वसी और पार्टी नेता नूरी शौकत के अलावा कुछ अन्य लोगों के कानपुर स्थित परिसरों और महाराष्ट्र के मुंबई में एक परिसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों द्वारा मुहैया सुरक्षा के बीच तड़के छापेमारी की गई। एजेंसी के अधिकारियों ने कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं। उन्होंने बताया ...शेष पृष्ठ 10 पर

# केंद्र से मिली यूपी को 29 करोड़ की दो परियोजनाओं की सौगात

## नैमिषारण्य व प्रयागराज के चयनित होने पर पर्यटन मंत्री ने जताया प्रधानमंत्री मोदी का आभार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रधानमंत्री द्वारा केन्द्र सरकार की स्वदेश दर्शन योजना द्वितीय के अन्तर्गत प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल सीतापुर स्थित नैमिषारण्य एवं प्रयागराज की लगभग 29 करोड़ रुपए की दो परियोजनाओं का शिलान्यास किये जाने पर आभार व्यक्त करते हुये कहा कि दोनों पर्यटनों स्थलों को स्वदेश दर्शन योजना में शामिल किये जाने से प्रदेश के पर्यटन को नयी उड़ान मिलेगी। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश को पर्यटन का हब बनाने के लिये इन दोनों परियोनजाओं की सौगात दी है। उन्होने कहा कि नैमिषारण्य की परियोजना की लागत लगभग 15.95 करोड रुपये तथा प्रयागराज की परियोजना की लागत 13.02 करोड़ रुपए है। उन्होने कहा कि इन परियोनजाओं के धरातल पर उतरने से प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही रोजगार के नये अवसर तथा होटल, रेस्टोरेन्ट, टूर ऑपरेटर आदि के कारोबार बढ़ेगे।



पर्यटन मंत्री गुरुवार को पर्यटन मीटिंग हॉल, सत्संग भवन, रेलवे स्टेशन रोड, नीमसार सीतापुर में प्रधानमंत्री द्वारा श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर से एक केन्द्रीकृत वर्चुअल समारोह के माध्यम से इन परियोजनाओं के शुभारम्भ एवं लोकार्पण के अवसर पर उपस्थित थे। उन्होने इस अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहा कि पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रदेश के विशाल आकार तथा सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को दृष्टिगत रखते हुये प्रधानमंत्री ने प्रयागराज एवं नैमीषारण्य को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किये जाने के लिये स्वदेश दर्शन स्कीम द्वितीय के तहत चयनित किया है। जयवीर सिंह ने कहा कि समेकित पर्यटन विकास के लिए पहले चरण में प्रयागराज के आजाद पार्क एवं देखों प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत टूरिस्ट इन्फारमेशन सेन्टर, आजाद मेमोरियल प्लाजा का उच्चीकरण, विक्टोरिया मेमोरिया लैण्ड स्केप का उच्चीकरण, कल्प वृक्ष लैण्डस्केप का उच्चीकरण, एडवेन्चर पार्क, सीसीटीवी, ट्रैवलर्स नूक, गेट अपग्रेडेशन, देखो प्रयागराज वर्ल्ड आर्ट, मिनी बस, पार्किंग एवं टॉयलेट आदि कार्यों के लिए 13.02 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होने ने कहा कि नैमिषारण्य में वैदिक वेलनेस एक्सपीरियन्स योजना के अन्तर्गत गोमती नदी में जेट्टी एवं बोट्स, ध्वनि एवं प्रकाश शो समेत अन्य कार्यों के लिए लगभग 15.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश में हमारी सरकार आने के बाद अपनी परंपराए संनातन संस्कृति में चार चांद लगाने का काम हुआ है। उत्तर प्रदेश जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ और भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी काशी है। गोरखपुर में जहां बाबा गोरखनाथ धाम है, तपोस्थली नैमिषारण्य तीर्थ स्थल है, विंध्यवासिनी धाम जैसे अनेक धार्मिक और आध्यात्मिक स्थल हैं। यहां धार्मिक पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन स्थलों के विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। नैमिषारण्य के नियोजित विकास के लिए नैमिष तीर्थ विकास परिषद का गठन किया गया है। नैमिषारण्य के विकास में धन की कोई कमी आने नही दी जाएगी।

# भारत माता के महान सपूत थे पं. गोविंद बल्लभ : योगी

## मुख्यमंत्री ने गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और देश के गृह मंत्री रहे गोविंद बल्लभ पंत को याद करते हुए कहा कि वह भारत माता के महान सपूत थे। उन्होंने उनकी स्मृतियों को भी नमन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे।

योगी ने कहा कि पंत ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा देश की आजादी के लिए समय- समय पर चलाए गए आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई थी। उन्होंने 24 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के पुनर्गठन पर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की व्यवस्था को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले पंत ने वर्ष 1937 में संयुक्त प्रांत के मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेशवासियों को अमूल्य सेवाएं देते हुए आजादी के आंदोलन में अपनी सक्रिय भूमिका को बनाए रखा। साथ ही दिसंबर 1954 में देश के प्रथम गृह मंत्री और उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आकस्मिक निधन के बाद देश के गृह मंत्री के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके अलावा वर्ष 1955 से 1961 तक देश के गृहमंत्री के रूप में उन्होंने (पंत) अपनी अमूल्य सेवाएं देकर राजभाषा हिंदी को सम्मान दिलाने का



कार्य किया। देश के प्रति उनकी सेवाओं के लिए वर्ष 1957 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। योगी आदित्यनाथ ने कहा, कि इतना ही नहीं उन्होंने भारत की संविधान सभा के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

# इंडिया गठबंधन और पीडीए देश में परिवर्तन लायेगा : अखिलेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ/प्रयागराज।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन और पीडीए देश में परिवर्तन लायेगा। इंडिया गठबंधन भाजपा को देश में 400 सीटों पर हरायेगा। भाजपा लोकतंत्र को खत्म कर रही है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए भाजपा को हटाना होगा। भाजपा हटाओ-लोकतंत्र बचाओ। भाजपा हटाओ-संविधान बचाओ। भाजपा हटाओ-नौकरी पाओ।



अखिलेश यादव ने प्रयागराज में गुरुवार को मीडिया से वार्ता में कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों और नौजवानों के सामने संकट पैदा किया है। भाजपा ने जनता से झूठा वादा किया। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। महंगाई बढ़ती गयी लेकिन किसानों को उनकी फसलों का सही मूल्य नहीं मिला। नौजवानों को नौकरी, रोजगार नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार में हर प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। भाजपा की नीयत नौजवानों को नौकरी देने की नहीं है। छात्र-नौजवान दिन रात मेहनत कर पढ़ाई करते हैं। परीक्षाओं के पेपर देते हैं तो पता चलता है कि लीक हो गया। प्रयागराज में परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-नौजवान जानते हैं कि नौकरी के लिए उन्हें कितना संघर्ष करना पड़ता है। हाल ही में पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ। आरओ और एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ। इसके पहले कई प्रतियोगी परीक्षा का पेपर लीक हो चुका है। इस सरकार में हर पेपर लीक हो रहा है। भाजपा सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती है, जिससे नौकरी न देना पड़े। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। अखिलेश यादव ने कहा नौजवानों को नौकरी पाना है तो भाजपा सरकार को हटाना होगा। भाजपा सरकार के रहते युवाओं को नौकरी रोजगार नहीं मिलेगा। जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त हैं। इलेक्टोरल बांड में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी इलेक्टोरल बांड की सूची नहीं दी जा रही है।

# भाजपाइयों ने जनता से बटोरे उनके सुझाव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा महानगर की ओर से संकल्प पत्र 2024 के लिए जनता से सुझाव लेने के लिए चलाये जा रहे अभियान को गुरुवार को विधानसभा स्तर पर मंत्री, विधायकों और कार्यकर्ताओं ने वृहद रूप से चलाया। महानगर कैसरबाग कार्यालय पर भी आमजन से सुझाव प्राप्त करने के लिए जन आकांक्षा पेटिका रखी गयी है। जिसमें महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, कार्यकर्ताओं और कार्यालय आये विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व व्यापारिक संगठनों के जनप्रतिनिधियों ने भी सुझाव डाले।

कैंट विधानसभा में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने सरोजनी नगर में विधायक राजेश्वर सिंह ने विधानसभा स्तर पर संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया और स्वयं भी अपना सुझाव लिखकर सुझाव पेटिका में डाला और पेटिकाओं को पार्टी



- विधानसभा स्तर पर संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलकर किय जा रहे इक्ट्ठा
- सरोजनी नगर विधानसभा में विधायक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में चला अभियान

कार्यालयों पर और सार्वजनिक स्थलों पर आम जनों से सुझाव प्राप्त करने के लिए रखा गया। उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ आम लोगों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री ने आम लोगों की भागीदारी से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है और इसे लेकर अब वह लोगों से सुझाव मांग रहे हैं। जनता द्वारा प्राप्त हो रहे सुझाव के अनुरूप पार्टी आगामी चुनाव में संकल्प पत्र जारी करेगी। सभी विधानसभाओं में वृहद स्तर पर अभियान चलाया गया, जिसमें मुख्य रूप से सरोजनी नगर विधानसभा में विधायक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में रामाशंकर त्रिपाठी, अमोद कुमार ने विधानसभा कार्यालय के समीप पराग चौराहे पर, मध्य विधानसभा में हजरतगंज पार्किंग स्थल के सामने लालजी टंडन की प्रतिमा के समक्ष साकेत शर्मा, रजनीश गुप्ता, संदीप शर्मा, राजीव बाजपेई, आनंद पांडेय, बबिता सक्सेना, सुभाष मिश्रा ने अभियान चलाया। पश्चिम विधानसभा में ई ब्लॉक राजाजीपुरम चौराहे पर सत्येंद्र सिंह, अरविन्द मिश्रा, शिवपाल शवरिया आदि ने, पूर्वी विधानसभा में पूर्व मंडल 4 मंडल अध्यक्ष सुमित खन्ना, पंकज सक्सेना, केपी सिंह, भृगु नाथ शुक्ला, पार्षद रामकुमार वर्मा आदि ने सेक्टर 17 इंदिरा नगर में और उत्तर विधानसभा में घनश्याम अग्रवाल, सकेत शर्मा, अवधेश मिश्रा, सुदर्शन कटियार, अनुराग साहू, विकास मिश्रा और नम्रता सिंह ने डालीगंज चौराहे पर अभियान चलाकर जनता से सुझाव एकत्रित किये।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को प्रचार वाहन किया रवाना

**लखनऊ।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर 9 मार्च को सुबह 10 बजे जनपद न्यायाधीश लखनऊ अश्वनी कुमार त्रिपाठी के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायालय में किया जायेगा। इसी शृंखला में गुरुवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशन में अपर जिला, जनपद न्यायाधीश प्रभारी जज मीना श्रीवास्तव ने प्रचार वाहन को पुराना उच्च न्यायालय परिसर कैसरबाग लखनऊ से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर जिला जज मीना श्रीवास्तव ने न्यायिक अधिकारियों से अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विगत राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ता व वादकारियों के प्रयास से काफी संख्या में वादों का निस्तारण हुआ था। वाद का निस्तारण कराया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने आह्वान किया कि जो भी वादकारी अपने वादों को लोक अदालत में निस्तारित कराना चाहते हैं, वह संबंधित न्यायालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ सत्येंद्र सिंह, अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राहुल मिश्रा सहित अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने ठाना, प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना : डॉ. राठौर

विशेष संवाददाता (vol)

- महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 'टीबी की बात, महिलाओं के साथ' कार्यक्रम आयोजित
- अवध गर्ल्स डिग्री कालेज को टीबी फ्री बनाकर पेश करेंगे मिसाल : डॉ. शैलेन्द्र भटनागर
- टीबी को लेकर महिलाओं के साथ न हो कोई सामाजिक भेदभाव : डॉ. सूर्यकान्त




**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर वृहस्पतिवार को अवध गर्ल्स डिग्री कालेज के सभागार में 'टीबी की बात, महिलाओं के साथ' कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टेट टीबी सेल के नेतृत्व में केजीएमयू और सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) संस्था के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य महानिदेशक डा. बृजेश राठौर ने कहा कि प्रदेश को टीबी मुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है।

डॉ. बृजेश राठौर ने कहा कि आज के इस कार्यक्रम में शामिल महिला ग्राम प्रधानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, आशा कार्यकर्ताओ, महिला टीबी चैम्पियन, निक्षय मित्र, महिला जर्नलिस्ट, महिला प्राचार्य और राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ीं छात्राओं की सहभागिता से यह निश्चित हो गया है कि हम जल्द ही प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने में जरूर सफल होंगे। उन्होंने कहा कि महिलाएं जिस काम को अपने हाथों में लेती हैं, वह पूरा करके ही छोड़ती हैं। इसलिए पूरा विश्वास है कि आप सबके साथ हम वर्ष 2025 से पहले ही इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। इस मौके पर संयुक्त निदेशक राज्य क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र भटनागर ने कहा कि अवध गर्ल्स डिग्री कालेज की समस्त छात्राओं और स्टाफ की टीबी की स्क्रीनिंग और जांच कराकर विद्यालय को टीबी फ्री बनाकर प्रदेश में एक मिसाल पेश करेंगे। अवध गर्ल्स डिग्री कालेज की प्राचार्य डॉ. बीना राय ने उनको आश्वासन दिया कि इसमें वह विभाग को पूरा सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्टेट टीबी सेल, केजीएमयू और सीफार के प्रति धन्यवाद भी ज्ञापित किया। डॉ. भटनागर ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने वर्ष 2023 में सबसे अधिक टीबी मरीजों को नोटिफाई कर एक मिसाल पेश की है। प्राइवेट सेक्टर में हुए रिकार्ड नोटिफिकेशन के लिए केंद्र सरकार द्वारा प्रदेश को सम्मानित भी किया गया है। उन्होंने सभी से टीबी आरोग्य साथी ऐप डाउनलोड करने को कहा ताकि टीबी से जुड़ी सभी जानकारी इसके माध्यम से मिल सके।

निदेशक राष्ट्रीय कार्यक्रम डा. रतनपाल सिंह सुमन और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कम्युनिटी प्रोसेस की महाप्रबंधक डा. उषा गंगवार ने कहा कि समुदाय की सहभागिता से प्रदेश को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। पंचायती राज विभाग की उपनिदेशक प्रवीणा चौधरी ने कहा कि इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरुरी है कि ग्राम पंचायत की बनने वाली योजनाओं में टीबी के मुद्दे को शामिल किया जाये। इस मौके पर नार्थ जोन टीबी टास्क फोर्स के चेयरमैन व केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकान्त ने कहा कि टीबी को लेकर महिलाओं के साथ किसी भी तरह का सामाजिक भेदभाव ठीक नहीं है। उन्होंने टीबी से जुड़ी हर बारीक जानकारी से कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाओं को जागरूक बनाया।

स्त्री रोग विशेषज्ञ, क्वीन मेरी डॉ. सुजाता देव ने कहा कि महिलाओं में सबसे प्रमुख बच्चेदानी की टीबी है जिसकी पहचान करना मुश्किल होता है। ऐसे में बांझपन भी हो जाता है। उन्होंने बताया कि 60 प्रतिशत टीबी पुरुषों में तो 40 प्रतिशत महिलाओं में होती है। हालाँकि महिलाओं में होने वाली टीबी ज्यादा जोखिम वाली होती है। इसके प्रमुख कारण है पोषण की कमी, उन्हें धूप नहीं मिलती।

# 9 हजार से अधिक कुशल श्रमिक जायेंगे इजरायल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के कुशल कामगारों व श्रमिकों को विदेशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। इजरायल में नवनिर्माण कार्य के लिए प्रदेश के श्रमिकों को चयनित कर भेजा जा रहा है। प्रथम चरण में 5087 तथा दूसरे चरण में 4121 श्रमिकों को इजरायल में सेवायोजित किए जाने हेतु चयनित किया गया है। इस तरह कुल 9208 कुशल श्रमिक इजराइल में 1 लाख 37 हजार प्रतिमाह वेतन पर सेवायोजित किए जाएंगे।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा हर हाथ को काम दिलाने के तहत भारत सरकार एवं इजरायल सरकार के बीच एमओयू किया गया है जिसके अंतर्गत व्यवसाय मेसन प्लास्टरिंग वर्क मेसन सेरेमिक टाइलिंग, मेसन बिल्डिंग फ्रेमवर्क तथा मेसन आयरन वेन्डिंग के क्षेत्र में इजराइल में

- द्वितीय चरण में 4121 का हुआ चयन, कुशल कामगारों व श्रमिकों को विदेशों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है योगी सरकार

भारतीय श्रमिको को सेवायोजित करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। 28 फरवरी से 7 मार्च तक राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में कुशल श्रमिकों के द्वितीय चरण का स्किल टेस्ट इजरायल की टीम के द्वारा लिया गया, जिसमें 4121 कुशल श्रमिकों को चयनित किया गया है। इस प्रकार कुल 9208 कुशल श्रमिकों को इजराइल की टीम के द्वारा चयनित किया गया है। प्रधानाचार्य, राज कुमार यादव एवं उनकी टीम की प्रशंसा की गई है। निदेशक के मार्गदर्शन में एनएसडीसी के सहयोग से इजराइल की टेस्टिंग टीम के द्वारा कुशल श्रमिकों के द्वारा स्किल टेस्टिंग का कार्य किया गया। संयुक्त निदेशक, लखनऊ मंडल अनिल वर्मा ने भी समय-समय पर निरीक्षण किया। इजरायल सरकार की टीम, एनएसडीसी की टीम एवं पीबा की टीम ने आश्वस्त किया कि यदि भविष्य में और कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होगी तो आईटीआई अलीगंज, लखनऊ को ही परीक्षा केंद्र बनाएंगे।

प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने इजरायल टीम के अधिकारियों, एनएसडीसी टीम के अधिकारियों एवं पीबा टीम के अधिकारियों का सहयोग के लिए धन्यवाद दिया तथा श्रम विभाग के अधिकारियों, संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

# पोलिंग बूथों पर 9 व 10 को पढ़कर सुनाई जायेगी मतदाता सूची

विशेष संवाददाता (vol)

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से जिला निर्वाचन अधिकारियों को स्वीप गतिविधियों के संबंध में दिये निर्देश

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए स्वीप योजना के तहत मतदाता जागरूकता के लिए गतिविधियों के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से आवश्यक दिशा निर्देश दिये गए हैं।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी निधि श्रीवास्तव ने जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि लोकसभा चुनाव के लिए राज्य स्तर पर स्वीप गतिविधियों के लिए तैयार किये गये कैलेण्डर के अनुसार मार्च के द्वितीय सप्ताह में मै हूं न!! के अन्तर्गत 9 तथा 10 मार्च को प्रत्येक बूथ (ग्राम पंचायत स्तर तथा वार्ड स्तर) पर मतदाताओं की जागरूकता के लिए किसी वरिष्ठ अधिकारी द्वारा मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाये, जिससे कि जिन अर्ह व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, वो अपना ससमय पंजीकरण करा लें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पढ़े जाने का व्यापक प्रचार प्रसार ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर पूर्व से ही किया जाय। इस कार्य के पर्यवेक्षण के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की ड्यूटी लगायी जाये। उल्लेखनीय हैं कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर सभी पोलिंग बूथों पर 9 व 10 मार्च को 11 बजे से अपराह्न 2 बजे के मध्य मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जायेगी, इसके माध्यम से अर्ह मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में चेक करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। यदि सूची में नाम नहीं है, तो वेबसाइट पर अथवा मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से फार्म-6 भर कर अपना नाम सम्मलित करा सकते हैं।

**महिला दिवस** साकार हो रहा महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन का सपना, राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 2017-18 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 32.10 प्रतिशत हुई

# योगीराज में साल दर साल सशक्त हुई मातृशक्ति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलम्बन सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ प्रदेश की योगी सरकार की कोशिशों के सकारात्मक नतीजे मिलने लगे हैं। स्वावलम्बन की बात करें तो पीरियॉडिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के रिपोर्ट के अनुसार, राज्य की महिला श्रम बल में भागीदारी दर 2017-18 में 14.2 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 32.10 प्रतिशत हो गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित प्रयास किए गए, जिसके परिणामस्वरूप यह वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री की निजी तौर पर निगरानी ने एक ऐसा माहौल तैयार किया है जहां महिलाएं सुरक्षित और सम्मानित महसूस कर रही हैं, जो उन्हें अभूतपूर्व गति से आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में महिला श्रम बल भागीदारी दर 39.80 प्रतिशत दर्ज की, जबकि उत्तर प्रदेश ने 32.10 प्रतिशत की दर दर्ज की। इसके विपरीत, वित्तीय वर्ष 2017-18 में, भारत की महिला श्रम बल भागीदारी दर 25.3 प्रतिशत थी, जबकि यूपी 14.2 प्रतिशत के साथ काफी पीछे था। पिछले 7 वर्ष में योगी सरकार की नीतियों की समीक्षा करें तो 'महिला



सशक्तिकरण' शासन की शीर्ष प्राथमिकता के रूप में साफ दिखाई देता है। रोजगार के लिए जो योजनाएं शुरू की गईं, उसमें महिलाओं को बराबर का भागीदार बनाया जा रहा है। मुद्रा योजना आज गांव-गांव में, गरीब परिवारों से भी नई-नई महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही है। इस योजना के तहत पूरे देश मिले कुल ऋण में से लगभग 70 प्रतिशत महिलाओं को दिए गए हैं। दीनदयाल अंत्योदय योजना के जरिए भी देश भर में महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप्स और ग्रामीण संगठनों से जोड़ा जा रहा है। योगी सरकार ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पूरक पुष्टाहार तैयार करने की जिम्मेदारी देकर न केवल संगठित भ्रष्टाचार से निजात दिलाई, बल्कि महिलाओं के एक बड़े वर्ग को आर्थिक स्वावलम्बन से भी जोड़ा। राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत 2014 से पहले के 5 वर्षों में जितनी मदद दी गई, बीते 7 साल में उसमें लगभग 13 गुणा बढ़ोतरी की गई है।

## प्रमुख महिला कल्याण योजनाओं की उत्तर प्रदेश में प्रगति

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना :** प्रदेश में 1.75 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया जा चुका है। होली व दीपावली में निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर दिया गया है।

**प्रधानमंत्री आवास योजना :** 'सबके लिए आवास' का संकल्प लिये यह योजना पात्र व्यक्तियों, खासकर महिलाओं के लिए वरदान साबित हुई है। योजना के अंतर्गत अभी तक प्रदेश में 55.83 लाख आवास निर्मित किए गए हैं। इनमें अधिकांश आवास मातृशक्ति के नाम आंवटित किए गए हैं।

**पीएम स्वनिधि योजना :** प्रदेश में अब तक 17 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण वितरित किया जा चुका है। इनमें 2 लाख से अधिक महिलाओं को ऋण दिया गया है, जिससे उनके व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त हुआ है और जीवन में खुशहाली आई है।

**स्वच्छ भारत मिशन :** प्रदेश में अब तक 2.61 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण कराया जा चुका है। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों में 4,500 पिंक शौचालय निर्मित कराए गए हैं।

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी):** योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के उन लोगों को अपनी जमीन का मालिकाना हक दिया जा रहा है, जिनकी जमीन किसी भी सरकारी दस्तावेज में दर्ज नहीं है। मलिकाना हक परिवार की महिला सदस्य के नाम अंकित किया जा रहा है। अब तक 66.59 लाख लाभार्थियों/महिलाओं को स्वामित्व प्रमाण पत्र प्रदान किया जा चुका है।

**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना :** योजना के तहत अब तक 54.44 लाख गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

**बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना :** योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 90 लाख महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

**मिशन वात्सल्य योजना :** प्रदेश में 75,811 बच्चों को उनके माता-पिता/अभिभावकों से मिलाया गया तथा 1,436 संभावित बाल विवाह रोके गये। सामुदायिक एकजुटता और महिलाओं की संस्थाओं के निर्माण के चरण से आगे बढ़ते हुए, अब ध्यान एसएचजी महिलाओं को उत्पादक समूहों, एफपीओ और निमार्ता कंपनियों के माध्यम से उच्च क्रम की आर्थिक गतिविधियों में शामिल करने पर है।

महिला सुरक्षा के लिए योगी सरकार की नीतियां पूरे देश में सराही जा रही हैं। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराध में सजा दिलाने में यूपी पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदेश बनकर उभरा है। महिलाएं रात की पाली में भी काम कर सकें, इसके लिए नियमों को आसान बनाने का काम सरकार ने किया। खदानों में महिलाओं के काम करने पर जो कुछ बंदिश थी, वो सरकार ने हटाई है। देशभर के सैनिक स्कूलों के दरवाजे, लड़कियों के लिए खोल देने का काम होना ऐतिहासिक है। बलात्कार जैसे संगीन अपराधों की तेज सुनवाई के लिए उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने 218 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स स्थापित किए हैं।

# किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं : मुख्यमंत्री

## बकायेदार किसानों के लिए लायेंगे ओटीएस योजना : ऊर्जा मंत्री ● तीसरी बार मोदी सरकार के लिए आशीर्वाद दें किसान : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमारा अन्नदाता किसान जब आपस में मिलता है तो राम-राम कहता है। अयोध्या में रामलला भी आ गए हैं और प्रदेश के अपराधियों का राम नाम सत्य भी हो गया है। उत्तर प्रदेश में सभी कार्य श्रीराम का नाम लेकर चल रहा है, इसलिए किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। क्योंकि ये डबल इंजन की सरकार उनके हर काम के लिए संकल्पित है। सरकार ने अप्रैल 2023 से मुफ्त बिजली देने का वादा पूरा किया है।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने के उपलक्ष्य में आयोजित 'संकल्प की सिद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में न किसान सुरक्षित था, न उसकी फसल। न बिजली मिलती थी और न किसान का सम्मान होता था। लेकिन अब हालात बदल गए हैं। डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के विजन को धरातल पर उतारने के लिए कृषक बिल माफी के इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देने जा रही है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि प्रदेश के वित्तमंत्री, कृषि मंत्री, ऊर्जा मंत्री, मुख्य सचिव, बिजली विभाग के अधिकारी, किसान यूनियन के नेता सभी यहां मौजूद हैं। ऐसा संयोग बहुत कम मिलता है। भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बनने जा रहा है। यह तभी संभव है, जब किसान खुशहाल हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयास का नतीजा है कि देश में होने वाले कुल उत्पादन में 20 फीसदी से ज्यादा उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 14.78 लाख किसानों के पास निजी नलकूप हैं। इसमें से 13.48 लाख निजी नलकूप 10 हॉर्स पॉवर या उससे नीचे के हैं। 1.28 लाख नलकूप 10 से 15 हॉर्स पावर क्षमता वाले हैं। इसी प्रकार 8.9 लाख नलकूप 15 हॉर्स पॉवर से अधिक क्षमता के हैं। इन सभी को बिल माफी योजना से जोड़ा जा रहा है। इसके लिए सरकार ने पिछले साल 1500 करोड़ और इस बार 2400 करोड़ की व्यवस्था की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि पीएम कुसुम योजना से जुड़े ट्यूबवेल पर सोलर पैनल लगाकर बिजली पैदा करें।



सिंचाई से बची बिजली को सरकार को बेंचे और अपनी आमदनी बढ़ाएं। सोलर के लिए कृषि विभाग और ऊर्जा विभाग की ओर से सब्सिडी दी जा रही है। दोनों विभाग मिलकर 14.78 लाख किसानों को प्राथमिकता के साथ पीएम कुसुम योजना के साथ जोड़ें। इससे करीब 15 लाख किसान परिवारों के 65 लाख सदस्यों को सीधे फायदा मिलेगा। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि एक अप्रैल 2023 से मुफ्त बिजली देने का शासनादेश जारी कर दिया है। इतना ही नहीं एक अप्रैल से पहले के बकायेदार किसानों के लिए एक मुश्त समाधान योजना (ओटीएस) भी लाई जाएगी। किसानों को ब्याज माफी दी जाएगी। किसान बकाये का मूलधन जमा कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2023 से निशुल्क बिजली देने के मामले में आवेदन के लिए जून तक का समय दिया जाएगा। मुफ्त बिजली की व्यवस्था को लेकर वेबसाइट पंजीयन संबंधी काम शुरू हो गया है। जल्द ही किसानों को आवेदन संबंधी पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी।। किसान वेबसाइट पर आवेदन करेंगे। इस दौरान उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं और बिजली सुधार के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पहले किसान बिल जमा करने के लिए परेशान रहता था। अब बिल नहीं देना है। डीबीटी खाते खुलने से किसानों के खाते में सीधे सम्मान निधि का रुपया जाता है। भाजपा सरकार ने स्वामीनाथन व चौधरी चरण सिंह को सम्मान दिया है। इसलिए तीसरी बार मोदी सरकार के लिए तैयार हो जाएं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पहले किसानों को गन्ना भुगतान के लिए चक्कर काटने पड़ते थे। अब सरकार सीधे उनके खाते में रुपये भेज रही है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन दीदी बनाई जा रही हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पिछले साल 52 हजार सोलर पंप दिए गए और इस साल 84 हजार सोलर पंप देने जा रहे हैं। इस दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव महेश कुमार गुप्ता, कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल, प्रबंध निदेशक पंकज कुमारए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

# बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर बनेंगे ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर

## महिला दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष महिला सदन में लिया गया निर्णय, महिलाओं के लिए अलग से पार्किंग व महिला बाजार बनाने पर सहमति

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम शहर के प्रमुख बाजार, सार्वजनिक स्थानों पर ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर बनाएगा। इससे महिलाओं को अपने बच्चों को स्तनपान कराने में झिझक नहीं होगी। यह फैसला गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम में आयोजित विशेष महिला सदन में लिया गया। इसके अलावा महिलाओं के लिये अलग से पार्किंग व महिला बाजार बनाये जाने को लेकर भी विचार विमर्श किया गया। ताकि महिला बाजार में महिलायें दुकान खोलकर अपना रोजगार चला सकें। विशेष तौर पर दूसरी पर बुलाए गए महिला सदन की की अनौपचारिक बैठक बुलाई गई। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में महापौर संयुक्ता भाटिया, वर्तमान व पूर्व महिला पार्षदों ने अपने सुझाव रखे जिनको लागू किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन मुख्य निर्धारण अधिकारी अंबी बिष्ट ने किया।



विशेष सदन में महिला पार्षदों ने शहर के विकास, स्वच्छता और सुन्दरता के साथ स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए अपने विशेष सुझाव रखें। महापौर ने कहा कि महिला पार्षद शहर के विकास से कन्धे से कंधा मिलकर चल रही हैं। कहा कि जब से नगर आयुक्त के रूप में इंद्रजीत सिंह ने कार्यभार संभाला है निगम में तेजी से संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं जिन जोनों से डिमाण्ड आ रही है उसकी आपूर्ति का भरसक प्रयास किया जा रहा है। महापौर ने कहा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन मोदी की गारंटी है। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा यह गर्व की बात है कि राजधानी को मातृशक्ति के रूप में महापौर का मार्ग दर्शन मिल रहा है। महापौर और नगर आयुक्त ने संयुक्त रूप से महिला पार्षदों को आश्वास्त किया कि उनके हर सुझाव और शिकायतों का निवारण हर हाल में किया जाएगा। विचार विमर्श किया गया कि नगर निगम मुख्य बाजार, मुख्य मार्ग पर ब्रेस्ट फीडिंग सेंटर का निर्माण करेगा। जहां कोई भी महिला अपने बच्चे को स्तनपान करा सकेगी। यह पूरी तरह से सुरक्षित भी होगा, जहां महिला सुरक्षाकर्मी भी तैनात की जाएगी। इस सेंटर पर महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड भी उपलब्ध होगा। जल्द इस योजना को लागू करने के लिए महिला केंद्रीत बजट बनाया जाएगा। इस सम्बंध में नगर आयुक्त ने घोषणा की। सदन में मौजूद पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा कि महिला दिवस की विशेष बैठक की शुरूआत उनके ही कार्यकाल में हुई थी। जिसका अनुसरण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने भी 1 दिन के लिए महिला सदन चलाया था। उन्होंने मौजूदा मेयर सुषमा खर्कवाल की प्रशंसा करते हुए भविष्य की शुभकामनाएं दी।

**वार्ड व मुख्य बाजार में रखी जाएगी शिकायत पेटी :** महापौर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि महिलाओं की समस्या को सुनने के लिए साथ ही वार्ड व मुख्य बाजार में शिकायत पेटी रखी जाएगी। जहां कोई भी महिला अपनी शिकायत लिखकर दे सकेगी। उसकी पहचान गुप्त रखने ही संबंधित विभाग से समस्या का निदान करवाने का प्रयास होगा। यूपी बोर्ड के 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को नगर निगम का ब्रांड एंबेसडर बनाया जाएगा।

**सदन में अव्यवस्था देख महापौर हुईं नाराज :** विशेष सदन की बैठक में अव्यवस्था देखकर महापौर सुषमा खर्कवाल ने अपर नगर आयुक्त ललित कुमार से नाराजगी जाहिर की। लापरवाही बरतने वाले कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। असल में त्रिलोकनाथ सभागार में सदन के संचालन के लिए उन्हें गाउन से लेकर पटल पर गदा तक नहीं रखा गया। सदन की कार्यवाही को नोट करने वाला तक मौके पर कोई मौजूद नहीं था।

### यह फैसले भी हुए

- वैज्ञानिक रितु करिधाल (राकेट वूमेन) के नाम से किसी एक सड़क या पार्क का नामकरण होगा
- पिंक ट्यलेट को आधुनिक तरीके से संचालित किया जायेगा
- महापौर, नगर आयुक्त एवं सभी अपर नगर आयुक्तों से लाटरी के माध्यम से एक-एक वार्ड को गोद लेकर सफाई एवं विकास कार्य कराये जायेंगे
- महिलाओं के लिये अलग से पार्किंग व महिला बाजार बनाये जायेंगे
- महिला सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी प्रात: 8:00 बजे से लगाए जायेंगे
- अगले 5 साल तक महिला सदन का आयोजन किये जायेंगे
- अगले 6 महीने में शहर में कही भी कूड़े का ढेर देखने को नही मिलेगा

## मतदाता सूची में अभी भी जुड़ सकता है नाम

**लखनऊ।** चुनाव से पहले कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाये इसके लिए चुनाव आयोग सभी उपाय कर रहा है। आयोग के मुताबिक कोई कोई नया मतदाता बनना चाहता है तो उसको अपने क्षेत्र के बीएलओ के पास जाकर सूची में अपना नाम जुड़वाना होगा। नाम मतदाता सूची में जुड़ने के बाद अपना नाम पोर्टल के माध्यम से आनलाईन भी देखा जा सकेगा। इसके साथ ही आनलाईन वोटर कार्ड भी डाउनलोड कर सकता है। वही किसी मतदाता का नाम गलत हो गया है तो वह बीएलओ को फार्म भरकर सही भी करा सकता है।

## 89 सहायक समीक्षा अधिकारी प्रोन्नत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय में 89 सहायक समीक्षा अधिकारी डीपीसी के बाद समीक्षा अधिकारी पद पर प्रोन्नत हो गए। सचिवालय प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव के रवींद्र नायक ने इन सभी को बधाई दी है। इन प्रोन्नत अधिकारियों में संजेश कुमार, संजय कुमार त्रिपाठी, सुनील कुमार, हेमंत झा, सुमन मालवीय, सरला शुक्ला, रेखा मिश्रा, कांती यादव, नीलम देवी व वीना कुमारी राजपूत प्रमुख हैं। उत्तर प्रदेश सचिवालय कम्प्यूटर सहायक एवं सहायक समीक्षा अधिकारी संघ ने प्रोन्नत अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।

## नायब तहसीलदारों की ज्येष्ठता सूची निर्धारित

**लखनऊ।** राजस्व परिषद ने 31 अक्तूबर 2023 तक मौलिक रूप से नियुक्ति पाने वाले नायब तहसीलदारों की अंतिम ज्येष्ठा सूची को निर्धारित करते हुए इसे जारी कर दिया है। परिषद ने इस पर आई हुई आपत्तियों को निस्तारित करते हुए इसे जारी किया है। परिषद के सचिव एवं आयुक्त एसबीएस रंगाराव ने गुरुवार को इसे जारी किया, इसमें 1248 नाम हैं। लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित किए जाने वाले नायब तहसीलदारों को राजस्व परिषद में तैनाती दी जाती है। ज्येष्ठा सूची के आधार पर ही तहसीलदार के पद पर पदोन्नति होती है। राजस्व परिषद ने उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली में दी गई व्यवस्था के आधार पर मौलिक रूप से नियुक्ति नायब तहसीलदारों की अनंतिम ज्येष्ठता सूची 2023 का प्रकाशन 28 दिसंबर 2023 को जारी करते हुए इस पर 15 दिनों में आपत्तियां मांगी थी। नायब तहसीलदारों द्वारा दी गई आपत्तियों और इसके लिए उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण किया गया है। कुल 133 आपत्तियां निस्तारण के योग्य पाई गईं। इनको निस्तारित करते हुए अंतिम वरिष्ठता सूची का प्रकाशन किया गया है। इस सूची के आधार पर अब इन नायब तहसीलदारों को सेवाओं का लाभ दिया जायेगा।

## बहाली के लिए बिजली अभियंता पहुंचे मंत्री आवास, नहीं मिले



**लखनऊ।** मांगों को लेकर विरोध करने पर बिजली अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया था। उसी निलंबन की बहाली के लिए महिनों से अभियंता मांग कर रहे है। इसी क्रम मे गुरुवार को अभियंता संघ के पदाधिकारी ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मुलाकात करने के लिए उनके आवास पर पहुंचे लेकिन मंत्री जी ने मिलने से इनकार करते हुए शुक्रवार को बैठक करने के लिए बुलाया है। बिजली अभियंता विभिन्न मांगो को लेकर प्रदर्शन किया था जिन्हे निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद निलंबित कर्मचारी बहाली की मांग कर रहे है लेकिन कोई भी सुनवाई नही हो रही है। ऐसे में गुरुवार को मंत्री से मिलने के लिए गये पदाधिकारी से फिर एक बार मंत्री नही मिले। जबकी पदाधिकारियों का कहना है कि मंत्री ने बुलाया है जल्द बैठक कर सभी कर्मचारियों को बहाल किया जायेगा।

## रेरा में नये एजेंट्स को पंजीकरण से पहले लेना होगा प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अब रेरा में नवीन एजेंट्स को पंजीकरण से पूर्व प्रशिक्षण ग्रहण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। यह रेरा में पहले से पंजीकृत एजेंट्स पर भी लागू होगा और उन्हें अगले एक वर्ष की अवधि के अंदर प्रशिक्षण लेकर प्रमाण-पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा। प्रशिक्षण मिलने पर प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों के विषय में एजेंट्स में जागरूकता बढ़ेगी और अनुपालन कराया जा सकेगा जिससे उनकी विश्वसनीयता और घर खरीदारों के प्रति जवाबदेही बनी रहेगी। अभी रेरा में 6700 से ज्यादा पंजीकृत एजेंट हैं।

**6700**
**एजेंट के प्रशिक्षण न लेने पर रद होगा पंजीकरण**

रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी के अनुसार प्रदेश के रियल-एस्टेट सेक्टर के नियमन तथा समग्र विकास में भू-संपदा अभिकताओं (रियल एस्टेट एजेंट्स) की भूमिका एवं योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। उनके योगदान एवं भूमिका को ध्यान मे रखते हुए तथा उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों में और अधिक कुशलता, विश्वानीयता एवं स्थिरता लाए जाने के उद्देश्य से रेरा की ओर से एजेंट्स के लिए प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा है। इसका उद्देश्य रियल एस्टेट एजेंट्स में रेरा अधिनियम के प्राविधानों एवं रेरा नियमावली के प्रति जागरूकता लाना, प्राधिकरण के ढांचे तथा कार्यशैली से अवगत कराना है। इसका प्रभाव यह होगा कि प्राधिकरण की तरफ से समय-समय पर दिए जाने वाले दिशा-निर्देशों के विषय में आवश्यक जागरूकता बढ़ेगी तथा जारी किए गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके अलावा एजेंट्स के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जा सकेगी और रियल एस्टेट सेक्टर में उनकी विश्वसनीयता बढ़ेगी। रियल एस्टेट सेक्टर में एजेंट्स बिना किसी प्रशिक्षण और प्रमाणन के क्रय-विक्रय का कार्य करते हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव पीठ की सुनवाई के दौरान पाया गया है। अब रेरा में नवीन एजेंट्स को पंजीकरण से पूर्व प्रशिक्षण ग्रहण कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा।

## व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं के लिए असीम संभावनाएं

विशेष संवादाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अयोध्या रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिवस पर आत्मनिर्भर एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महिला व्यापारियों की भूमिका विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस अवसर पर व्यापारियों के हितों की रक्षा करने वाली तथा समाज में उत्कृष्ट करने वाली संगठन की 6 महिला पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने विशिष्ट महिला सम्मान से सम्मानित किया।



प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा पिछले 10 वर्षों में व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं की संख्या में 30 गुना की वृद्धि हुई है तथा व्यापार एवं उद्योग के क्षेत्र में महिलाओं के लिए असीमित संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कोविड में महिलाओं की बचत करने की प्रवृत्ति ने ही देश की अर्थव्यवस्था को बचाए रखने एवं मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कहा महिलाओं को अधिक से अधिक व्यापार एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में आना चाहिए। व्यापार में असीमित संभावनाएं हैं। आत्मनिर्भर एवं आधुनिक भारत के निर्माण में महिलाओं के सशक्त भूमिका रहेगी।

## लाभार्थियों को भुगतान न होने पर अफसरों पर कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कमिश्नर ने स्वास्थ्य विभाग की वित्तीय समीक्षा बैठक में कई अधिकारियों ओर बाबुओं को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। उनके वेतन रोकने के आदेश दिए हैं। समीक्षा के दौरान पता चला कि जननी सुरक्षा योजना में 11 हजार 779 लाभार्थियों को अभी भुगतान ही नहीं किया गया है। आशा कार्यकर्त्रियों के भुगतान भी लंबित हैं। इस पर कमिश्नर रोशन जैकब नाराज हुईं। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा संबंधित महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस अवसर पर अपर निदेशक स्वास्थ्य डॉ सुनील भारती, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज अग्रवाल सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बताया गया कि जननी सुरक्षा योजना में मंडल में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में 240950 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है। 62624 लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। लखनऊ में 33824 लाभार्थियों का भुगतान किया गया है 11779 लाभार्थियों का भुगतान लंबित है। कमिश्नर डॉ रौशन जैकब ने कहा कि आशा बहू के लंबित वेतन का भुगतान बिना विलंब किया जाए। जिन अधिकारियों के स्तर से भुगतान प्रकरण लंबित हैं उन अधिकारियों व संबंधित बाबू का वेतन रोके जाने के साथ ही संबंधित को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के कार्य नियमित रूप से कराते रहे, कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहने पाए।

## अकबरनगर के 7 विस्थापितों ने कराया पंजीकरण

लखनऊ। अकबरनगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के विस्थापितों को प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए लगाये गये विशेष पंजीकरण शिविर में गुरुवार को 7 विस्थापितों ने आवास के लिए पंजीकरण कराया। इस दौरान प्राधिकरण के सम्बंधित अधिकारी व कर्मचारी कैम्प में उपस्थित रहे। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि अकबरनगर के विस्थापितों को आवास आवंटित करने के लिए प्राधिकरण की ओर से अकबरनगर पुलिस चौकी के निकट पंजीकरण शिविर आयोजित किया जा रहा है। अब उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में 21 मार्च तक क्षेत्र में तीन विशेष पंजीकरण शिविर स्थापित किये गये हैं।

## डॉ. आकांक्षा शर्मा को मिली ग्रांट



लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की प्राणि विज्ञान विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ आकांक्षा शर्मा को वर्ष 2024 की प्रतिष्ठित वूमेन एक्सीलेंस रिसर्च ग्रांट एसईआरबी की ओर से दी गयी है। यह ग्रांट आईएनएसए (इंडियन नेशनल साइंस एकेडमी) के युवा वैज्ञानिक पदकधारियों को दी जाती है। डॉ शर्मा को वर्ष 2023 में प्रतिष्ठित आईएनएसए युवा वैज्ञानिक पदक भी प्राप्त हुआ है।

## शिव और शक्ति की उपासना का पर्व : भाजपा

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शुभकामना संदेश में कहा कि महाशिवरात्रि पर्व शिव और शक्ति की उपासना का पर्व है। शिवरात्रि पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। लोकमंगल के लिए जीवन और मृत्यु पर विजय के संदेश से महाशिवरात्रि पर्व हमें जीवन के वास्तविक अर्थों से जोड़ता है। महाशिवरात्रि सहित भारत के सभी पर्व राष्ट्रीय एकता तथा संस्कृति के पोषक भी है और संवाहक भी है। महादेव सभी को सुख, शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि एवं ऐश्वर्य के पंचामृत से पूरित करें। लोककल्याण की कामना के साथ महाशिवरात्रि पर्व की अनंत शुभकामनाएं। हर हर हर महादेव।

विशेष खबर | बिल पर अंकित होगा 'नगर निगम द्वारा कुर्क संपत्ति', रजिस्ट्री विभाग को भेजा जायेगा ब्यौरा, भवन निर्माण के लिए नहीं मिल सकेगी एनओसी

# हाउस टैक्स बकाया तो नहीं बेच सकेंगे संपत्ति

आशीष मौर्य

**लखनऊ।** अगर आपका दो वर्ष से हाउस टैक्स बकाया है और इसे आपने जमा नहीं किया है तो आपको परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम आपकी संपत्ति को कुर्क कर लेगा। गृहकर दाता के नाम के साथ 'नगर निगम द्वारा कुर्क संपत्ति' जोड़ दिया जाएगा। कुर्क संपत्ति को खरीद व बेच नहीं सकेंगे। इसकी जानकारी नगर निगम प्रशासन की ओर से रजिस्ट्री विभाग को दे दी जाएगी। इतना ही नहीं, नगर निगम प्रशासन ने फरमान जारी किया है कि ऐसे लोगों के जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाए जाएंगे जिनका गृहकर जमा नहीं है। भवन निर्माण व सरकारी नौकरी के लिए नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं मिलेगा। इस दायरे में शहर के करीब ढाई लाख से अधिक परिवार आ रहे हैं।

नगर निगम के पास जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का अधिकार है। शहरी सीमा में आने वाले लोगों को इन प्रमाण पत्रों को बनवाने के लिए नगर निगम के जोन में संपर्क करना होता है। इसके साथ ही भवन निर्माण के लिए नक्शे, सरकारी, निजी विभाग में नौकरी के लिए नगर निगम से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना जरूरी होता है। अब नगर निगम की ओर से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए शर्त लागू कर दी गई है। जिसके तहत प्रमाण पत्र बनवाने वाले को अपना गृहकर व जलकर जमा कर रशीद की प्रति जमा करनी होगी। जिसके बाद ही प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। एनओसी जारी करने के लिए भी यही शर्त रखी है। अगर आंकड़ों की मानें तो करीब शहर में करीब 3.80 लाख भवन स्वामी ऐसे हैं जो कि अपना गृहकर जमा नहीं करते हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि कई भवन स्वामियों की ओर से गृहकर जमा नहीं किया जा रहा है, कई बार नोटिस दिए जाने का भी कोई असर नहीं है। इसलिए इस तरह की नोटिस जोन की ओर से दी जा रही है। बकाएदारों के परिवारिक सदस्यों का प्रमाण पत्र नहीं बनेगा और एनओसी नहीं दी जाएगी। बता दें कि नगर निगम सीमा में करीब 6.28 लाख भवन हैं। मगर 3.80 लाख भवनों का ही टैक्स जमा हो रहा है। हालांकि नगर निगम की ओर से टैक्स न देने वाले भवन स्वामियों को बिल व नोटिस दी जाती है, लेकिन कोई खास असर नहीं नजर आता है। पहले से टैक्स वसूली में स्थिति सुधार हुआ लेकिन अभी स्थिति चिंताजनक है। चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम प्रशासन ने 556 करोड़ रु की वसूली का लक्ष्य रखा है इसे हासिल करने के लिए निरीक्षकों को प्रतिदिन 50 भवन स्वामियों से संपर्क करने का टारगेट दिया गया है। एक वजह यह भी है कि नए मकान बनवाने वाले लोग कर निर्धारण और म्युटेशन नहीं कराते हैं जिसकी वजह से उनका मकान नगर निगम के अभिलेखों में दर्ज नहीं हो पाता है। ऐसे में नगर निगम को राजस्व संबंधी नुकसान होता है।

● **जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं बनाये जायेंगे**



(कुर्क सम्पत्ति के बिल का नमूना)

(Sample Bill)

LUCKNOW MUNICIPAL CORPORATION (लखनऊ नगर निगम)
HOUSE TAX BILL (गृह कर बिल)

| HOUSE NO (भवन संख्या) 123/XXX | HOUSE ID (भवन आईडी) 9157BXXXXX | ZONE (जोन) ZONE 3 | WARD (वार्ड) ALIGANJ(X) | MOHALLA (मोहल्ला) ALIGANJ SECTOR-A (Y) | |
|---|---|---|---|---|---|
| NAME OF OWNER/OCCUPIER (मकान मालिक का नाम) SRI XYZ KUMAR (नगर निगम द्वारा कुर्क सम्पत्ति) (ATTACHED PROPERTY BY NAGAR NIGAM) FATHER/HUSBAND NAME (पिता/पति का नाम) SRI ABC KUMAR | | | | FINANCIAL YEAR (वित्तीय वर्ष) | 2023-24 |
| | | | | ASSESSMENT DATE (मूल्यांकन तिथि) | 01/04/2022 |
| | | | | ANNUAL VALUE (वार्षिक मूल्य) : 20000.00 | |
| TAX FOR CURRENT YEAR (चालू वर्ष का कर) 3000.00 | | ARREAR (बकाया/शेष) 25000.00 | INTEREST (ब्याज) 20000.00 | TOTAL TAX PAYABLE (कुल देय कर) 48000 | |

"जल्दी गृहकर जमा कराएं, किसी भी समस्या से निजात पाएं"

लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश

कुप्रशासन | प्रदेश को भ्रष्टाचार/कुप्रशासन मुक्त बनाने हेतु जनता से अपील | भ्रष्टाचार

उत्तर प्रदेश राज्य के समस्त लोक सेवक यथा माननीय मंत्रीगण/विधायकगण, नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत के अध्यक्ष व अन्य अधिकारी, जिला पंचायत/क्षेत्र पंचायत तथा अन्य पंचायत के अध्यक्ष/अन्य अधिकारी तथा उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा वित्त पोषित समस्त इकाईयाँ/संस्थान/प्राधिकरण, सोसाइटियों व परिषदों आदि से संबधित भ्रष्टाचार/कदाचार/कुप्रशासन तथा सेवानिवृत्तिक देयकों से संबंधित शिकायतों की जॉच हेतु निम्न पते पर सम्पर्क करें–

पता:– टी0सी0–46/वी–1, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010 अथवा पोस्ट बाक्स नम्बर–172, जी0पी0ओ0, लखनऊ, फैक्स नं0– (0522) 2306647
फोन नं0: (0522) 2306717, 2306160 (पी0बी0 एक्स),
Web site - www.lokayukta.up.nic.in, E-mail :- lokayukta@hotmail.com

सचिव, लोक आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100<br>2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |

मेट्रो

# महाशिवरात्रि पर प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था सख्त

- संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरो तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरो से होगी निगरानी
- 230 कम्पनी पीएसी और तीन कम्पनी एसडीआरएफ और आठ कम्पनी सीएपीएफ लगाई गई



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान शिव की आराधना का महाशिवरात्रि पर्व कल शुक्रवार को मनाया जायेगा ।इसको लेकर यूपी पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए है। यूपी पुलिस ने प्रदेश के सभी कमिश्नरेट और जिले में काँवड़ यात्रा को लेकर कई दिन पूर्व से तैयारी प्रारम्भ करते हुए विभिन्न स्तरों पर गोष्ठियाँ और भ्रमण तथा सम्बन्धित धर्मगुरुओं व अन्य विभागों के साथ समन्वय और संवाद स्थापित करते हुए सुदृढ़ पुलिस प्रबंध किया है।

डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के. गौतम ने बताया कि प्रदेश में महाशिवरात्रि पर्व से सम्बन्धित समस्त काँवड़ मार्गों और शिवालय मन्दिर तथा जल लेने के स्थान नदी और घाट तथा महाशिवरात्रि मेला स्थान को चिन्हित करते तगड़े पुलिस प्रबन्ध किये गए है ।महाशिवरात्रि को लेकर सभी जिलों में त्यौहार रजिस्टर तथा रजिस्टर नं आठ का अध्ययन कर समस्त परम्परागत कार्यक्रमों को सूचीबद्ध कर कार्य - योजना बनाकर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है ।डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के. गौतम ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर सभी जिलों के संवेदनशील स्थान और हॉट - स्पाट्स चिन्हित करते हुए जोन और सेक्टर स्कीम के तहत पुलिस फोर्स का व्यवस्थापन किया गया है ।प्रदेश के सभी महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट व आयोजन स्थलों पर क्यूआरटी टीमों का व्यवस्थापन किया गया है । डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के. गौतम ने बताया कि गोष्ठियों में महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों ने समुचित ब्रीफ किया है ।महाशिवरात्रि के मौके पर साफ - सफाई व विद्युत व्यवस्था और खाद्य सुरक्षा तथा अग्नि सुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित कराने के लिए अन्य विभागों यथा नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग तथा विद्युत विभाग व खाद्य विभाग तथा स्थानीय मजिस्ट्रेट और प्रशासन के साथ समन्वय गोष्ठियां आयोजित करते हुए सभी समस्याओं का निराकरण किया गया ।सभी जिलों और कमिश्नरेट में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर जल अर्पित करने के लिए काँवड़ यात्रा को लेकर सुरक्षा व सदृढ़ यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने की पुलिस ने कार्ययोजना तैयार की है । नदियों और घाटों जहाँ से काँवड़ियाँ और श्रद्धालु जल लेते है व स्नान करते है पर समुचित बैरिकेटिंग और प्रकाश व्यवस्था तथा गोताखोर और गहरे पानी की सुरक्षा पट्टिका तथा पीएसी की फ्लड टुकड़ी जल पुलिस के तगड़े प्रबन्धन किये गए है । डीजीपी के जनसंपर्क अधिकारी आर.के. गौतम ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर होने वाले विभिन्न आयोजनों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पुलिस मुख्यालय से 230 कम्पनी पीएसी बल और तीन कम्पनी एसडीआरएफ और आठ कम्पनी सीएपीएफ को राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में लगाया गया है । कमिश्नरेट वाराणसी और बाराबंकी तथा बागपत जिले में होने वाले वृहद आयोजनों और श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक दो और पुलिस उपाधीक्षक पांच तथा उप निरीक्षक- 85 और महिला उप निरीक्षक-08 और आरक्षी -275 और महिला आरक्षी 50 और निरीक्षक यातायात पांच तथा मुख्य आरक्षी व आरक्षी यातायात छह तथा बीडीडीएस टीम तीन और एण्टी माइन्स टीम और ए.एस. चेक टीम तथा एण्टी०एस० की कमाण्डो टीमों को भी सभी उपकरणों सहित लगाया गया है ।इसके अलावा महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सादे वस्त्रों में भी महिला व पुलिस कर्मियों की टीमें बाडी वार्न कैमरे और वाइना कूलर तथा ड्रैगन लाइट और एचएचएमडी और वायरलेस स्टेटिक हैण्ड हेल्ड सेट तथा लाउड हेलर के साथ लगाया गया है ।प्रमुख आयोजन स्थलों और जल लेने के प्रमुख स्थानों तथा जल चढ़ाने के शिवालय और मन्दिरों के आस - पास तथा संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन कैमरे तथा हाई रिजोल्यूशन सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जाएगी ।इसके अतिरिक्त यूपी 0112 के 4,800 दोपहिया और चारपहिया पीआरवी वाहनों को लगाया गया है ।यह वाहन सघन पेट्रोलिंग करेंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों में दंगा निरोधक योजना का पूर्वाभ्यास कराके क्यूआरटी टीमों को दंगा नियंत्रण उपकरणों , लाठी , हेलमेट , बाडी प्रोटेक्टर , केन शील्ड , टियर गैस गन , एण्टी रायट गन , वाटर कैनन व वज्र वाहन के साथ सभी प्रमुख स्थलों व चिन्हित हॉट - स्पाट्स और स्ट्रेटजिक प्वाइन्ट्स पर लगाया गया है ।इन टीमो द्वारा राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में निरंतर फ्लैग मार्च तथा रूट मार्च किया जा रहा है । अभिसूचना तंत्र तथा सोशल मीडिया सेल को सक्रिय कर अफवाहों नजर रखने के निर्देश दिए है। महाशिवरात्रि पर्व की व्यवस्था की मानीटरिंग के लिए पुलिस मुख्यालय के कण्ट्रोल रूम पर शिफ्टवार राजपत्रित अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## सीबीआई ने रिश्वत लेने के मामले में बैंक के फील्ड अफसर समेत दो को दबोचा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीबीआई ने 18 हजार की रिश्वत लेने के मामले में बैंक फील्ड अधिकारी ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

सीबीआई ने एक शिकायत के आधार पर उक्त फील्ड ऑफिसर, ग्रामीण बैंक ऑफ आर्यावर्त, पाली रजापुर शाखा, जिला-अलीगढ़ के विरुद्ध मामला दर्ज किया, जिसमे शिकायतकर्ता एवं उसके पिता से अनुचित लाभ की मांग का आरोप है। यह आरोप है कि शिकायतकर्ता के पिता के पुराने केसीसी ऋण खाते की बकाया राशि का निपटान करने हेतु आरोपी द्वारा उक्त मांग की गई थी। उक्त केसीसी ऋण खाते को गैर निष्पादित संपत्ति( सीबीआई ) घोषित कर दिया गया था एवं कथित तौर पर बैंक ने उक्त खाते में 10,03,232/- रु. (लगभग) की बकाया राशि की गलत गणना की थी। आगे यह भी आरोप है कि उक्त फील्ड ऑफिसर ने उपरोक्त केसीसी ऋण राशि के बकाए का निपटान करने के उद्देश्य से, शिकायतकर्ता के पिता के नाम पर दो नए केसीसी ऋण खाते खोले एवं पुराने केसीसी ऋण खाते में 8 लाख रु. तथा 1.5 लाख रु. हस्तांतरित किए। आरोपी फील्ड ऑफिसर ने कथित लाभ देने हेतु शिकायतकर्ता से 20,000/- रु. की रिश्वत की मांग की। इसके पश्चात, आरोपी ने रिश्वत की मांग घटाकर 18,000/- रु. कर दी। सीबीआई ने जाल बिछाया एवं ट्रैप की कार्यवाही के दौरान, आरोपी फील्ड ऑफिसर ने शिकायतकर्ता को रिश्वत राशि, बैंक शाखा में संलग्न दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी को सौंपने का निर्देश दिया, जिसने 18000/- रु. की रिश्वत राशि स्वीकार की। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। हाथरस स्थित दोनों आरोपी व्यक्तियों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली गई। गिरफ्तार आरोपियों को सीबीआई मामलो के विशेष न्यायाधीश, गाजियाबाद की अदालत में पेश किया जाएगा।

## डीजीपी से मिले एसएसबी के डीजी दलजीत चौधरी, दी शुभकामनाएं



लखनऊ। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक एसएसबी दलजीत चौधरी से शिष्टाचार भेंट की। दोनों की मुलाकात पुलिस मुख्यालय लखनऊ में हुई। इस मौके पर पुलिस महानिदेशक एसएसबी दलजीत सिंह चौधरी ने डीजीपी प्रशांत कुमार को शुभकामनाएं दी तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया ।इस मुलाकात के दौरान उत्तर प्रदेश पुलिस और एसएसबी के मध्य समन्वय बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के इण्डो नेपाल बार्डर पर अचूक सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रभावी गश्त और चेकिंग एवं पेट्रोलिंग को लेकर सम्मिलित प्रयास की रणनीति तथा आगामी लोक सभा चुनाव एवं सामरिक महत्व के मुद्दों को लेकर दोनो अफसरों ने चर्चा की।

## डीजीपी से मिले चीफ पोस्टमास्टर

लखनऊ। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने चीफ पोस्ट मास्टर जीपीओ लखनऊ से गुरुवार को शिष्टाचार भेंट की।आज गुरुवार को जीपीओ के पोस्टमास्टर सुशील कुमार तिवारी पुलिस मुख्यालय पहुंच कर डीजीपी प्रशांत कुमार से मिले। इस मौके पर चीफ पोस्ट मास्टर जीपीओ सुशील कुमार तिवारी ने डीजीपी को श्रीराम जन्म भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर जारी डाक टिकट का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हे बधाई दी गई।

## प्रधान न्यायाधीश के चालक ने दर्ज कराया मुकदमा

**लखनऊ।** जालौन में उरई स्थित पारिवारिक न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के चालक ने टक्कर मारने पर मुकदमा दर्ज कराया है। चालक राहुल कुमार उपाध्याय के अनुसार उच्च न्यायालय से वापस लौटते समय बुधवार रात सरोजनीनगर के दरोगा खेड़ा में जेएस ट्रेंनिंग कंपनी के पास गाड़ी खड़ी करके उसकी पार्किंग लाइट जलाकर वह और पीठासीन अधिकारी चाय पी रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार में आ रही कार ( यूपी 32 एनएम 6152 ) के चालक ने उनकी खड़ी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पीठासीन अधिकारी बाल बाल बच गए। आरोप है कि कार से टक्कर मारने वाला उसका चालक काफी तेज गति में होने के साथ ही नशे में भी था। फिलहाल इस मामले में राहुल की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, दर्दनाक मौत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बीकेटी स्थित अस्ती रेलवे क्रॉसिंग के पास गुरुवार को तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। जिसके बाद चालक ने सड़क पर गिरी महिला को रौंदता हुआ भाग निकला। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश कर रही है। अस्ती गांव निवासी बैजनाथ लोधी के परिवार में नौ मार्च को तिलक समारोह है। गुरुवार दोपहर बैजनाथ पत्नी बिटान (41) के साथ गुरुवार बाइक से बाजार बच्चों के लिए कपड़े खरीदकर घर लौट रहे थे। बैजनाथ लोधी के मुताबिक दोपहर में अस्ती रोड कट के पास ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का सिग्नल मिलने पर अस्ती रोड क्रॉसिंग की तरफ बढ़े थे, तभी सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़े। टक्कर मार ट्रक चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए बिटान को रौंदता हुआ गुजर गया। बिटान की मौके पर ही मौत हो गई। बैजनाथ को मामूली चोटें आई। हादसे को अंजाम देने के बाद चालक ने काफी दूर जाकर इंदौराबाग मोड़ के पास ट्रक को सड़क किनारे खड़ा करके भाग निकला। इंस्पेक्टर बीकेटी राणा राजेश सिंह के मुताबिक ट्रक कब्जे में लेकर नंबर के आधार पर चालक को खोजा जा रहा है।

**ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से कार चालक घायल:** ईट-भट्ठा ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। माल भरावन रोड पर बुधवार रात केड़ोरा गांव के पास मारूति कार व ट्रैक्टर ट्राली में जबरदस्त टक्कर हो गयीं। जिसमें ससपन गाव निवासी राघवेन्द्र द्विवेदी घायल हो गये। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रपाठी ने बताया कि घायल को अस्पताल भेजा गया है। ट्राली को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है।

**चार दिन से लापता युवक का शव नहर में उतराता मिला:** चार दिन से लापता युवक का शव गुरूवार को नहर में उतराता मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। जिसकी सूचना राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार वर्मा के मुताबिक ऋषभ सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी नई काशीराम कॉलोनी हंसखेड़ा का शव मुन्नू खेड़ा स्थित शारदा नहर में उतराता मिला। मृतक ऋषभ सिंह बीते रविवार को माँ से झगड़ा करके घर से निकला था। जिसने आत्महत्या की धमकी दी थी। परिजनों ने सोमवार को उसकी गुमशुदगी दर्ज करायी गई। गुरुवार की सुबह राहगीर ने युवक का शव नहर में उतरता देखा। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत, हत्या का आरोप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** काकोरी थाना क्षेत्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी ।उसका शव जमीन पर पड़ा मिला। मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वहीं मृतका के परिजनों ने दहेज की मांग को लेकर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

नगराम के समेसी निवासी जितेंद्र के मुताबिक बहन राधा (24) की शादी तीन वर्ष पहले काकोरी हाता गुलाम सफदर के मजदूर रंजीत से की थी। शादी के कुछ समय बाद से रंजीत और उसका भाई शिवा, मां राम जानकी, मौसी भदरुल अक्सर एक लाख रुपये, बाइक और सोने की चेन मांगते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर राधा को प्रताड़ित करते थे। गुरुवार तड़के राधा के ससुरालवालों ने बताया कि राधा ने फांसी लगा ली है। आनन-फानन में वह पहुंचे तो राधा का शव जमीन पर पड़ा था। जितेन्द्र ने आरोप लगाया कि राधा की पिटाई के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई है। इंस्पेक्टर काकोरी नबाब अहमद ने बताया कि जितेंद्र की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चारों आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**बेटी को सुलाने गयी थी:** पति रंजित के अनुसार राधा बुधवार रात सात माह की बेटी अनुष्का को कमरे में सुलाने की बात कहते हुए पहली मंजिल पर बने कमरे में गयी थी। देर रात बेटी के रोने की आवाज सुनकर राधा को आवाज दी। कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर खिड़की से झांककर देखा तो राधा कमरे में फंदे से लटकी थी। जिस पर पुलिस को सूचना देकर दरवाजा तोड़कर राधा को फंदे से उतारा तो उसकी मौत हो चुकी थी।

**पैदल जा रहे कांवरिये की संदिग्ध मौत:** सरोजनीनगर में बुधवार रात पैदल जा रहा एक काँवरिया अचानक गश खाकर गिर गया। उसे इलाज के लिए लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक कानपुर नगर के साँढ़ थाना क्षेत्र में रहने वाला कमलेश कुमार (49) बुधवार रात पैदल ही कांवर लेकर जा रहा था। तभी सरोजनीनगर में एयरपोर्ट रनवे के पास कानपुर रोड पर वह अचानक गश खाकर जमीन पर गिर गया। बाद में पुलिस की मदद से उसे आनन फानन लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**वैन सवार लोगों युवक को मरणासन्न कर बाग में फेंका:** वैन में टक्कर लगने से गुस्साये लोगों ने सफारी कार सवार युवक को पीट कर मरणासन्न कर बाग में फेंक कर फरार हो गये। मोहनलालगंज के बिन्दौवा गांव के रहने वाले रविन्द्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को गांव के ही कल्लू के साथ अपनी सफारी कार से निगोहां के नयाखेड़ा में एक शादी समारोह में गया हुआ था। वापसी के दौरान इनकी कार पीछे खड़ी वैन से टकरा गयी। जिसके बाद वैन में बैठे लोगों ने रविन्द्र को गाड़ी से उतार कर पीटा। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच बचाव किया लेकिन वह लोग उसे पीटते हुए पास की एक बाग में फेंक कर भाग निकले।

# प्रशासनिक अधिकारी के घर से 60 लाख के जेवरात चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में स्थित गन्ना संस्थान के इक्षुपुरी कॉलोनी में चोरों ने प्रशासनिक अधिकारी के सरकारी आवास में घुस घर की करीब 60 लाख कीमत के जेवरात सहित एक लाख रुपये नगदी चोरी करके फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गन्ना संस्थान में प्रशासनिक अधिकारी पद पर कार्यरत सरोज कुमार सिंह संस्थान के ही कैम्पस में बने इक्षुपुरी कॉलोनी में अपने पत्नी संग रहते है। जबकी उनकी पत्नी होमियोपैथ डॉक्टर है। अधिकारी के मुताबिक उनका ट्रांसफर नवम्बर माह में असम में हो गया है और वह वर्तमान में आसाम में ही रहते है। जबकी उनकी पत्नी अकेले ही आवास में रहती है। बीती 21 फरवरी को उनकी पत्नी लखनऊ से दिल्ली और फिर आसाम आ गयी थी। बीती पांच मार्च की शाम उन्हें संस्थान के ही कर्मचारी दीपचन्द्र ने मकान का दरवाजा खुला होने की जानकारी दी। जिस पर अर्जुनगंज निवासी अपने भाई विनोद कुमार सिंह को मौके पर भेजा था। जिसने मौके पर जाकर देखा कि आगे मेन गेट का ताला सहित कुंडा उखड़ा पड़ा था। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। जब वह घर के अन्दर गया तो देखा कि मुख्य कमरे में लोहे और लकड़ी की अलमारी खुली पड़ी है। जिसका लाकर खुला पड़ा है। जिसके बाद आलमबाग थाने मे मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रशासनिक अधिकारी के मुताबिक चोरों ने उनके घर से करीब 60 लाख कीमत के जेवरात समेत एक लाख रुपए की नगदी चोरी की है। इंस्पेक्टर आलमबाग शिवशंकर महादेवन ने बताया कि चोरी की सूचना पर डॉग स्क्वायड एवं फोरेंसिक टीम को बुलाया गया था। घर के हर कोने से चोरों के पदचिन्ह एवं फिंगर प्रिन्ट के नमूने एकत्र कर जाँच के लिए भेजा गया है। आसपास लगे कैमरों को खंगाला जा रहा है। अभी तक चोरी हुए सामानों की सूची नहीं दी गयी है।

**फार्मा कंपनी सेल्स मैनेजर ने पौने दो लाख हड़पे:** सरोजनीनगर कोतवाली में दवा व्यापारी ने फार्मा कम्पनी के सेल्स मैनेजर पर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी ने व्यापारी से रुपये लेने के बाद कम्पनी में जमा नहीं किए थे। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सोलोमैन फर्म संचालक कुनाल कृष्ण रस्तोगी के दवा का व्यापार करते हैं। उनके पास लार्क कम्पनी की डिस्ट्रीब्यूटरशिप है। कुनाल के मुताबिक कम्पनी की तरफ से सेल्स मैनेजर राज कुमार श्रीवास्तव आता था। उसे आर्डर लेने के साथ वसूली को भी भेजा जाता था। आरोपी ने सीतापुर स्थित नूर मेडिकल से करीब एक लाख 76 हजार रुपये लेने के बाद जमा नहीं किए थे। नूर मेडिकल की तरफ से शिकायत पर गड़बड़ी का पता चला। राज कुमार से पूछताछ पर वह टाल मटोल करता रहा। परेशान होकर पीड़ित ने मुकदमा दर्ज कराया है।

**मकान बेचने का झांसा देकर हड़पे रुपये:** इन्दिरानगर कोतवाली में ऊषा वर्मा ने महिला समेत तीन लोगों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है। प्रयागराज अल्लापुर निवासी ऊषा के मुताबिक खुर्रमनगर में उन्होंने एक हजार वर्ग फीट का प्लॉट देखा था। चिनहट निवासी अनिल साधवानी के जरिए खुर्रमनगर निवासी कमला बौठिलया से सौदा 11 लाख में तय हुआ था। ऊषा के मुताबिक एक लाख रुपये नगद दिए गए थे। रजिस्ट्री के वक्त कमला को दो चेक दिए गए। एक में कमला ने नाम लिखने से मना किया था। ऊषा के मुताबिक कमला ने रकम भरी चेक में परिचित विवेक का नाम भर कर खाते में लगा दिया। इससे ऊषा के अकाउंट से रुपये कट गए। मगर कुछ वक्त बाद दाखिल खारिज की अर्जी देने पर कमला ने आपत्ति दर्ज कराते हुए पांच लाख रुपये बाकी होने की बात कही। इस पर ऊषा को फजीवाड़े का पता चला। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर सुनील सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**सीबीआई अधिकारी बन बुजुर्ग को ठगा:** कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में सीबीआई अधिकारी बन कर बुजुर्ग को जेल भेजने का भय दिखा कर रुपये ठग लिये गये। प्रभारी निरीक्षक कैलाश दूबे ने बताया कि आशुतोष नगर में रिटायर्ड बुजुर्ग नीरज पंत अकेले ही रहते है। बुजुर्ग के अनुसार बीते 5 मार्च को उनके फोन पर काल आया था। जिसने अपने को मुंबई में तैनात सीबीआई अधिकारी बताते हुये धमकी दी कि अगर नरेश गोयल के केस में आप जुड़े है। यह बात किसी को बताने पर दो साल की जेल हो जायेगी और पांच लाख रुपये का जुमार्ना भरना पड़ेगा। अगर बचना है तो ग्यारह लाख तेईस हजार आठ सौ इक्सट रुपए मेरे खाता में ट्रान्सफर कर दें। जिस पर उसने घबराकर उसके खाते में रूपये भेज दिये। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

**छात्रा की मौत पर पिता ने दर्ज कराया मुकदमा:** गुड़ंबा कोतवाली में पिता ने बेटी के ब्वायफ्रेंड प्रशांत सिंह के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। बाराबंकी निवासी छात्रा जानकीपुरम सेक्टर-एच में किराए पर रहती थी। एएनएम कोर्स के दौरान छात्रा की पहचान सीतापुर झरेखापुर निवासी प्रशांत सिंह से हुई थी। दोनों के बीच फोन पर बात होती थी।

## क्रिप्टो करेंसी में निवेश का झांसा देकर 46 लाख हड़पे

लखनऊ। गोमतीनगर विस्तार कोतवाली में सेंजी पॉवर के निदेशक आशीष कुमार सिंह समेत 14 लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। जौनपुर निवासी ज्ञानशंकर मौजूदा वक्त में महाराष्ट्र में रहते हैं। वर्ष 2023 में सेंजीपॉवर के बारे में पता चला, जिसका संचालन आशीष सिंह करता है। मुलाकात के दौरान आशीष ने बताया कि उनकी फर्म क्रिप्टो करेंसी के साथ डॉलर में निवेश करती है। इन दोनों मुद्राओं की कीमत तेजी से बढ़ रही है। इसके चलते एक साल में ही कई गुना मुनाफा कमाया जा सकता है। भरोसा हासिल करने के लिए आरोपी ने कई कागज भी दिखाए थे। आशीष की लुभावनी स्कीम में फंसकर ज्ञानशंकर के साथ रमेश पुजारी, दिनेश मौर्य और ज्योति यादव ने करीब 46 लाख 50 हजार रुपये निवेश किया था। दावा था कि एक साल बाद एक करोड़ रुपये मिलेंगे। पीड़ित के मुताबिक कुछ वक्त बीतने के बाद आरोपियों ने वेबसाइट का नाम बदल दिया। शक होने पर ज्ञानशंकर ने आशीष सिंह के दफ्तर पहुंच कर पूछताछ करनी चाहिए तो उन्हें धमकाया गया। आशीष के साथ कम्पनी में मैनेजर अंजली पटेल, हेड ब्रांड एंबेसडर संजय चतुवेर्दी, फाउंडर मेंबर देवेंद्र सिंह, एमडी तिलक वर्मा समेत करीब 14 लोग थे। पीड़ित के मुताबिक आशीष सिंह करीब दो सौ करोड़ रुपये की धोखाधड़ी कर चुका है। उसने अलग-अलग नाम से छह वेबसाइट बना रखी हैं। इसके जरिए निवेशकों को फंसाया जाता है। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि ज्ञानशंकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## ट्रिपल मर्डर के आरोपी की संपत्ती कुर्क

**लखनऊ।** मलिहाबाद ट्रिपल मर्डर के आरोपी हिस्ट्रीशीटर लल्लन खान के खिलाफ पुलिस ने गुरुवार को सख्त कानूनी कार्यवाही की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सिराज अहमद खां उर्फ लल्लन पुत्र स्व. खलील अहमद निवासी मोहम्मदनगर मलिहाबाद, हालपता दुबग्गा कानपुर बाईपास ठाकुरगंज के अपराध के माध्यम से अर्जित सम्पत्ति, जिसकी कीमत करीब 10,87,95,000/-(दस करोड़ सत्तासी लाख पन्चानवे हजार रुपए) व वर्तमान बाजारू कीमत करीब 28,97,00,000/- (अट्ठाइस करोड़ सत्तानवे लाख रुपए) को उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम 1986 की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया गया है।

## सेवानिवृत्त बैंक अफसर ने छात्रा को छेड़ा

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी में सिटी बस में सफर कर रही छात्रा से सेवानिवत बैंक कर्मी ने छेड़छाड़ की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। केरला निवासी छात्रा निजी संस्थान से मास कम्यूनिकेशन की पढ़ाई कर रही है। पीजीआई में वह किराए पर रहती है। जहां से नोट लेने मंगलवार को वह कमता तिराहे से सिटी बस में साउथ सिटी आ रही थी। बस में बैठने के कुछ देर बाद वृद्ध आकर सीट पर बैठ गया। उसने छात्रा से गलत हरकत शुरू कर दी। काफी देर तक पीड़िता वृद्ध की हरकतों को नजरअंदाज करती रही।


**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-06.03.2024

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि0ख0 मोतिगरपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 07.03.2024 से दिनांक 12.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 12.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | राजेश मिश्रा के घर से पराना के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य। | 6,93,800 रुपये। | जिगजैग ईंट, सीमेंट, मोरंग व अन्य निर्माण सामग्री। |

**नोट- सभी नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।**

**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जुगनूपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

पत्रांक मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2023-24/ दिनांक-07/03/2024

अल्पकालीन निविदा

राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 13.03.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा | इंटरलाकिंग टायल्स | बालू | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | गिधारीपुरवा डामर रोड से सोहन के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | 10283 नग | 62.35 घन मी. | 19425 नग | 31.18 घन मी. | 199 बैग | 7.07 घन मी. |

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में 08.03.2024 से 13.03.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत जुगनूपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 08.03.2024 से दिनांक 13.03.2024 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत जुगनूपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.03.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**सहाबुद्दीन** — ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत जुगनूपुर, विकास खण्ड धौरहरा
**पुष्पारानी** — ग्रा.पं.वि. अधिकारी, ग्राम पंचायत जुगनूपुर, विकास खण्ड धौरहरा

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई—आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।, **एडमिन यूनिट/जोनः—** लखनऊ — पू०उ०रे०—मण्डल—वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं०/ लॉट सं०:—** LJN-OOH-03-24, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः—** 27—02—2024 समय 13:28 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):—** 13.03.2024 समय 13:00 बजे, **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः—** 13.03.2024 समय 13:30 बजे, **नीलामी का प्रकारः—** Close Ended, वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। E-Auction Module of www.ireps.gov.in

**वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक**
मुजाधि/वाणिज्य—289 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**लखनऊ नगर निगम, लखनऊ**
लालबाग, टी0एन0रोड, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
टेली-फैक्सः 0522-2622440, ई-मेल- nnlko@up.nic.in

पत्र सं.: 386/मु.अ./23—24 **अति-अल्पकालिक निविदा सूचना** दिनांक : 04.03.2024

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु दिनांक 12.03.2024 को मोहरबन्द अति—अल्पकालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 11.03.2024 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता एवं वरिष्ठ वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय के कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 12.03.2024 को अपरान्ह 4 बजे बाबू राज कुमार श्रीवास्तव नवीन समिति कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू. में | धरोहर धनराशि रू. में | कार्यपूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18 प्रतिशत जी.एस.टी. | कुल निविदा मुल्य जी0 एस0टी0 सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | चौक वार्ड के अन्तर्गत नाईबाड़ा में पार्क के चारो ओर इण्टरलॉकिंग सड़क का सुधार कार्य। | 329795 | 32980 | 1 माह | 330 | 59 | 389 |
| 2. | चौक वार्ड के अन्तर्गत आनन्दी माता मंदिर एवं घड़ियाली गली में सीसी द्वारा सड़क का कार्य। | 702630 | 70263 | 2 माह | 703 | 126 | 829 |
| 3. | कन्हैया माधौपुर प्रथम वार्ड में आजाद नगर में एम0जी0 लॉन तक नाली व सड़क का कार्य। | 819955 | 81996 | 2 माह | 820 | 148 | 968 |
| 4. | कन्हैया माधौपुर प्रथम वार्ड में वंशी बिहार में अईश्वरी भवन से पानी की टंकी तक नाली व सड़क का कार्य। | 833855 | 83386 | 2 माह | 834 | 150 | 984 |
| 5. | कन्हैया माधौपुर द्वितीय वार्ड में फरीदीपुर में रामकुमार के घर से पारस नाथ शुक्ला के घर तक नाली व इण्टरलॉकिंग का कार्य। | 808002 | 80800 | 2 माह | 808 | 145 | 953 |

शर्तें :— निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। शासनादेश संख्या—6738/23—7—06—176(सा0)/06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 तक प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी/परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी। शासनादेश संख्या—962/नौ—9—2017/81ज/17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी। आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890/नौ—5—19—149सा0/2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा। कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य सन्तोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# शुभ युति व सर्वार्थ सिद्धियोग में महाशिवरात्रि आज, तैयारी पूरी

## सत्संग, श्रृंगार, रुद्राभिषेक होगा तो कहीं शोभायात्रा, शिव बारात व शिव पार्वती का विवाह, ठंडाई बंटेगी व लाइव आरती होगी




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भगवान शिव और माता पार्वती के पूजन का महापर्व महाशिवरात्रि आठ मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि पर इस बार सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दुर्लभ योग में भगवान भोलेनाथ की पूजा करने से उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि फाल्गुन माह के कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस बार फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि आठ मार्च को रात 9.57 बजे शुरू होगी और अगले दिन नौ मार्च को शाम 6.17 बजे समाप्त होगी। महाशिवरात्रि पर इस प्रकार के योग संयोग व ग्रह स्थिति 300 साल में एक या दो बार ही बनती है। उन्होंने बताया इस बार ग्रहों की शुभ युति और शिवयोग के सर्वार्थ सिद्धि योग में महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। हाथी बाबा मंदिर के पंडित आनंद दुबे ने बताया कि महाशिवरात्रि पर सर्वार्थ सिद्धि योग धन लाभ और कार्य सिद्धि के लिए शुभ माना जाता है।

पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि महा शिवरात्रि का समय स्वयं सिद्ध माना गया है। किसी शुभ कार्य को प्रारम्भ करने के लिये यह अति उत्तम समय होता है। इसमें किये गये जप-पूजन आदि का अनंत गुना फल मिलता है।

**कल्याणगिरी मंदिर से निकलेगी शिव बारात:** ठाकुरगंज स्थित श्री कल्याणगिरी मंदिर से दोपहर शिव बारात निकलेगी। अनुराग पांडेय ने बताया कि भव्य श्री शिव बारात कल्याणगिरी मंदिर से बालागंज चौराहा श्री कोनेश्वर व चौक चौराहे से होते हुए मंदिर परिसर में लौटेगी। बारात में रथ, बैंड बाजे, डीजे शामिल होंगे। बारात में भोलेनाथ अपने गण भूतों के साथ चलेंगे।

**द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में शाम को लगेगा 56 भोग:** सदर स्थित द्वादश ज्योतिर्लिंग मंदिर में गुरुवार रात दो बजे से 12 ज्योतिर्लिंगों का महा रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर के राजेश अग्रवाल ने बताया कि सुबह छह बजे से दर्शन शुरू होगा। रात में भोलेबाबा को 56 व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। बाबा का श्रृंगार, महाआरती और भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।

**नागेश्वर मंदिर में सुबह पांच बजे से होंगे दर्शन:** मशकगंज स्थित श्री नागेश्वर महादेव मंदिर के पट शुक्रवार सुबह पांच बजे खुलेंगे। आरती सुबह 8 बजे और रात 9 बजे होगी। मंदिर को बिजली की झालरों और फूलों से सजाया गया है। पुजारी उत्तम मिश्रा ने बताया कि भक्तों को ठंडाई का प्रसाद वितरित किया जाएगा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में आठ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

**सिद्धनाथ मंदिर में तीन प्रहार होगी पूजा:** रकाबगंज के प्राचीन सिद्धनाथ मंदिर में तीन प्रहर की पूजा होगी। 51 लीटर दूध से बाबा का अभिषेक होगा। आचार्य दीपेंद्र कुमार शास्त्री ने बताया कि पहली पूजा सुबह पांच बजे, दूसरी दोपहर दो बजे और तीसरे प्रहर का पूजन रात 11 बजे किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक मनोज अग्रवाल ने बताया कि मंदिर में सुबह पांच बजे से रात 12 तक दर्शन होंगे। सुरक्षा को देखते हुए छह सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके साथ ही तिलक नगर स्थित श्री गौरी शंकर मंदिर में शिवशंभू का बिठूर धाम से लागए गए गंगाजल से अभिषेक होगा। शाम को भव्य श्रृंगार, महाआरती, भोग और प्रसाद वितरण किया जाएगा। निरालानगर स्थित रामकृष्ण मठ में शुक्रवार रात से सुबह तक महाशिवरात्रि का पूजन होगा। कुर्सी रोड स्थित दशौली स्थित कल्याणेश्वर महादेव मंदिर में रुद्राभिषेक व भंडार, चिनहट बाजार स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में दर्शन पूजन और भजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## रंगबिरंगी लाइटों से सजे शहर के शिवालय



**लखनऊ।** देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के पूजन के महापर्व महाशिवरात्रि को शिव मंदिरों और शिवालयों को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर रंगीन बिजली की झलरों से जगमग हैं। वहीं परिसर और द्वार को फूलों की लड़ियों से सजाया गया हैं। भक्तों को सुगमता से दर्शन और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किये गए हैं। मंदिरों में गुरुवार मध्य रात ही भोलेबाबा का कहीं दूल्हे के रूप में तो कहीं महाकाल के रूप में भव्य श्रृंगार किया गया है। शहर के बड़े शिवमंदिरों में शुक्रवार भोर से ही पूजा अर्चना के अलावा रुद्राभिषेक, दुग्धाभिषेक, जलाभिषेक शुरू हो जाएगा। बाबा की आरती व भस्म आरती होगी। वहीं कई जगह बाबा की भव्य बारात भी निकाली जाएगी।

**151 लीटर दूध से होगा दुग्धाभिषेक:** डालीगंज स्थित श्री मनकामेश्वर मंदिर में गुरुवार मध्य रात्रि बाबा के श्रृंगार के बाद शुक्रवार सुबह तीन बजे आरती होगी। पौने चार बजे मंदिर के कपाट भक्तों के लिए खुल जाएंगे। मुख्य संविका उपमा पांडेय ने बताया कि बाबा का 151 लीटर दूध से दुग्धाभिषेक होगा। इसी दूध से खीर बनेगी। जो प्रसाद के रूप में वितरित की जाएगी। वहीं रात 12 बजे तक मंदिर में भक्त दर्शन कर सकेंगे।

**मोहनलालगंज में आज भ्रमण करेंगे शिव-गौरा:** मोहनलालगंज के शिव मंदिरों में गुरुवार से ही भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। कस्बे के सबसे प्राचीन काशेश्वर महोदव मंदिर से महाशिवरात्रि पर भगवान शिव -माता गौरा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। सुबह दस बजे यात्रा निकलेगी। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र पांडेय ने बताया कि कालेबीर बाबा मंदिर परिसर में बने महादेव मंदिर में भण्डारे का आयोजन किया गया है।

**बुद्धेश्वर मंदिर में फल व फूल से होगा श्रृंगार:** मोहान रोड़ स्थित बुद्धेश्वर मंदिर में गुरुवार मध्य रात भोलेनाथ का श्रृंगार कर मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए। शुक्रवार की सुबह चार बजे आरती के बाद भक्तों को दर्शन के लिए मंदिर के कपाट खोले जाएंगे। भोलेनाथ का फलों एवं फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया है। बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि पुलिस के अलवा भक्तों की सुविधा के लिए स्वयं सेवक तैनात किए गए हैं।



## प्रदोष व्रत आज, होगी शिवजी की पूजा



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर महीने की त्रयोदशी तिथि को प्रदोष व्रत होता है। यह दिन देवों के देव महादेव को समर्पित है। प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने का विधान है। साथ ही व्रत किया जाता है। मान्यता के अनुसार, ऐसा करने से साधक की लंबी आयु होती है और जीवन में खुशियों का आगमन होता है। हर महीने में 2 प्रदोष व्रत होते हैं। आइए जानते हैं मार्च 2024 में प्रदोष व्रत कब-कब रखा जाएगा।

**मार्च माह का पहला प्रदोष व्रत:** फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि 08 मार्च को है। पंचांग के अनुसार, त्रयोदशी तिथि की शुरूआत 08 मार्च की मध्यरात्रि को 01 बजकर 19 मिनट से होगी और 08 मार्च को रात 09 बजकर 57 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में 08 मार्च को प्रदोष व्रत किया जाएगा।

**मार्च माह का दूसरा प्रदोष व्रत:** प्रदोष व्रत के दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना संध्याकाल में करने का विधान है। पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि का प्रारंभ 22 मार्च को सुबह 04 बजकर 44 मिनट से होगा और इसके अगले दिन यानी 23 मार्च को सुबह 07 बजकर 17 मिनट पर तिथि का समापन होगा। ऐसे में 22 मार्च को प्रदोष व्रत किया जाएगा।

**प्रदोष व्रत की पूजा विधि:** प्रदोष व्रत के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करने के बाद साफ वस्त्र धारण करें। मंदिर की साफ-सफाई करने के बाद एक दीप प्रज्वलित करें। प्रदोष व्रत की पूजा प्रदोष काल यानी गोधूलि बेला में करने का विधान है। ऐसे में इस दौरान भगवान भोलेनाथ का गंगा जल से अभिषेक करें। अब महादेव को धतूरा, शमी के फूल और बिल्वपत्र समेत आदि चीजें अर्पित करें। अब आरती करें और शिव चालीसा का पाठ करें। इसके पश्चात भगवान को विशेष चीजों का भोग लगाएं। अंत में लोगों में प्रसाद का वितरण करें।

## तिलकनगर में बाबा श्याम की छवि का हुआ भव्य स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल की ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 8 मार्च शुक्रवार से शुरू होने वाले तीन दिवसीय 41वां श्री श्याम निशानोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में है। हजारों भक्तों को बाबा श्याम का दिव्य एवं सर्व सुलभ दर्शन करवाने के लिए देर रात तक व्यवस्था पूर्ण कर ली गई। इसी क्रम में गुरुवार को बाबा श्याम की छवि (शीश) दिल्ली से लक्ष्मणनगरी चारबाग स्टेशन पहुंची। जहां शीश के दानी की छवि के भव्य स्वागत के लिए सैकड़ों संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि चारबाग से श्याम छवि को ऐशबाग तक कार से लाया जाएगा। ऐशबाग से श्याम प्रेमी श्रवण अग्रवाल अपने सिर पर बाबा श्याम का शीश रखकर हारे के सहारे की जय हो, कलयुग के अवतारी की जय हो जयकारे के बीच, ढोल नगाड़ों की धुनों पर नाचते गाते, रंग गुलाल उड़ाते और पुष्प वर्षा करते हुए सैकड़ों महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे मंडल कार्यालय ऐशबाग स्थित पुरानी सरिया मिल कॉलोनी, तिलक नगर की ओर चल पड़े, जहां बाबा श्याम की छवि को एक दिन के विश्राम कराया जाएगा। 8-9 मार्च को खाटू श्याम के भव्य दरबार में बाबा की यही छवि भक्तों के दिव्यदर्शन के लिए सुशोभित की जाएगी। इस बार शहनाई सांवरे की भजन संध्या में चार चांद लगाने के लिए 8 मार्च को कोलकाता के संजय शर्मा, नई दिल्ली के शीतल पाण्डेय और 9 मार्च को फतेहाबाद के परविंदर पलक, कानपुर से कुमार मुकेश ग्रुप, मास्टर तरंग श्याम भजनों की सरिता से भक्तों को सराबोर करने आ रही है। 8-9 मार्च को भजन संध्या का शुभारभ शाम पांच से मध्य रात्रि तक भजनों का कारंवा चलता रहेगा। इस बार विशेष आर्कषण केंद्र उज्जैन एवं महाराष्ट्र के नृत्य संगीत ग्रुप द्वारा रंगारंग नृत्य का मंचन किया जाएगा। 8 मार्च शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर शिव पार्वती एवं 9 मार्च शनिवार को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम आधारित नृत्य की प्रस्तुति की जाएगी। प्रतिवर्ष सचिन गोयल बाबा की छवि दिल्ली से लखंनऊ लाते है। यह छवि बहुत ही सिद्ध होती है। इस छवि के आगे शीश झुकाने से हर भक्त मुराद पूरी हो जाती है। इस छवि की धार्मिक विशेषता यह है कि इसे प्रत्येक एकादशी को खाटू स्थित पवित्र श्याम कुण्ड में स्नान कराया जाता है और एक रात के लिए खाटू श्याम के मंदिर में बाबा श्याम के संग रखा जाता है। इससे छवि में बाबा की शक्ति का संचार होता है। ऐसी सिद्ध छवि के दर्शन करने से भक्तों को वही सुख का अहसास मिलता है जो उन्हें खाटू धाम में जाकर मिलता है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सोनभद्र जनपद - सोनभद्र

पत्रांक- 1372 / निविदा-2024 दिनांक-मार्च 07, 2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

सर्वसाधारण/जी०एस०टी० में पंजीकृत फर्मो को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद सोनभद्र सीमा क्षेत्र में आगामी गर्मी के दिनों में ट्रैक्टर-टैंकर से पेयजल की आपूर्ति के लिए दिनांक 13-03-2024 को समय 2.00 बजे अपरान्ह बन्द लिफाफे में नगर पालिका परिषद सोनभद्र के कार्यालय में निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे सम्बन्धित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 12-03-2024 को समय 11.00 बजे पूर्वान्ह से 4.00 बजे अपरान्ह तक नगद मूल्य भुगतान के आधार पर जलकल अधिष्ठान में किया जायेगा। निविदा के कार्य/प्रतिभाग करने सम्बन्धी नियम व शर्ते निम्नवत् है। प्राप्त निविदाओं को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र में निहित होगा।

| क्र. | कार्य विवरण | विभागीय दर (प्रति ट्रैक्टर+ड्राइवर+टैंकर प्रति दिन किराया) | जमानत राशि का मूल्य | निविदा प्रपत्र | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | नगर पालिका परिषद सोनभद्र सीमा क्षेत्र में पेयजल अभाव ग्रस्त क्षेत्रों में ट्रैक्टर+ड्राइवर+टैंकर किराये पर रखे जाने एवं उससे नगर पालिका परिषद सोनभद्र के आदेशानुसार पेयजल वितरण का कार्य । | 950.00 (डीजल छोड़कर) | 20000.00 | 500.00 | कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से अग्रिम आदेश तक |
| 2. | निजी ट्यूबवेल से टैंकरों में पानी भरने का चार्ज प्रति टैंकर का दर | 50.00 प्रति टैंकर | 20000.00 | 500.00 | |

**नियम / शर्ते**

1 निविदादाता को आयकर/व्यापारकर में पंजीकृत होना आवश्यक है जिसका प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैनकार्ड, मोबाईल नम्बर आदि निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2 पेयजल आपूर्ति में सम्बद्ध किये जाने वाले सभी ट्रैक्टरों का ए0आर0टी0ओ0 विभाग में रजिस्ट्रेशन, बीमा तथा नियोजित ड्राइवरों का ड्राइवरी लाइसेन्स की प्रतियां निविदा स्वीकृत होने पर कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।
3 निर्धारित जमानत की धनराशि नकद/एफ०डी०आर०/एन०एस०सी०, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र के पदनाम से बन्धक कराकर निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4 ट्रैक्टर+ड्राइवर+टैंकर की आवश्यकता के अनुसार जितनी संख्या में नगर पालिका परिषद द्वारा मांग किया जायेगा उतनी संख्या में ट्रैक्टर+ड्राइवर+टैंकर की आपूर्ति 02 दिन में करना अनिवार्य होगा।
5 निविदादाता को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि ट्रैक्टर ड्राइवर किसी नशे का आदी न हो एवं नशे की हालत में ड्राइवरी करता पाया गया तो निविदा निरस्त कर अन्य क्षतिपूर्ति निविदादाता से वसूल किया जायेगा।
6 कार्य के दौरान यदि किसी प्रकार की दुर्घटना/क्षति होती है तो उसकी मरम्मती निविदा दाता द्वारा किया जायेगा। नगर पालिका परिषद की इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
7 उक्त दोनों कार्यो में कार्य संख्या-01 में ट्रैक्टर+ड्राइवर+टैंकर प्रति अदद प्रतिदिन का किराया अंकित करना होगा तथा कार्य संख्या-02 में अपने निजी बोर+संसाधन से प्रति टैंकर पानी भराई का दर भरकर अलग-अलग कार्यो की निविदायें अलग-अलग बन्द लिफाफे में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8 ट्रैक्टरों में 10 लीटर डीजल प्रतिदिन की दर से नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा दिया जायेगा तथा प्रत्येक ट्रैक्टर को न्यूनतम 05 ट्रिप अवश्य पानी वितरण करना अनिवार्य होगा। निर्धारित मात्रा से कम ट्रिप लगाने पर बिल से नियमानुसार धनराशि कटौती नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा की जायेगी।
9 ट्यूबवेल/बोर पर पानी भरने हेतु पक्का एवं सुचारू आवागमन का मार्ग उपलब्ध होना आवश्यक होगा। यदि मार्ग खराब पाया जायेगा तो निविदा निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
10 निविदादाता द्वारा स्वय के व्यय पर स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा ।
11 उक्त शर्तो में किसी भी शर्त का अनुपालन करने में निविदादाता यदि विफल रहता है तो उसके द्वारा जमा जमानत धनराशि जब्त कर अन्य विधिक कार्यवाही की जायेगी ।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**सोनभद्र**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**सोनभद्र**


# महिला दिवस : हर दिन महिला का सम्मान होना चाहिए

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हर महिला दिवस पर महिलाओं के अधिकारों, उनके सम्मान और उनके उत्सव की बड़ी बड़ी बातें होती हैं, वादे होते हैं और फिर अगला पूरा साल उन्हीं खबरों के बीच बीतता है जिसमें हर दिन कहीं न कहीं से महिलाओं के खिलाफ अपराधों की घटनाएं सामने आती रहती हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज व टीवी के सितारों ने अपने मन की बात की। मशहूर अभिनेत्री कामना पाठक कहती हैं कि सिर्फ महिला दिवस पर ही नहीं बल्कि हर दिन महिला का सम्मान होना चाहिए।

आगे कामना पाठक कहती हैं, हम एक ऐसे देश में रहते हैं जहां देवी की पूजा पूरी श्रद्धा से की जाती है, लेकिन उसी देश में अपने घरों में देवियों को नीचा दिखाया जाता है। यह दुख की बात है कि यह हमारे समाज की विडम्बना है। समय आ गया है कि हम शिकायत बंद कर अपना हक मांगना शुरू करें। हालांकि, दुनिया भर में कई कार्यकताओं और क्रांतिकारियों ने यह जिम्मेदारी उठायी और बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। मेरे विचार में, बदलाव लाने के लिये हमें एक कार्यकर्ता होने की जरूरत नहीं बल्कि (वु) मैन की तरफ एक छोटा-सा कदम (वु)मैनकाइंड के लिये बड़ा कदम हो सकता है, है ना? इस महिला दिवस पर, मैं हर किसी से, चाहे वे किसी भी जेंडर के हों, अपने घर, कार्यक्षेत्र या यहां तक कि शैक्षणिक संस्थानों से, लिंगभेद को खत्म करने का आग्रह करती हूं। महिला दिवस की शुभकामनाए।

दुनियाभर में हर साल 8 मार्च का दिन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर महिलाओं और उनसे जुड़े मुद्दों को समर्पित है। हर साल इस खास दिन को एक थीम के साथ सेलिब्रेट किया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस दिन को मनाने के शुरूआत कैसे और कब हुई। हर साल 8 मार्च को ही इस दिन को क्यों सेलिब्रेट किया जाता है।

### हर महिला का करें मां जैसा सम्मान : अदिति शर्मा



**लखनऊ।** मुझे सिर्फ एक महिला दिवस नहीं चाहिए। हमें हर दिन इस पर विश्वास करने की जरूरत है, न कि केवल एक दिन के लिए। हम हर दिन इतनी सारी चीजें करते हैं। हम काम करते हैं, हम लड़ते हैं, हम सफलता प्राप्त करने के लिए दौड़ते रहते हैं, हम लगातार बाधाओं को टालते हुए अपने आस-पास के लोगों की मानसिकता को बदलने की कोशिश करते हैं। हम चाहते हैं कि सभी दिनों को हमारे साथ उचित व्यवहार किया जाए। एक महिला को समाज में एक बेटी, एक बहन, एक मां की कई भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं और सभी को खुश रखते हुए अपने सपनों को पूरा करने का प्रयास भी करती है। जब हम हर महिला का सम्मान करना शुरू करेंगे, जिस तरह से हम अपनी मां का सम्मान करते हैं, वह सही मायने में 'महिला दिवस' होगा।

### छोटे शहरों में लोगों की सोच बदलना जरूरी : शीन दास



**लखनऊ।** हम बड़े शहरों में रहते हैं और हमें लगता हैं कि लड़का-लड़की एक समान हैं दोनों साथ में काम कर रहे हैं लेकिन जब भी हम छोटे शहरों में जाते हैं ऐसी बहुत सारी घटनाएं हुईं हैं कि लोग अपनी लड़किओं को घर से बाहर भेजना पसंद नहीं करते। बचपन से ही लड़कियों को सिखाया जाता हैं कि बहुत सारे सपने और आकांक्षाएं मत रखो। मेरे ख्याल से यह गलत है। अपनी बेटियों को पढ़ाइए, खेलने भेजिए और उनको किसी से कम मत समझिए और मेरे ख्याल से अभी भी बहुत स्कोप हैं। बदलाव का दौर आ गया है और जो भी बुरा है उसे अब तक खत्म हो जाना चाहिए। लड़का हो या लड़की हो, सबके साथ समान व्यहार हो ताकि हम अपने देश को आगे बढ़ा पाएं और समाज को एक नई दिशा दे पायें।

### हर दिन हो महिला दिवस : श्रुति शर्मा



**लखनऊ।** हर महिला दिवस पर हम महिलाओं के विषयों पर जश्न मनाते हैं और चर्चा करते हैं लेकिन अगले दिन हम इसे भूल जाते हैं। यह एक दिन याद करने के लिए नहीं है। हर दिन महिला दिवस है। बस हमें इसे ध्यान में रखना होगा और इस दिन हम महिलाओं के लिए जिन उपायों की बात करते हैं, उन पर काम करना आवश्यक है। मैं महिलाओं से अनुरोध करूंगी कि अपने बच्चों को नैतिक रूप से भी शिक्षित करें। हम सभी को अपने समाज में महिला सुरक्षा की आवश्यकता है।

### कुरीतियों को तोड़ने की जरूरत : अशनूर कौर



**लखनऊ।** एक आदर्श महिला वो नहीं जो समाज के बनाए ढांचे में खुद को ढालने की कोशिश करती है, बल्कि वो है जो इस ढांचे को तोड़कर अपने जैसी कई अन्य महिलाओं के लिए एक नए रास्ते खोलती है। मैं खुद को प्रेरित करती हूं, मेरे संघर्ष मुझे प्रेरित करते हैं, मेरी असफलताएं मुझे प्रेरित करती हैं और मेरी गलतियां मुझे ताकत देती हैं। मेरी हर छोटी सफलता से मुझे अपना सफर जारी रखने, मुश्किलों से लड़ने और एक औरत की आदर्शवादी छवि के पार जाने की प्रेरणा मिलती है।

# टेक्नोलॉजी के डिब्बे से बाहर है साहित्य का मेला : महाना

## रवीन्द्रालय चारबाग के पुस्तक मेले में महिला साहित्य की धूम, वाश शैली की चित्र कार्यशाला शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** रवीन्द्रालय लान चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में आज आम पाठकों और साहित्य कला संस्कृति का संगम दिखा। मेले में कल जहां विधानासभाध्यक्ष सतीश महाना पुस्तकों का विमोचन किया, वहीं जलरंग वित्रों की विशिष्ट वाश शैली का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी प्रारम्भ हो गया। महिला दिवस पर कल विशेष कार्यक्रम होंगे और सुर सागर कार्यक्रम में सुरों की महफिल सजेगी।

मेले में आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्रीधर अग्निहोत्री की किताब भुला न देना, डा.मनीष शुक्ल के कथा संग्रह प्रोफेसर मां के लाल और रश्मि कौशल की पुस्तक महाशून्य का विमोचन किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि टेक्नोलॉजी के डिब्बे यानी मोबाइल से बाहर आकर ही साहित्य का मेला दिखेगा। हम टेक्नोलॉजी के गुलाम हो गये हैं। कहीं इस एक हाथ के पकड़े डब्बे के कारण हमारा दिमाग भी डब्बा न हो जाएं, क्योंकि जो हम सुनते हैं वहीं सोचते हें फिर वही करते हैं। उन्होंने मंच से न्योता दिया कि मेले में आये सभी साहित्यकार विधानसभा में आयें भ्रमण करें। उसके बदले स्वरूप को देखें जाने और कार्य प्रणाली को समझें। लेखक डा.मनीष ने कहा कि कहानियाँ हर किसी के आसपास बिखरी हुई हैं। प्रोफेसर माँ के लाल भी जीवन में होने वाली घटनाओं से ली गई कहानियों का संग्रह है। श्रीधर अग्निहोत्री ने बताया कि उनकी किताब में सिनेमा और टीवी के उन सुपर स्टार कलाकारों का जिक्र है, जिनकी वक्त के साथ चमक फीकी पड़ गई और वो भुला दिये गए। इस अवसर पर डा.अमिता दुबे, सिद्धार्थ कलहंस, विनोद शुक्ल, अलका प्रमोद, रेखा बोरा, डा.शिल्पी शुक्ला, पंचानन मिश्र, मनोज शुक्ल मनुज, राजीव तिवारी, चंद्रभूषण सिंह, गजल गायक सरभजीत सिंह आदि की में चर्चित कवियों ने काव्यपाठ किया।

मेले में महिला विषयों के संग ही महिला साहित्यकारों महाश्वेता देवी, महादेवी वर्मा, शिवानी, मैत्रेयी पुष्पा, मन्नू भण्डारी, तस्लीमा नसरीन, मालती जोशी, गीतांजलिश्री, शरद सिंह आदि की किताबों की खूब मांग है। मेले के लगभग हर स्टाल पर महिला विषयक पुस्तकें हैं।

कार्यक्रमों की शुरूआत करते हुए आज सुबह मंच पर हुये विश्वम महोत्सव में आज नृत्यांगन समूह द्वारा लोक नृत्य और लोक गीत प्रस्तुत किए। इसी क्रम में श्रीनिवास त्रिपाठी की पुस्तक कोरोना विषाणु और केपीएस वर्मा की पुस्तक कुछ टूटने की आवाज पर यूपी त्रिपाठी ने चर्चा की। डा.राही मासूम रजा एकेडमी का कार्यक्रम वसुंधरा फाउंडेशन की ओर से स्वर्गीय मनोज अग्रवाल चांदवासिया की किताब मृगनयनी का विमोचन हुआ। साथ ही गांधी दर्शन और महिला सशक्तिकरण पर राम किशोर की अध्यक्षता व ज्योति किरन रतन के संचालन में पद्मश्री डा.विद्या विंदु सिंह, आनन्द वर्धन सिंह, अखिलेश श्रीवास्तव चमन, डा.करुणा पाण्डेय और संयोजक राकेश श्रीवास्तव आदि ने विचार व्यक्त किये। जलरंग शैली के विख्यात चित्रकार सुखबीर सिंह को समर्पित वाश शैली की विशिष्ट प्रदर्शनी के संग चित्रकला कार्यशाला आज से प्रारम्भ हो गयी। आज चार प्रतिभागियों ने इस दुरूह शैली की बारीकियों को कार्यशाला प्रशिक्षक डा.स्तुति सिंघल से समझा। कल कुछ और प्रतिभागी भी शामिल होंगे। कार्यशाला मेला समापन की तारीख 10 मार्च तक चलेगी। राजीव वत्सल के संयोजन में अभा साहित्य परिषद की महानगर शाखा की संगोष्ठी में डा वीर सिंह मार्तंड, निर्भय गुप्ता, विजय त्रिपाठी, मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी, अनिल किशोर शुक्ल निडर, राम प्रकाश शुक्ल प्रकाश, ज्योति किरन रतन अलका श्रीवास्तव आदि ने राम नाम और देश प्रेम काव्य रस धारा बहायी। निःशुल्क प्रवेश वाले मेले में हर किताब पर कम से कम 10 प्रतिशत की छूट मिल रही है। यह मेला फोर्स वन बुक्स के साथ विश्वम फाउण्डेशन, ओरिजिन्स, ट्रेड मित्र और ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन आदि के सहयोग से हो रहा है।

# कला रंग सम्मान जयपुर के अमित कल्ला को

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कला रंग सम्मान इस बार जयपुर के कला शिक्षक, चित्रकार, कवि और कला लेखक अमित कल्ला को प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें 10 मार्च को 'नाद रंग' और 'नव स्पंदन' द्वारा आयोजित समारोह 'वासंती सुधियां' में प्रदान किया जाएगा। गोमती नगर स्थित वाल्मीकि रंगशाला में सायं 5.30 बजे से होने वाले समारोह में खैरागढ़ के प्रोफेसर हिमांशु विश्वरूप का वायलिन वादन भी होगा।

'नव स्पंदन' की सचिव डॉक्टर रश्मि चतुर्वेदी ने बृहस्पतिवार को बताया कि वरिष्ठ पत्रकार, 'हिन्दुस्तान टाइम्स' की पूर्व स्थानीय संपादक सुनीता ऐरन, कला एवं शिल्प महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य आलोक कुमार तथा आकाशवाणी के लखनऊ केन्द्र की कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे द्वारा अमित कल्ला को सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि श्री कल्ला एक स्वतंत्र चित्रकार और कवि के रूप में पिछले दो दशकों से अधिक समय से सक्रिय हैं। उन्होंने देश-विदेश की 15 एकल तथा सवा सौ से अधिक सामूहिक चित्र प्रदर्शनियों में भागीदारी की है। स्वभाव से यायावर कल्ला के तीन कविता संग्रह प्रकाशित हैं। वे विभिन्न शिक्षा संस्थानों से कला शिक्षक के रूप में भी जुड़े हैं। गौरतलब है कि 'नाद रंग' पत्रिका दिया जाने वाला पहला कला रंग सम्मान यूके में कथक नृत्य के प्रचार-प्रसार में लगीं कथक नृत्यांगना अनुराधा चतुर्वेदी को प्रदान किया गया था। डॉक्टर चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह में खैरागढ़ के डॉक्टर हिमांशु विश्वरूप वायलिन वादन का कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। डॉक्टर विश्वरूप इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके साथ तबले पर भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के ताल वाद्य विभाग के प्रमुख डॉक्टर मनोज कुमार मिश्र संगत करेंगे। उन्होंने बताया कि 'नव स्पंदन' ने पिछले वर्षों में 'त्रिवेणी' नृत्य समारोह, 'नमन', 'स्पंदन' सहित कई प्रतिष्ठित सांस्कृतिक समारोहों के आयोजन किए गए हैं।

# नारी साहित्य इस परिवर्तन युग का शुभ चिंतक है



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भाषा विभाग, उ प्र शासन के नियंत्रणाधीन उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, इंदिरा भवन, लखनऊ के द्वारा साहित्य में महिलाओं का योगदान विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव ने की। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य वक्ता हेमलताशर्मा ने कहा कि नारी साहित्य लेखन एक ओर स्वान्तः सुखाय है तो दूसरी ओर जन हिताय है। नारी साहित्य इस परिवर्तन युग का शुभ चिंतक है। डा राधा विष्ट ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारी मुखर है और नहीं भी, भावों की अभिव्यक्ति भी साहित्य का आलेखन है। थकान मुख पर झलकती है पर ऊर्जा उत्साह बनाए रखती है। पूर्व मेजर आर्मी मेडिकल सर्जन एवम वरिष्ठ साहित्यकार डा रुचि श्रीवास्तव जी ने कहा कि मेरा मानना है कि स्त्री अबला नहीं है क्योंकि उसमें सृजन और नेतृत्व की अभूत पूर्व क्षमता है। डा मेघना यादव ने कहा कि महिला लेखिकाओं ने स्त्री जीवन उसके प्रश्नों और उसके मनोभावों को लेखन का विषय बना कर भारतीय साहित्य को समृद्ध किया हैडा रश्मि शील ने कहा कि आज स्त्री लेखन हर विधा में और बहुआयामी हैं। उनका तेज उनकी रचनाओं में झिलमिला रहा है। निदेशक महोदय विनय श्रीवास्तव ने कहा कि अब स्त्रियों की भागीदारी जीवन व जगत के प्रत्येक क्षेत्र में है अब उसे अबला कहना बेमानी है। वह शक्ति स्वरूपा है, समाज को बदलने की ऊर्जा और उत्साह उनमें विद्यमान हैं। इस अवसर पर अरविंद मिश्र, रवि, प्रियंका, मीनू पाठक, हर्ष, छाया, सोनी बाजपेई, शिखा आर्या, दीपिका सिंह, अनामिका जायसवाल, रघुकुल तिलक, प्रियंका टंडन सहित इंदिरा भवन में कार्यरत अनेक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य जल्द पूरा हो : डीएम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा बैठक किया गया। समीक्षा में लगभग 75 प्रतिशत आगनवाड़ी केंद्रों पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा बर्तन क्रय किए गए है, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये गये।

आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में आगनवाड़ी केन्द्रों के भवन निर्माण का कार्य प्रारम्भ नही हुआ है इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया गया कि इस प्रकरण का गहन समीक्षा कर विलम्ब होने के कारणों के सन्दर्भ में उत्तरदायी अधिकारी, कर्मचारी को चिन्हांकित करते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि सभी विभाग अर्न्तविभागीय समस्याओं को मसान्त के अन्त में चिन्हिंकित कर उसकी सूची अगामी माह के 2 तारिख तक अनिवार्य रूप से अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यलय को उपलब्ध करायें। आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने संबंधित बिंदु की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए की कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा बीसी सखी व बैंक क्रेडिट लिंकेज संबंधित बिंदु की भी गहन समीक्षा की गई। समीक्षा में बीसी सखी एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज में सीएम डैश बोर्ड पर खराब प्रदर्शन के सन्दर्भ में रोश व्यक्त करतें हुए उपायुक्त, स्वतः रोजगार का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए आगामी 3 दिनों में प्रगति में अपेक्षित सुधार लाने के निर्देश दिये गये। विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों, सीएम डैश बोर्ड के कार्यक्रमों की अगामी माह से मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा करने के पश्चात केवल उन्ही महत्वपूर्ण बिन्दुओं को चिन्हांकित कर मासिक समीक्षा बैठक में सम्मलित किया।

# सनातन धर्म पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सांसद के खिलाफ धरना



**लखनऊ।** सनातन महासभा भारत, सनातन धर्म व अखंड भारत के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी कि भारत कभी एक राष्ट्र नही उपमहाद्वीप है इसका कोई धर्म नही है। इस बयान का प्रत्येक व्यक्ति विरोध करेगा। अध्यक्ष डा प्रवीण व महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने संयुक्त रूप से बताया कि किसी भी व्यक्ति या संगठन को सनातन धर्म, संस्कृति व भारत की राष्ट्रीयता के खिलाफ बोलने व पर अब बर्दाश्त नही किया जाएगा और आगे से पुरजोर विरोध के साथ ऐसे लोगो के आवास को भी घेरना तय है। इसी क्रम में आज दिनांक 7 मार्च को अपराह्न 1 बजे से गांधी प्रतिमा हजरतगंज में द्रमुक सांसद ए. राजा के विरोध में धरना दिया गया और मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को उनके विरुद्ध मुकदमा चलाने के लिए ज्ञापन दिया गया साथ ही आमजन से ज्ञापन पर हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर स्वामी हरेंद्र गिरी, अजय त्रिपाठी'मुन्ना', कौशिक बनर्जी, व्यापारी नेता अंजनी पांडेय, डॉ. आहुति बाजपेयी, सुशील निषाद, सी.पी. तिवारी, कमल कपूर, चंद्रप्रकाश, मनोज सारस्वत, जे.पी. पांडेय, तेजस्वी गिरी, ध्रुव, प्रदीप पांडेय, रवि कचरू, अमित दुबे, शोभित सिंह आदि उपस्थित हुए।

# जैन दर्शन एवं कला पर एक दिवसीय संगोष्ठी कल

लखनऊ भारतीय संस्कृति में जैन दर्शन एवं कला का योगदान₹ विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बाल्मीकि प्रेक्षागृह उ.प्र.नाटक अकादमी मे दिनांक 09 मार्च 2024 को प्रातः 10:30 से उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान , संगीत नाटक अकादमी गोमतीनगर मे शशि भूषण बालिका डिग्री कॉलेज के तत्वावधान में किया जायेगा। संगोष्ठी की अध्यक्षता उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन करेंगे। भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ,आई.पी.एस. बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। भू.पू. अध्यक्ष उ.प्र.उच्च शिक्षा सेवा आयोग प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा और भू.पू. विभागाध्यक्ष प्राचीन इतिहास प्रो. शैलेन्द्रनाथ कपूर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। चार प्रमुख व्याख्यनों के साथ 20 शोध पत्रों का वाचन किया जायेगा।

# 404वाँ युगऋषि वाङ्मय की स्थापना

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत डॉ. आशा स्मृति महाविद्यालय, चिनहट, देवां रोड, लखनऊ के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 404वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता श्री हंस जी ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया। उमानंदन शर्मा जी ने सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में ज्ञान-दान सर्वश्रेष्ठ कार्य है संस्थान के निदेशक डॉ. पुनीत अवस्थी, प्रबन्धक डॉ. एस.एन. अवस्थी, अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र, अनिल भटनागर, हंस जी, संस्थान के निदेशक डॉ. पुनीत अवस्थी, प्रबन्धक डॉ. एस.एन. अवस्थी, प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार श्रीवास्तव सहित संकाय सदस्य एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित थे।

# बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ न डालें : ओम पाल

- भूमंडलीकरण का कुटुंब पर प्रभाव विषयक संगोष्ठी संपन्न

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राघवेंदु सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को अवध विहार कॉलोनी के भागीरथी एंक्लेव स्थित सामुदायिक केंद्र के सभागार में भूमंडलीकरण का कुटुंब पर प्रभाव विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कुटुंब प्रबोधन प्रमुख, संयुक्त क्षेत्र ओमपाल सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से कहा कि भूमंडलीकरण और बाजार के खतरोंको कोसने से काम नहीं चलेगा बल्कि परिवारों का विघटन रोकने के लिए हर भारतीय को सक्रिय प्रयास करने होंगे। बच्चों पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ डालने से पूर्व उसे समझना होगा। उसका मित्र बनने की कोशिश करनी होगी। कार्यशालाओं का आयोजन कर हम देश की कुटुंब व्यवस्था को जीवंत और जागृत बनाए रख सकते हैं। शकुंतला देवी दिव्यांग पुनर्वास विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र के निवर्तमान प्रोफेसर ए पी तिवारी ने कहा कि भूमंडलीकरण से देश का बाजार तो बढ़ा है लेकिन भारत की कुटुंब व्यवस्था का उसी तेजी के साथ क्षरण भी हुआ है। केकेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद चंद्रा ,डॉ. राम बहादुर मिश्रा, डॉ. पूजा सिंह, डॉ. सत्या सिंह , श्रीमती सुमन पांडे ने जहां भारतीय परिवारों के विखंडन एवं रिश्तों मे आ रही गिरावट पर चिंता जाहिर की और अपने बच्चों को बाजार के दुष्प्रभावों से बचाने तथा गजेट्स के उचित इस्तेमाल पर जोर दिया। बच्चों को ऐसे खिलौने उपलब्ध कराने का आग्रह किया जो उन्हें भारतीय संस्कारों और परंपराओं में दीक्षित कर सकें। वरिष्ठ पत्रकार सियाराम पांडेय 'शांत' और डॉ. जितेंद्र कुमार माहेश्वरी ने भी इसअवसर पर अपने विचार प्रकट किए । संस्था के कोषाध्यक्ष रामयज्ञ त्रिपाठी ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम संयोजक जितेंद्र पाठक ने बताया कि समाज मे ऐसे कार्यक्रमों से नई पीढ़ी मे जागरूकता आती है । कार्यक्रम का संचालन प्रदीप तिवारी 'धवल' ने किया।


# कार्यालय - नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 994 / न.पा.परि.राय./सा.प्र./2024-25/ दिनांक : 07.03.2024

**अल्प कालीन ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा नगर क्षेत्र से संचालित होने वाले टैक्सी स्टैण्डों एवं गुरू तेग बहादुर मार्केट साईकिल स्टैण्ड व जिला महिला चिकित्सालय के सामने साइकिल स्टैण्ड की ई - निविदा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु दिनांक 07.03.2024 तक आमंत्रित की जाती है। जिस www.etender.up.nic.up पर देखा जा सकता है एवं इससे संबंधित समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.up पर ही की जायेगी तथा ई-निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में नगर पालिका परिषद के राजस्व विभाग से प्राप्त जा सकती है। निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा।

**निविदा शेड्यूल (www.etender.up.nic.up)**

| क्र. सं. | नगर पालिका परिषद | ठेकेदार/ बोलीदाता | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | | 07-03-2024 | |
| 2- | | Tender Download | 07-03-2024 06:00pm | 13-03-2024 03:00pm |
| 3- | | Tender Submission | 07-03-2024 06:00pm | 13-03-2024 03:00pm |
| 4- | Tender Opening | | 13-03-2024 03:30pm | |

**निविदा का विवरण**

| क्र. सं. | टैक्सी स्टैण्ड का नाम | निविदा में भाग लेने के लिये जमानत धनराशि |
|---|---|---|
| 1 | लखनऊ - महराजगंज रोड | 50,000.00 |
| 2 | लालगंज-खीरो - डलमऊ रोड | 70,000.00 |
| 3 | ऊँचाहार-सलोन - डलमऊ रोड | 70,000.00 |
| 4 | डीह रोड | 50,000.00 |
| 5 | अमावां रोड | 50,000.00 |
| 6 | राही रोड | 50,000.00 |
| 7 | गुरुतेग बहादुर मार्केट (साईकिल स्टैण्ड) | 10,000.00 |
| 8 | जिला महिला चिकित्सालय के सामने (साईकिल स्टैण्ड) | 10,000.00 |

इच्छुक व्यक्ति/फर्मे नगर पालिका परिषद, रायबरेली द्वारा संचालित खाता सं.-40920100006088 IFSC Code-BARB0RANANA में NEFT/RTGS के माध्यम से एवं नगद धनराशि जमाकर जमा पर्ची तथा जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं 15 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र (टी-4, टी-5) साईकिल स्टैण्ड हेतु 05 लाख का हैसियत प्रमाण पत्र (टी-4, टी-5) जमा करना होगा । निविदा से संबंधित समस्त प्रपत्र की हार्ड कापी दिनांक- 13.03.2024 को सांय 03 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा अन्यथा आपकी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।

**(स्वर्ण सिंह)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**रायबरेली।**

**(शत्रोहन लाल सोनकर)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**रायबरेली।**


# जनता के सुझाव पर बनेगा भाजपा का संकल्प पत्र



**लखनऊ।** हजरतगंज मल्टी लेवल पार्किंग के निकट स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पास भाजपा मध्य विधानसभा की सुझाव पेटिका का शुभारम्भ गुरुवार को हुआ। इस अवसर पर लखनऊ मध्य विधानसभा के उपविजेता रजनीश कुमार गुप्ता (बॉबी), पूर्व पार्षद अतुल अवस्थी, पूर्व पार्षद साकेत शर्मा, पार्षद राजीव वाजपेयी, मंडल अध्यक्ष आनंद पाण्डेय, सुजीत कुमार (कुक्कू), सतीश मिश्रा, बबिता सक्सेना, सोनू वाजपेयी समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। रजनीश कुमार गुप्ता (बॉबी) ने बताया कि यह सुझाव पेटियां हर वार्ड और हर बूथ तक ले जायी जायेंगी और इन पेटिकाओं में आगामी लोक सभा चुनाव के लिए आम जनता के सुझाव चिठ्ठी के माध्यम से एकत्रित कर पार्टी आगामी चुनाव का संकल्प पत्र तैयार करेगी तथा चुनाव में जीत हासिल कर उन मुद्दों पर काम भी शुरू कर देगी। रजनीश गुप्ता ने कहा भाजपा आम जनमानस की पार्टी है इसलिए चुनावी घोषणा पत्र के लिए जनता की राय आवश्यक है।

# महिलाओं को सुरक्षा और स्वास्थ्य की दी जानकारी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हरासमेंट (पॉस्को,2013) एक्ट और सर्वाइकल कैंसर से संबंधित संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सोनल श्रीवास्तव ने छात्राओ को वन स्टॉप सेंटर से जुड़ी जानकारी देते हुए टोल फ्री नंबर 181 के बारे में बताया। यह सरकारी सेंटर महिलाओं से सम्बंधित विभिन्न समस्याओं के लिए एकीकृत समाधान प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि यह प्रत्येक जिले में भी है कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न से सम्बंधित कानून पॉस्को एक्ट के बारे में विस्तार से चर्चा की और छात्राओं को ऐसी किसी परिस्थिति में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, 1098 तथा 112 आदि पर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी।

उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर यदि किसी महिला के साथ किसी प्रकार का उत्पीड़न हो रहा है ऐसी हरकतों को नजर अंदाज करना आगे के लिए ऐसी हरकतों को उच्च स्तर पर बढ़ावा देना है। इन्होंने कार्यस्थल पर आईसीसी के गठन की बात की और बताया जिस भी कार्य स्थल पर 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं वहां आईसीसी का निर्माण आवश्यक है यह पूर्णत गोपनीय कमेटी होती है। कार्यक्रम की दूसरी वक्ता चरक हॉस्पिटल की डॉ चंद्रानी खत्री रही जिन्होंने सर्वाइकल कैंसर से जुड़ी हुई विभिन्न जानकारियां प्रदान की। उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के कारण जिसमें सेक्सुअल कॉन्टैक्ट, स्मोकिंग, जेनेटिक रीजन, मल्टीपल सेक्सुअल पार्टनर आदि को बताया। सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए इन्होंने स्क्रीनिंग, पैप टेस्ट एवं एचपीवी टेस्ट आदि के बारे में बताया। साथ ही टीकाकरण के बारे में भी जानकारी दी, जिसे सरकार द्वारा 9 से 14 वर्ष उम्र की बालिकाओं के लिए मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष 1,24,000 से भी अधिक सर्वाइकल कैंसर से संबंधित मामले आ रहे हैं, जिसमें लगभग 77 हजार महिलाओं की मृत्यु प्रतिवर्ष हो जाती है, जिसका कारण जागरूकता का अभाव और समय पर इस कैंसर का निदान और इलाज न हो पाना है। छात्राओं ने अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.अंशु केडिया ने दोनों वक्ताओं को महिलाओं से संबंधित इन जानकारियों को साझा करने तथा छात्राओं को जागरूक करने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया।

# विशेषाधिकार क्यों

नब्बे के दशक में उत्तर प्रदेश में जबरदस्त सियासी अस्थिरता का दौर में था। सरकारें प्रायः बनती बिगड़ती रहती थीं। कई बार राष्ट्रपति शासन लगा और रात में एक सरकार को बर्खास्त करने और नयी सरकार को शपथ दिलाने की घटना भी हुई। उस समय एक प्रतिष्ठित अखबार में कॉर्टून छपा था जिसमें 'एक आदमी हड्डी जोड़ विशेषज्ञ को सलाह दे रहा था कि वह अपनी क्लीनिक विधान सभा के सामने खोल दे तो आमदनी बढ़ जायेगी।' दरअसल विधानसभा में कई बार भयंकर हिंसा हुई जिसमें बहुत से विधायक घायल हुए थे। सिर फूटने, हाथ टूटने की घटनाएं आम हो गयी थीं। इसी पर कॉर्टून के जरिए व्यंग्य किया गया था। ऐसा ही दृश्य लोकसभा में 2013 में देखने को मिला जब तेलंगाना राज्य के निर्माण के मुद्दे पर आन्ध्र प्रदेश के सदस्यों ने संसद में खतरनाक स्प्रे का प्रयोग किया। नरसिम्हा राव सरकार के खिलाफ आये अविश्वास प्रस्ताव पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के सदस्यों ने घूस लेकर सरकार समर्थन किया। इसी तरह 2008 में लोकसभा में तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष लाल कृष्ण आडवाणी ने करोड़ों रुपये कैश सदन पटल पर रख दिया और बताया कि यह रकम उनके सांसदों को खरीदने के लिए दी गयी है। अभी टीएमसी की एक सांसद पर एक उद्योगपति के इशारे पर सवाल पूछने का आरोप लगा। वर्ष 2005 में 'कैश फॉर क्वेरी' कांड सामने आया जिसमें पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने की बात सामने आई। इस मामले में 11 सांसदों को दोषी मानते हुए उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गयी थी। अब अगर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछे जायें, घूस लेकर सरकार बचायी जाये, मारपीट और खतरनाक स्प्रे का इस्तेमाल हो, तो इस तरह का आचरण करने वाले सांसदों को 'विशेषाधिकार' से सुरक्षा क्यों दी जाये। अगर देश के लिए, लोकतंत्र के हित में या जनहित में संसद कोई सवाल उठाता है, बहस करता है या कोई ठोस पहल करता है, तो उसे निश्चय ही विशेषाधिकार का कवच मिलना चाहिए। लेकिन आपराधिक मामलों में, भ्रष्टाचार के मामले में और सदन की मर्यादा भंग करने के मामले में विशेषाधिकार क्यों? ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने देर से ही सही लेकिन उचित फैसला दिया है। 1998 में संविधान पीठ के पांच न्यायाधीशों ने 'नरसिम्हा राव बनाम सीबीआई' मामला सुना था और 3-2 के बहुमत से फैसला सुनाया था। अब सात जजों की पीठ ने पुराना फैसला पलट दिया है। मुद्दा अनुच्छेद 105 (2) और 194 (2) के तहत सांसदों और विधायकों के, सदन के भीतर, विशेषाधिकार का है। मामला झामुमो सांसदों को दी गई घूस का था, जिसके बदले उन्होंने नरसिम्हा राव सरकार के समर्थन में वोट दिए थे। वह अल्पमत सरकार थी और बहुमत के लिए कई सांसदों को खरीदा गया था। संविधान पीठ ने तब इसे माननीयों का विशेषाधिकार करार दिया और कहा कि ऐसी घूस के लिए उनके खिलाफ आपराधिक मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। दरअसल नरसिम्हा राव सरकार के संदर्भ में संविधान पीठ का फैसला था कि न्याय पालिका विधायिका के सदन की कार्यवाही में हस्तक्षेप नहीं कर सकती, इससे देश को निराशा हुई थी, क्योंकि विशेषाधिकार निरंकुश हो गया था। सांसद और विधायक सदन के भीतर कुछ भी बोल सकते थे, कोई भी सवाल पूछ सकते थे, भाषणों की मर्यादा लांघ सकते थे, झूठ बोल कर गलत तथ्य पेश कर सकते थे, किसी की छवि बिगाड़ सकते थे। सर्वोच्च अदालत के पुराने फैसले को सात सदस्यीय संविधान पीठ ने पलट कर सांसदों एवं विधायकों के सामने सांविधानिक आचरण की लक्ष्मण रेखा खींच दी है। अब सांसद विधायक मर्यादा लांघेंगे तो उनको भी कानून का सामना करना पड़ेगा।



**सांसदों को विशेषाधिकार अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए मिलना चाहिए। अपराध और भ्रष्टाचार से बचाव के लिए विशेषाधिकार नहीं है।**

---

**विचार**

धर्म-कर्म, सत्य-सदाचार, शक्ति एवं लक्ष्मी सभी शील पर आश्रित हैं। शील ही इन सबकी जड़ है।

–वेदव्यास.

इतिहास, पुराण साक्षी हैं कि मनुष्य के संकल्प के सम्मुख देव, दानव सभी पराजित होते हैं।

–इमर्सन.

संतोष को कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इस मंत्र से कठिन से कठिन समय में मन विचलित नहीं होता।

–प्रेमचंद.

पूंजी तो मृत श्रम है जो जीवित श्रम का शोषण करते समय पिशाच की भांति जीवित रहती है और जितना अधिक जीवित रहती है, उतना ही अधिक शोषण करती है।

–कार्ल मार्क्स.

किसी के बहुत सताने पर भी, उसे सताने का प्रयास नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुखी प्राणी का शोक ही सताने वाले का नाश कर देता है।

–महाभारत.

# संकट में 'अंडर-सी' केबल्स की सुरक्षा

**नरेंद्र शर्मा**



अदन की खाड़ी में हूती विद्रोहियों ने 6 मार्च 2024 को 'ट्रू कॉन्फिडेंस' नामक एक कमर्शियल शिप पर (जिस पर बारबाडोस का झंडा लगा था) हमला किया, जिसमें क्रू के तीन सदस्यों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हैं और शेष अपनी जान बचाकर जहाज से भागने में सफल रहे। इस गुट द्वारा यह पहला घातक हमला है और इसका कहना है कि गाजा में जब तक फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्याओं पर विराम नहीं लगेगा, तब तक उसके हमले जारी रहेंगे। भारतीय नौसेना और अमेरिकी युद्धपोत राहत कार्य में लगे हुए हैं। इस हमले से एशिया व मध्यपूर्व को यूरोप से जोड़ने वाले समुद्री मार्ग पर शिपिंग ट्रैफिक अतिरिक्त रूप से प्रभावित हो गया है। लेकिन लालसागर में इतनी ही चिंताजनक एक अन्य घटना कुछ दिन पहले हुई। लालसागर में चार केबल्स को जबरदस्त नुकसान पहुंचा है, जोकि दुनियाभर में बड़ी खबर बनी, क्योंकि इंटरनेट सेवाएं ठप्प हो गईं थीं। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि केबल्स को नुकसान कैसे पहुंचा, लेकिन आरोप हूती विद्रोहियों पर लग रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि समुद्री फ्लोर केबलिंग बड़ा भू-राजनीतिक खेल है, जिसमें भारत भी बड़ा खिलाड़ी है। फिर भी यह सवाल अपनी जगह है कि क्या हूती विद्रोहियों के पास समुद्र की गहराइयों में उतरकर केबल्स को नुकसान पहुंचाने की क्षमता है?

लालसागर में अति व्यस्त ग्लोबल व्यापार मार्ग है, जिस पर पानी के जहाज तैरते हैं। इस सागर की सतह पर 14 केबल्स बिछे हुए हैं, जिसकी वजह से अफ्रीका व एशिया के बीच यह समुद्री पानी ग्लोबल इन्फो सुपर-हाईवे बन गया है। अंडर-सी केबल्स या सबमरीन केबल्स बुनियादी तौर पर समुद्र के तल पर बिछे कंडक्टर्स होते हैं। लालसागर में जो 14 अंडर-सी केबल्स हैं, वह यूरोप व एशिया के बीच का 90 प्रतिशत नेट ट्रैफिक कैरी करते हैं। आजकल सभी केबल्स फाइबर ऑप्टिक होते हैं। इनकी संख्या लगभग 500 है और यह दुनियाभर में समुद्री सतह का तकरीबन 1.4 मिलियन किमी कवर करते हैं। ग्लोबल इंटरनेट ट्रैफिक का 99 प्रतिशत हिस्सा यही कैरी करते हैं। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि जब लालसागर के चार केबल्स को नुकसान पहुंचा तो पूरी दुनिया में हलचल मच गई। हांगकांग स्थित एचजीसी ग्लोबल कम्युनिकेशन्स का कहना है कि चार केबल्स को नुकसान पहुंचने से एशिया व यूरोप के बीच 25 प्रतिशत डाटा ट्रैफिक प्रभावित हुआ है, जिसे अन्य केबल्स के जरिये रि-रूट किया गया है, जिससे ट्रांसमिशन की स्पीड कम हो गई है। बहरहाल, सवाल यह है कि वास्तव में क्या हुआ है और नुकसान किस हद तक का है? यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि अंडर-सी केबल के इस भू-राजनीतिक खेल में भारत भी महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय कम्युनिकेशन्स नेट वर्क्स हमेशा ही भू-राजनीति से संबंधित होते हैं। केबल्स डाटा कैरी करते हैं और डाटा का कमर्शियल व स्ट्रेटेजिक महत्व होता है। इसलिए युद्ध के समय में अपने दुश्मन का कम्युनिकेशन नेटवर्क काट देना वरीयता रहती है।

पहले व दूसरे विश्व युद्धों के दौरान दुश्मन देशों ने एक-दूसरे के अंडर-सी केबल्स निरंतर काटे थे। जर्मनी कि यू-बोट्स (सबमरीन) को तो विशेषरूप से दुश्मन के कम्युनिकेशन लिंक्स काटने का काम सौंपा गया था, बावजूद इसके कि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान भी ग्लोबल डाटा ट्रैफिक अपने शुरूआती दौर ही में था। आजकल तो दांव पर बहुत अधिक है; क्योंकि अंडर-सी केबल्स के जरिये कैरी होने वाला डाटा अति विशाल है। इसलिए किसी देश को ग्लोबल कम्युनिकेशन नेटवर्क से काट देना, उसे स्ट्रेटेजिकली अपंग बना देना होता है। गौरतलब है कि जनवरी 2022 में समुद्र के अंदर एक ज्वालामुखी फटा था, जिससे टोंगा का पैसिफिक द्वीप राष्ट्र दुनियाभर से अपना डाटा कनेक्शन खो बैठा था। यह युद्ध के कारण नहीं बल्कि प्राकृतिक रूप से हुआ था। अब आप कल्पना कीजिये कि अगर किसी बड़े देश के साथ युद्ध में ऐसा हो जाये तो क्या होगा?

**सुपरपावर के बीच डाटा पर नियंत्रण की जंग**

अधिक चिंताजनक बात यह है कि जिन चार केबल्स को नुकसान पहुंचा है उनकी मरम्मत करने में काफी समय लगेगा। केबल्स का प्रबंधन करने वाले लोगों का कहना है कि मरम्मत करने में महीनों लग जायेंगे। सबसे पहली बात तो यह है कि दो महाद्वीपों को जोड़ने वाले केबल्स की मरम्मत शुरू करने के लिए अनेक देशों से अनुमति लेनी होगी। दूसरा यह कि इन देशों में यमन भी है, जहां न खत्म होने वाला गृहयुद्ध जारी है, इसलिए यह नहीं मालूम कि अनुमति किससे लेनी है। बात इस वजह से भी कठिन है कि यमन की 'आधिकारिक' सरकार का कहना है कि हूती विद्रोहियों ने केबल्स काटे हैं। दूसरी ओर हूती विद्रोहियों का कहना है कि वह सिर्फ लालसागर से गुजरने वाले जहाजों पर हमला करते हैं, केबल्स नहीं काटते हैं। इन विद्रोहियों ने केबल्स काटने का आरोप अमेरिका पर लगाया है, जिसके युद्धपोत हूती को 'डराने' के लिए पूरे लालसागर में फैले हुए हैं। क्या हूती अमेरिका पर झूठा आरोप लगा रहे हैं? शायद। अमेरिका ने सफाई दी है कि जाने अनजाने में उसने केबल्स नहीं काटे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि हूती विद्रोहियों के पास इतनी क्षमता व योग्यता नहीं है कि वह समुद्र की गहराई में उतरकर केबल्स को काट सकें।

..तो यह काम किसने किया है? एक अन्य थ्योरी यह है कि ईरान ने हूती की मदद की यह काम करने के लिए। ईरान के जनरल हूती का इस्तेमाल औजार की तरह करते हैं। लेकिन इसके बावजूद केबल्स को काटना आसान नहीं है और खतरनाक भी बहुत है, इसलिए बहुत अधिक संभावना इस बात की है कि केबल्स दुर्घटनावश किसी जहाज के लगंर से कट गये, वैसे भी लालसागर में कमर्शियल शिपिंग बड़ी मात्रा में होती है। गौरतलब है कि टीजीएन रेड-सी केबल में भारत की टाटा कम्युनिकेशन्स भी स्टेक होल्डर है। इसलिए भारत के हित सीधे प्रभावित होते हैं। टाटा कम्युनिकेशन्स ने अनेक अंतर्राष्ट्रीय समुद्री केबल संघों में निवेश किया हुआ है। समुद्री केबल व्यापार इसी तरह से चल सकता है कि केबल्स डालने व उनका प्रबंधन करने में अनेक देशों के खिलाड़ी शामिल हों और आपस में सहयोग करें।

हाल के वर्षों में अनेक केबल्स को बिग टेक-गूगल, माइक्रोसॉफ्ट व मेटा ने फंड किया है। भारत के भारती एयरटेल व रिलायंस जिओ ने भी सहयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय केबल्स में निवेश किया है। इन कम्पनियों का व्यापार इंटरनेट ट्रैफिक पर ही आधारित है। इसलिए इन्हें वहां तो पैसा लगाना ही होगा जहां से मोटा मुनाफा आता है। अब जब भू-राजनीति की बात आती है तो अमेरिका बनाम चीन को कैसे अनदेखा किया जा सकता है। अगर डाटा नया तेल है, तो सुपरपावर्स के लिए उस पर अपने नियंत्रण का प्रयास स्वाभाविक है। जितने केबल्स आपके व आपके मित्र देशों के नियंत्रण में हैं, उतने डाटा फ्लो पर आपका प्रभाव है। चीन की टेक कम्पनियों जैसे हुआवेई पर अमेरिकी प्रतिबंध का एक कारण यह भी था। वाशिंगटन को वे टेक कंपनियां पसंद नहीं हैं, जो अंडर-सी केबल्स को नियंत्रित करने के लिए बीजिंग से आदेश लेती हैं।

> सबमरीन केबल्स पुराने व्यापार मार्गों पर ही बिछे हुए हैं और इसलिए भारत पश्चिमी प्रशांत और फारस की खाड़ी के बीच महत्वपूर्ण समुद्री चैराहा है। इसलिए नई दिल्ली को अंडर-सी केबल्स में अधिक निवेश करना चाहिए ताकि भारत इस खेल का मुख्य खिलाड़ी बन सके और दोनों चीन व अमेरिका उस पर निर्भर होने को मजबूर रहें।

---

**सोशल मीडिया**

खड़गे जी, सचाई कड़वी होती है, राहुल जी और आपके नेतृत्व में कांग्रेस चुनाव पर चुनाव हारती चली गयी। 2013 से अब तक कांग्रेस 50 से अधिक चुनाव हार चुकी है। शिवराज सिंह चौहान.



भारत जोड़ो न्याय यात्रा लोकसभा चुनाव के लिए नहीं है। ये भारतीय जनता पार्टी के झूठे वायदों से देश के नागरिकों को जागरुक करने की लड़ाई है। दिग्विजय सिंह.



भारतीय योग शिक्षक व आध्यात्म को पश्चिमी देशों में प्रचारित करने में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान आध्यात्मिक गुरु परमहंस योगानंद जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। डॉ. दिनेश शर्मा.



# विचारों का प्रभाव

**अंतर्दृष्टि**

तप का मार्ग हमेशा कठिन होता है लेकिन यह हमारे व्यक्तितव को मजबूत करता है। विचारों की एक विशेषता है कि वह अपने प्रभावों एवं संपर्क में आने वालों पर प्रभाव अवश्य डालता है। मजबूत एवं स्पष्ट विचारों का दूसरों पर असर जरूर पड़ता है। अगर आप अपृ हों और आरम्भिक अभ्यास हों तो बुरे चरित्र और दुष्ट विचार वालों से दूर रहिए। उनके कार्यों में कोई दिलचस्पी मत लीजिए। हो सके तो अरुचि प्रकट कीजिए। इससे आप उनके संक्रामक असर से बचे रहेंगे। सत्संग की महिमा अपार है। श्रेष्ठ पुरुषों का साथ गंगा के समान है। जिसमें गोता लगाने से क्लेष कटने से श्रेष्ठ पुरुषों के साथ रहने से, उनके मौखिक या लेखबद्ध विचारों मनन करने से आत्मोत्थान होता है। यदि आप अपने को अत्यंत सुदृढ़ समझते हैं तो संसार की दृष्टि से बुरे विचार वाले को अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु सावधान कहीं उसका उलटा असर आप पर न हो जाये। दूसरे के अवगुण देखना अपनी बुद्धि को दूषित करना है। फोटो खींचने के कैमरे के सामने जो चीज रखी जाती है उसी का अक्स भीतर प्लेट पर खिंच जाता है। यदि आप दूसरों की बुराइयां देखेंगे तो उनके चित्र अपने अंदर अंकित करके उन्हें खुद भी ग्रहण कर लेंगे। इसलिए दूसरों के सद्गुणों पर ही दृष्टि रखिये। सबमें परमात्मा का स्वरूप देखिये और उन्हें प्रेम की दृष्टि से देखिये, आपका हृदय प्रसन्न रहेगा। यदि किसी में बुराई दिखाई पड़े तो उससे घृणा मत कीजिए और जहां तक हो सके, सुधारने का प्रयत्न कीजिए। परदोष दर्शन के कारण जो घृणा और द्वेष मन में उत्पन्न होते हैं, वह भीतर ही भीतर अशान्ति उत्पन्न करके मन को निश्चित पथ से ढिगा देते हैं। साधना को सुरक्षित रखने के लिए जरूरी है कि किसी की गंदगी टटोल कर अपनी नाक को दुर्गंधित न किया जाये। अपने मजहब, विचार, या विश्वासों पर दृढ़ रहना उचित है। परन्तु दूसरों के विश्वासों को घृणा की दृष्टि से देखना या झूठा समझना अनुचित है। हम सब सत्य के आसपास चक्कर काट रहे हैं। किन्तु कोई पूर्ण सत्य तक नहीं पहुंच सका है। इसलिए हमें एक दूसरे के प्रति उदार होना चाहिए। दूसरों के दृष्टिकोण को ध्यान पूर्वक देखना चाहिए और सत्य को स्वीकार करने को उद्यत रहना चाहिए। कट्टरता ऐसा दुर्गण है जिसके कारण आदमी न तो अपनी बुराइयों को छोड़ सकता है और न अच्छाइयों को ग्रहण कर सकता है। आध्यात्मिक साधक का मार्ग अत्यंत दुर्गम है। यह मार्ग अनेक बाधाओं, समस्याओं तथा संशयात्मक भीषण अरण्यों से होकर जाता है। इसमें एक विरोधी तत्व यह है कि हमारा मन ही हमारा शत्रु है, जिसे हमारा मित्र बनना चाहिए था और सत् परामर्श देना चाहिए था।

# कोई मुझे अरेस्ट तो करे...

**व्यंग्यलोक**

लालचंद मेरा दोस्त है, साथ ही वह एक छोटे से टेक्निकल कर्मचारी संघ का अध्यक्ष भी है। पूरे राज्य में उसके कर्मचारियों की संख्या कुल पच्चीस है, परन्तु बिना यूनियनबाजी के कुछ होता नहीं सो उसने भी बना लिया संघ। आजादी के ठीक इकतालिस साल बाद बना था उनके कर्मचारियों का संघ। जिस कर्मचारी संघ का लाल चंद अध्यक्ष हो, राम ही मालिक है कि वह कुछ कर भी पायेगा। बड़े ही विनम्र, सेवाभावी तथा निष्ठावान कार्यकर्ता हैं लालचंद। सर्वगुण सम्पन्न नेता जब तक यूनियन को नहीं मिले तब तक कर्मचारी कल्याण संदिग्ध ही रहता है। परन्तु होनी को कौन टाले, लालचंद की भाग्य रेखायें अध्यक्षता बता रही थीं सो बन गया लालचंद कर्मचारी संघ का अध्यक्ष। जिन दिनों संघ का गठन हुआ, उन दिनों राज्य में तमाम राज्य कर्मचारी आंदोलन पर थे। अनिश्चित कालीन हड़ताल चल रही थी। इस बीच एक दिन लालचंद अनमना उदास सा मेरे पास आया और बोला-शर्मा, दुनिया के इतने काम करवाते हो, मेरा भी तो एक काम करा दो यार। मैंने पूछा- बोलो, क्या काम है? यार, मुझे अरेस्ट करवाओ, हर ऐरा-गेरा नत्थू खैरा इस हड़ताल में अरेस्ट हो रहा है, परन्तु पुलिस मेरे को अरेस्ट नहीं कर रही है? मैंने कहा-चलो चार अच्छा है तुम्हें अरेस्ट नहीं कर रही वर्ना सर्दी में जेल में तकलीफ पाते और पीछे से बच्चे वगैरह परेशान होते। समझते नहीं शर्मा तुम। रोज सुबह घर से निकलता हूँ तो बीबी और बच्चों को कहकर जाता हूँ कि मेरा इंतजार मत करना, आज मैं अरेस्ट हो जाऊँगा। रोज शाम को मुझे लौटता देख वे हँसते हैं। अमाँ यार, क्या बताऊँ एक दिन तो पत्नी ने मेरा खाना ही नहीं बनाया। जब बच्चे व पत्नी मेरी लीडरी को मानने को तैयार नहीं हैं तो कर्मचारी क्या मानेंगे? इसलिए लीडर के रूप में रिकागनीशन के लिए इस समय मेरा अरेस्ट होना नितांत आवश्यक है। लालचंद ने दर्द उगला। ओह आई सी अरेस्ट होने में तुम्हें राजनीतिक लाभ मिलेंगे। मसलन अखबार में फोटो और समाचार छपेंगे। लोग विदा के समय तुम्हें माला पहनायेंगे। जेल में तुमसे लोग मिलने जायेंगे। यह सब बातें तुम्हें लोकप्रिय बनायेंगी। इस दृष्टि से अब तुम्हारा बाहर रहना ठीक नहीं है। मैंने कहा। लालचंद बोला- यही तो चक्कर है शर्मा। संघ के पच्चीसों के पच्चीसों सदस्य कहते हैं कि कुछ करके दिखाओ और कुछ नहीं तो अरेस्ट होकर तो बता दूँ। लेकिन मेरी समझ में नहीं आ रहा कि तुम्हारे अरेस्ट होने में परेशानी क्या है? दरअसल बात यह है कि सरकार को हमारे जैसे छोटे संगठन की कतई चिंता नहीं है।



पूरन सरमा

# आश्वत कौशिक की ग्रैंड मास्टर पर रिकॉर्ड जीत...



**खेल जगत**

**सारिम अन्ना**

रिकॉर्ड तो होते ही हैं टूटने के लिए। यह वाक्य इस साल फरवरी में शतरंज संसार में सर चढ़कर बोला। अब तक हम यही सुनते आ रहे थे कि क्लासिक टूनार्मेंट गेम में एक ग्रैंडमास्टर को पराजित करने वाला सबसे कम आयु का खिलाड़ी एवंडर लिआंग था, जिसने नौ साल से कम की उम्र में यह कारनामा कर दिखाया था। लेकिन इस फरवरी में सर्बिया के लियोनिड इवानोविच ने 8 साल व 11 माह की आयु में बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर मिलको पोपचेव को हराकर इस संदर्भ में नया रिकॉर्ड स्थापित किया। लियोनिड इवानोविच अपने कीर्तिमान का जश्न मना ही रहे थे कि मात्र एक सप्ताह के भीतर आश्वत कौशिक ने उनका भी रिकॉर्ड तोड़ दिया और वह क्लासिक गेम में एक ग्रैंडमास्टर को शिकस्त देने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गये हैं।

ग्रैंडमास्टर की उपाधि विश्व के सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ियों को दी जाती है। वर्ल्ड चेस फेडरेशन ने यह टाइटल अब तक सिर्फ 2,100 खिलाड़ियों को ही दी है, जिसमें से भारत में 84 ग्रैंडमास्टर हुए हैं। विश्व चैंपियन के बाद ग्रैंडमास्टर उच्चतम टाइटल है। आश्वत कौशिक 8 साल व 7 माह के हैं यानी वह लियोनिड इवानोविच से चार माह छोटे हैं। आश्वत कौशिक ने स्विट्जरलैंड में इतिहास रचते हुए बर्गडोरफेर स्टडथोस ओपन क्लासिकल शतरंज प्रतियोगिता में पोलैंड के 37-वर्षीय ग्रैंडमास्टर जसेक स्टॉप को हराया। भारत में जन्मा यह नन्हा चमत्कार सिंगापुर में रहता है। अपनी जीत के बाद आश्वत कौशिक ने बताया, 'मुझे बहुत अच्छा व आश्चर्यजनक लगा। मुझे अपने खेल पर गर्व है विशेषकर इसलिए कि एक समय गेम में मेरी पोजीशन अच्छी नहीं थी, लेकिन मैं खराब स्थिति से भी बाहर निकलने में सफल रहा।' आश्वत कौशिक के पिता श्रीराम कौशिक और उनकी माता में से कोई भी शतरंज नहीं खेलता है। आश्वत ने चार साल की आयु में शतरंज के नियम सीख लिए थे। अपने दादा दादी के साथ शतरंज खेलकर वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। वह दिन में सात घंटे शतरंज की प्रैक्टिस करते हैं और अपने पुराने चेस प्रोग्राम पर हजारों पजल हल करते हैं। उनके पिता के अनुसार आश्वत की फोटोग्राफिक मेमोरी है, वह जटिल पजल को विजुअली हल कर देते हैं। उन्होंने बिना बोर्ड का इस्तेमाल किये ग्रैंडमास्टर जैकब आगार्ड की पूरी ग्रैंडमास्टर सीरीज हाल ही में हल कर दी थी। आश्वत कौशिक अब तक ग्लोबली अनेक प्रतियोगिताएं खेल चुके हैं और 2022 में वह वर्ल्ड अंडर-8 रैपिड चैंपियन थे। वह अपनी शुरूआती सफलता पर ही बैठे नहीं रहना चाहते बल्कि विश्व चैंपियन बनने तक अपना सफर जारी रखना चाहते हैं। वह 2000 की चेस प्लेयर रेटिंग भी हासिल करना चाहते हैं, जिसके वह बहुत करीब पहुंच चुके हैं। स्टॉप पर जीत के बाद उन्हें 84 रेटिंग पॉइंट्स मिले हैं। ग्रैंडमास्टर स्टॉप पर आश्वत कौशिक की जीत न केवल उनकी असाधारण प्रतिभा का सबूत है बल्कि शतरंज में उनकी संभावना का भी संकेत देती है। इतनी कम आयु में लचीलेपन व योजना बनाने की काबलियत प्रदर्शित करना निश्चितरूप से आश्चर्यजनक है। गेम में उन्हें कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने बाजी पलट दी और जीत हासिल की। यह भी हैरत की बात है कि आश्वत कौशिक के परिवार में प्रतिस्पर्धात्मक स्पोर्ट्स की परम्परा नहीं है और फिर भी वह नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। इसलिए उनके पिता के लिए आश्वत की यात्रा हर दिन एक नई 'खोज' है। ऐसा प्रतीत होता है कि वह शतरंज ईश्वरीय वरदान के रूप में मिला है, जिसे उन्होंने अपने दादा दादी के साथ हंसी मजाक में खेलकर सुधारा और अब वह असाधारण पथ पर निकल पड़े हैं, जहां वह नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

क्लासिकल शतरंज में एक ग्रैंडमास्टर को बोर्ड पर हराना वास्तव में परीकथा जैसा है। जो लोग शतरंज खेलते हैं या इसका शौक रखते हैं वह ही इस उपलब्धि के महत्व को समझ सकते हैं। हालांकि पिछले सात वर्षों से आश्वत कौशिक अपने परिवार के साथ सिंगापुर में रह रहे हैं, लेकिन वह भारत के ही नागरिक हैं। बर्गडोरफेर स्टडथोस ओपन में आश्वत कौशिक का स्थान 12वां रहा। फिर भी उन्होंने शतरंज इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है और वह दुनियाभर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बन गए हैं। उनकी कहानी बताती है कि अगर आप में प्रतिभा है और उस पर कड़ी मेहनत करने की हिम्मत भी है तो आसमान तक संभावनाओं और उम्मीदों के द्वार आपके लिए खुले हुए हैं।

## आपकी बात

### आर्थिक विषमता

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है।

**मधुकर वर्मा, लखनऊ.**

### पाकिस्तान के हाथ में कटोरा

पाकिस्तान अपनी आजादी के बाद जिस तरह आतंकवाद हिंसा और युद्ध के रास्ते पर चला, उसका अब अंजाम भुगत रहा है। वहां नयी सरकार बनी है लेकिन उसका काम सिर्फ दूसरे देशों से कर्ज लेकर जैसे तैसे पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचाना भर रहा गया है। बाकी सब कुछ सेना के हाथ में है। पाक में सबसे ताकतवर प्रतिष्ठान के रूप में अपनी पहचान को पुख्ता कर चुकी सेना हमेशा इसी ताक में रही कि कब पाकिस्तान के हालत खराब हों जिसका बहाना बनाकर सत्ता अपने हाथ में ले ले। इस तरह चाहे सियासी ताकतें हों या पाक स्टैब्लिशमेंट, सबने मौका पाते ही पाकिस्तान को लूटने-खसोटने का काम किया। जनता के बीच अपने शासकीय दुराचरण को छिपाने के लिए, रोजमर्रा के झंझावातों, आंतरिक चुनौतियों और दिन प्रतिदिन गुरबत की बढ़ती जकड़बंदी के बीच असल समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए पाक हुक्मरानों ने भारत का भय दिखाकर राज करने की जो रणनीति अपनायी उसकी स्वाभाविक परिणति है कि आज पाकिस्तान जल ही नहीं रहा है बल्कि गृहयुद्ध के मुहाने पर खड़ा पूरी तरह भस्म होने की प्रतीक्षा कर रहा है। दरअसल पाकिस्तानी हुक्मरानों ने अवाम को कभी शिक्षा, स्वास्थ्य, गरीबी जैसे मुद्दों पर सोचने का मौका ही नहीं दिया। जब भी पाकिस्तान में इस पर कोई सार्थक संवाद का मौका आया तो उन्होंने भारत के साथ दुश्मनी को धधकाकर उसमें अपनी रोटियां सेंकने का काम किया। 'ब्लीड इंडिया थाउजैंड कट' हवा में निकला शब्द नहीं है बल्कि यह पाकिस्तानी हुक्मरानों की अपने अवाम के साथ सोची-समझी साजिश थी। अपने हुक्मरानों से पाकिस्तानी अवाम ने जब भी रोजी, रोटी और रोजगार मांगा तो उन्होंने परमाणु बम, कश्मीर और गजवा-ए-हिंद थाली में सजाकर परोस दिया। दरअसल पाकिस्तान के पास राष्ट्रीय एकता के कोई सूत्र हैं ही नहीं। भारत के साथ दुश्मनी ही एक ऐसा कॉमन एजेंडा है जिसके सहारे बचा-खुचा पाकिस्तान बीती आधी से सदी से अपना भूगोल जैसे-तैसे बचाये है। लेकिन संतरानुमा एकजुटता कब तक बचेगी, कभी न कभी तो कोई ऐसा मोड़ आयेगा जहां छिलका उतरेगा और पाकिस्तान पंजाब, सिंधु, ब्लोच और खैबर पख्तूनखवा जैसे अनेक हिस्सा में बिखर जायेगा। दरअसल पाकिस्तान की सेना और सियासतदान इतने धूर्त हैं जिसका अनुमान लगाना आसान नहीं है। कौटिल्य ने अर्थशास्त्र में जिस विदेश नीति का जिक्र किया है उसमें यह बताया है कि जब राजा की गद्दी पर खतरा आ जाये, तो उसे पड़ोसी देश का भय दिखाकर अपने पीछे एकजुट करना चाहिए। पाकिस्तान के हुक्मरानों ने इसे खूब आजमाया। शहबाज शरीफ ने भी आते की कश्मीर राग छेड़ दिया है।

**वीरेन्द्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## राहुल को फिर से लॉन्च करने का एक और विफल प्रयास

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने बृहस्पतिवार को राहुल गांधी को सलाह दी कि वह ऐसी चीजें न करें, जो उनकी क्षमताओं से बाहर हों। रीजीजू ने दावा किया कि कांग्रेस राहुल के राजनीतिक कॅरियर को फिर से लॉन्च करने के हर प्रयास में विफल साबित हुई है। रीजीजू ने कहा कि यदि वह राहुल गांधी की तरह नाकामियों का सामना करते तो अपनी पार्टी और सहयोगियों का बहुमूल्य समय ऐसी चीजों में बर्बाद नहीं करते, जो हो ही नहीं सकतीं।अरुणाचल प्रदेश से तीन बार लोकसभा सदस्य के रूप में निर्वाचित होने वाले रीजीजू ने दावा किया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा राहुल को लॉन्च करने का एक और प्रयास है और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष इसमें भी बुरी तरह से विफल साबित हुए हैं।रीजीजू ने पूछा, दुनिया के किसी भी हिस्से में आपको लॉन्च होने का दूसरा मौका नहीं मिलता। मुझे लगता है कि उन्हें (राहुल) 19 बार लॉन्च किया जा चुका है। आप एक व्यक्ति को कितनी बार लॉन्च करेंगे?

## राशन कार्ड पते का प्रमाण नहीं: अदालत

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा है कि राशन कार्ड विशेष रूप से जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत आवश्यक सामग्री प्राप्त करने के लिए जारी किया जाता है और इसे पता या आवास का प्रमाण नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति चंद्रधारी सिंह ने क्षेत्र के पुनर्विकास के बाद पुनर्वास योजना के तहत वैकल्पिक आवास की मांग करने वाले कठपुतली कॉलोनी के पूर्व निवासियों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि योजना के तहत लाभ का दावा करने के लिए अनिवार्य दस्तावेज के रूप में राशन कार्ड की आवश्यकता मनमानी और अवैध है। अदालत ने हाल में एक आदेश में कहा, राशन कार्ड की परिभाषा के अनुसार इसे जारी करने का प्रयोजन यह है कि इसका लक्ष्य राशन दुकानों के माध्यम से आवश्यक खाद्य पदार्थ वितरित करना है। इसलिए यह किसी राशन कार्ड धारक के लिए आवास का पहचान पत्र नहीं हो सकता। उसने कहा, राशन कार्ड जारी करने वाले प्राधिकार ने ऐसी कोई प्रणाली नहीं बनाई है जो सुनिश्चित करे कि राशन कार्ड धारक उस पर अंकित पते पर ही रहता है।

## अंकित हत्याकांड में तीन को कारावास

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने अंतर धार्मिक प्रेम संबंधों के कारण फरवरी 2018 में फोटोग्राफर अंकित सक्सेना की दिनदहाड़े की गई हत्या के मामले में बृहस्पतिवार को तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। विशेष लोक अभियोजक विशाल गोसाईं और रेबेका मैमन जॉन ने अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी की। पिछले साल 23 दिसंबर को अदालत ने सक्सेना की प्रेमिका शहजादी के माता-पिता अकबर अली और शहनाज बेगम तथा मामा मोहम्मद सलीम को इस मामले में दोषी ठहराया था। ये तीनों सक्सेना और शहजादी के रिश्ते के खिलाफ थे जिसके चलते इन्होंने पश्चिमी दिल्ली के ख्याला इलाके में सक्सेना (23) पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी हत्या कर दी थी।

## मनीष व संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया और संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बृहस्पतिवार को बढ़ा दी। उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर उन्हें अदालत में पेश किया गया जहां विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने हिरासत की अवधि बढ़ा दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यह कहते हुए उनकी न्यायिक हिरासत बढ़ाने की मांग की कि मामला महत्वपूर्ण चरण में है और अगर उन्हें रिहा किया गया तो वे जांच में बाधा डाल सकते हैं। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज किये गये मामले में आरोप लगाया गया है कि दिल्ली आबकारी नीति को संशोधित करते समय अनियमितताएं की गईं, लाइसेंस धारकों को अनुचित लाभ दिया गया, लाइसेंस शुल्क माफ कर दिया गया या कम कर दिया गया।

# आर्थिक कानूनों में बदलाव की जरूरत



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत को अपनी वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में बदलाव करने की जरूरत है। उन्होंने औपनिवेशक दौर के कानूनों की जगह लेने के लिए बनाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को यह बात कही।

सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के एक कार्यक्रम में वैष्णव ने कहा कि देश भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने के साथ आपराधिक न्यायशास्त्र में बदलाव का गवाह बनने जा रहा है। इन तीनों कानूनों को पिछले साल 21 दिसंबर को संसद की मंजूरी मिली थी जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन्हें मंजूरी दी थी। ये तीनों कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की जगह लेंगे। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने कहा कि इन कानूनों की तरह हमारी मौजूदा आवश्यकताओं और वृद्धि की जरूरतों को देखते हुए आर्थिक कानूनों में भी बदलाव की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अगर आप 2,000 अच्छे वकीलों की सेवाएं लेते हैं तो आप अगले पांच वर्षों में लगभग 35,000 कानूनों में सुधार कर सकते हैं। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में सरकार विनिर्माण क्षेत्र पर अधिक ध्यान देगी क्योंकि इस क्षेत्र में रोजगार सृजन की व्यापक क्षमता है। इससे पहले वैष्णव ने नीति आयोग के नए मंच नीति फॉर स्टेट्स की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। इसके अलावा उन्होंने नीति आयोग की इमारत में विकसित भारत रणनीति कक्ष का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना और ज्ञान साझा करने का काम करेगा।

## नीति आयोग के डिजिटल बुनियादी ढांचा मंच की वैष्णव ने की शुरुआत

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के मंच नीति फॉर स्टेट्स की शुरुआत की जो नीति और शासन के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा है। संचार, रेलवे और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री वैष्णव ने नीति आयोग की इमारत में विकसित भारत रणनीति कक्ष का भी उद्घाटन किया। यह कक्ष प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्दृष्टि, सूचना और ज्ञान साझा करने का काम करेगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, नीति आयोग का मंच नीति फॉर स्टेट्स 7,500 सर्वोत्तम प्रथाओं, 5,000 नीतिगत दस्तावेजों, 900 से अधिक डेटासेट, 1,400 डेटा प्रोफाइल और 350 नीति प्रकाशनों का एक बहु-क्षेत्रीय सजीव भंडार होगा। इस डिजिटल मंच पर उपलब्ध सूचनाएं 10 क्षेत्रों से जुड़ी हैं। इनमें कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, स्वास्थ्य, आजीविका और कौशल, विनिर्माण, एमएसएमई, पर्यटन, शहरी मामले, जल संसाधन और जल, स्वच्छता एवं स्वच्छता) शामिल हैं। ये तमाम आंकड़े स्त्री-पुरुष विभाजन और जलवायु परिवर्तन की विषयवस्तु पर उपलब्ध होंगे। बयान के मुताबिक, यह मंच सरकारी अधिकारियों को मजबूत, प्रासंगिक और कार्रवाई-लायक ज्ञान एवं अंतर्दृष्टि देगा जिससे उनके निर्णय लेने की गुणवत्ता बढ़ेगी। बयान में कहा गया है कि यह मंच जिलाधिकारियों और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नवीन सर्वोत्तम प्रथाओं तक पहुंच प्रदान करके भी समर्थन देगा। वहीं विकसित भारत रणनीति कक्ष में उपयोगकर्ता डेटा, रुझान, सर्वोत्तम प्रथाओं और नीतियों की एक गहन वातावरण में परिकल्पना कर सकेंगे।

# अमित शाह आज जारी करेंगे राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस



नयी दिल्ली। सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार को सहकारिता केंद्रित आर्थिक मॉडल के विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस जारी करेंगे। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, शाह राष्ट्रीय सहकारिता डाटाबेस, 2023 पर एक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण सहकार से समृद्धि को पूरा करने के लिए यह सहकारिता मंत्रालय का एक और महत्वपूर्ण कदम है। इस पहल के तहत, सहकारिता मंत्रालय ने देश के विशाल सहकारी क्षेत्र के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करने के लिए एक मजबूत डाटाबेस की जरूरत को पहचाना है। बयान में कहा गया, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय महासंघों और संबंधित पक्षों के साथ गठजोड़ करते हुए, सहकारी-केंद्रित आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस विकसित किया गया है। डाटाबेस एक वेब-आधारित डिजिटल डैशबोर्ड है जिसमें राष्ट्रीयाराज्य संघों सहित सहकारी समितियों के आंकड़ों को शामिल किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रीय डाटाबेस ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में फैली 29 करोड़ से अधिक की सदस्यता वाली लगभग आठ लाख सहकारी समितियों की जानकारी एकत्र की गयी है।

# 75 प्रतिशत घरों में पहुंचा है नल से जल कनेक्शन

नयी दिल्ली। जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश के ग्रामीण इलाकों में अब तक लगभग 75 प्रतिशत घरों में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराए जा चुके हैं। शेखावत ने इसे एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए लक्ष्य की दिशा में प्रयास करने के लिए सभी राज्यों को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, सभी घरों में नल से जल कनेक्शन उपलब्ध कराने की हमारी यात्रा में यह बड़ी उपलब्धि है, हमने हर घर जल की दिशा में 75 प्रतिशत का आंकड़ा पार कर लिया है। हर घरों में नल से जल उपलब्ध कराने के हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में अथक प्रयास के लिए सभी राज्यों और टीम जल जीवन मिशन को बधाई देता हूं। धीरे-धीरे हम एक मजबूत, स्वस्थ भारत का निर्माण कर रहे हैं।

अनुसार कुल 19,27,94,822 ग्रामीण घरों में से अब तक 14,46,57,889 को नल से जल कनेक्शन मिल चुका हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण इलाकों में 100 प्रतिशत कवरेज हासिल कर लिया है। कुल 15 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में नल से जल कवरेज 75-100 प्रतिशत के बीच है और छह राज्यों में 50-75 प्रतिशत है।

# गोवा के समुद्र तटों पर सह-कार्यस्थल बनाने की तैयारी



पणजी। गोवा आने वाले पर्यटकों के लिए राज्य के मोरजिम और अश्वेम समुद्र तटों पर जल्द ही सह-कार्यस्थल बनाए जाएंगे जहां पर वे पर्यटन के साथ काम भी कर सकेंगे। राज्य के पर्यटन सचिव संजीव आहूजा ने यात्रा व्यापार प्रदर्शनी आईटीबी बर्लिन में कहा कि गोवा सरकार न केवल अपने समुद्र तटों बल्कि अन्य गतिविधियों के लिए भी राज्य को एक पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देना चाहती है।

उन्होंने कहा कि हम खासकर यूरोप से और अधिक खर्च करने वाले पर्यटकों को समग्र अनुभव देकर ज्यादा संख्या में गोवा बुलाना चाहते हैं। इसी क्रम में गोवा के समुद्र तटों पर सह-कार्यस्थल की अवधारणा पेश की गई है। इसमें राज्य सरकार लोगों को घूमने का वीजा देगा जो यहां आने पर काम कर सकते हैं और समुद्र तटों का लुत्फ भी उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ऐसे यात्रियों के लिए घुमक्कड़ वीजा देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय और विदेश मंत्रालय को पहले ही पत्र लिख चुकी है। आहूजा ने कहा कि मोरजिम और अश्वेम समुद्र तटों पर सह-कार्यस्थल की सुविधाएं विकसित की जा रही हैं और ये जल्द ही तैयार हो जाएंगी। पर्यटन सचिव ने कहा कि गोवा सरकार स्थानीय लोगों, संस्कृति, व्यंजनों, त्योहारों और यहां तक कि किसानों को भी पर्यटन परिदृश्य का हिस्सा बनाना चाहती है।

# सीएपीएफ कर्मियों के लिए किया हवाई सेवा का विस्तार

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जातीय हिंसा प्रभावित मणिपुर में सुरक्षा बलों की निरंतर तैनाती के कारण कोलकाता और इंफाल के बीच यात्रा करने वाले सीएपीएफ कर्मियों के लिए चार्टर्ड विमान की सेवा का विस्तार कर इसे सप्ताह में छह दिन कर दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी), केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत आने वाले अन्य संगठनों जैसे खुफिया ब्यूरो, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) कर्मियों के लिए हवाई कूरियर सेवा को बढ़ाया गया है। हवाई कूरियर सेवा जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से प्रभावित राज्यों के अत्यधिक संवेदनशील क्षेत्रों में सेवारत सुरक्षा कर्मियों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा चार्टर्ड विमानों की तरह वाणिज्यिक एयरलाइन विमानों की विशेष भागीदारी से संबंधित है।

# भाजपा संदेशखालि को लेकर गलत सूचना फैला रही



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संदेशखालि की घटना को लेकर गलत सूचना फैला रही है। उन्होंने साथ ही दावा किया कि पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए देश में सबसे सुरक्षित राज्य है।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल सरकार को महिला सुरक्षा पर भाषण देने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री तब चुप रहते हैं जब भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर अत्याचार होता है। कलकत्ता उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय का स्पष्ट संदर्भ देते हुए उन्होंने कहा, हम आपकी हार सुनिश्चित करेंगे फिर चाहे लोकसभा चुनाव में आप कहीं से भी लड़े। गंगोपाध्याय बृहस्पतिवार को ही भाजपा में शामिल हुए। ममता बनर्जी ने महिला अधिकार को लेकर कोलकाता में आयोजित रैली का नेतृत्व किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, कई लोगों ने संदेशखालि पर फर्जी संदेश दिया है। कुछ घटनाओं को जिस तरह से दिखाया गया वह निंदनीय है। कुछ घटनाएं घटी होंगी और वे हम तक नहीं पहुंची होंगी। लेकिन जब हमें पता चलता है तो हम कार्वाई करते हैं। अगर तृणमूल कार्यकर्ता गलती पर हैं तो मुझे उसे गिरफ्तार करने में कोई झिझक नहीं है। प्रधानमंत्री का नाम लिए बिना तृणमूल प्रमुख ने कहा, कल आप यहां आये और हमें उपदेश दिया कि यहां महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में वीभत्स बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। भाजपा को शर्म आनी चाहिए कि मणिपुर में हमारी बेटियों के साथ बलात्कार किया गया और उन्हें जला दिया गया। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल महिलाओं की सुरक्षा के लिहाज से देश का सबसे सुरक्षित राज्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा था कि संदेशखालि का ज्वार पूरे पश्चिम बंगाल में फूटेगा, जहां नारी शक्ति लोकसभा चुनावों में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ममता बनर्जी का यह बयान इसी संदर्भ में आया है। बनर्जी ने भाजपा नेताओं पर पश्चिम बंगाल में महिलाओं की सुरक्षा के बारे में अफवाह फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं पर अत्याचार होता है तो वे चुप्पी साध लेते हैं। उन्होंने अपने फैसलों के जरिये राज्य के हजारों युवाओं की नौकरी छीन ली।

# काम और जिंदगी के बीच संतुलन महिलाओं के करियर की बड़ी बाधा



नयी दिल्ली। कामकाज और निजी जिंदगी के बीच संतुलन महिलाओं के लिए करियर में आगे बढ़ने की राह में एक बड़ी बाधा है। एक सर्वेक्षण से यह नतीजा निकला है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 70 प्रतिशत लोगों का मानना है कि महिलाओं के लिए काम एवं जिंदगी के बीच संतुलन साधना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

इससे महिलाओं का करियर विकास भी प्रभावित होता है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 77 प्रतिशत प्रतिभागियों का मत है कि पिछले वर्षों की तुलना में नेतृत्व वाले पदों पर महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ा है। हीरो वायर्ड ने एक विज्ञप्ति में कहा कि भारत में आधुनिक कार्यस्थलों में महिलाएं शीर्षक रिपोर्ट को दो लाख महिलाओं के बीच कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किया गया है। यह सर्वेक्षण आठ मार्च को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पहले आया है। इस रिपोर्ट में एक अंतराल के बाद काम पर लौटने वाली महिलाओं को पेश आने वाली चुनौतियों का भी जिक्र किया गया है। रिपोर्ट कहती है कि इन महिलाओं के लिए संपर्क से बाहर महसूस करना, कौशल में गिरावट को लेकर चिंता और नौकरी के उपयुक्त अवसर तलाशने में परेशानियां जैसे कारक बड़ी बाधाएं बनकर उभरते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, करियर में दोबारा सहज होने और आगे बढ़ने की इच्छा के बावजूद ये चुनौतियां अक्सर महिलाओं को कार्यस्थल में अपनी क्षमता का पूरी तरह लाभ उठाने से रोकती हैं। हालांकि 59 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि आज के कार्यबल में महिलाओं के पास पुरुषों के समान अवसर हैं, जो कार्यस्थल समानता की दिशा में बदलती गतिशीलता को दर्शाता है।

## पेज एक का शेष

### बरेली : हत्या

थी। पटेल ने बताया कि मुकदमे के मुताबिक छत का दरवाजा खुला था तथा मिश्रा ने जब पास के एक निर्माणाधीन मकान की छत से अपने घर के अंदर जाकर देखा तो उनकी मां पुष्पा (70) का शव सीढ़ियों के पास पड़ा था, जबकि बेडरूम में उसके भाई योगेश और भाभी प्रिया के शव पड़े थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था।

पटेल ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध डकैती, हत्या और आपराधिक षडयंत्र के आरोपों में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। उनके मुताबिक तफ्तीश के दौरान शेरगढ़ कुड़ला नगरिया निवासी वाजिद, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी हसीन, यासीन उर्फ जीशान, नाजिमा, हाशिमा, सम्भल निवासी समीर उर्फ साहिब उर्फ नफीस, बिथरी चैनपुर डेरा उमरिया निवासी जुल्फाम और फहीम, गिरोह द्वारा चोरी किये गये माल को खरीदने वाला सर्राफा कारोबारी शाहजहांपुर कोतवाली निवासी राजू वर्मा समेत नौ आरोपियों की संलिप्तता पाये जाने पर अदालत में उनके खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था।

पटेल ने बताया कि घटना में शामिल सर्राफा कारोबारी रवि वर्मा को उम्र कैद हुई है जबकि बाकी आठ दोषी लोगों को फांसी की सजा सुनाई गई है।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने विवेचना में पाया था कि अभियुक्त रात में पड़ोस के निर्माणाधीन मकान के रास्ते मिश्रा के घर में घुसे थे और लूट के दौरान जाग गयी उनकी बुजुर्ग मां के सिर पर ईंट से प्रहार करके उनकी हत्या कर दी थी। पटेल के अनुसार उसके बाद लुटेरों ने मिश्रा के भाई और भाभी को भी सब्बल और ईंट ताबड़तोड़ वार करके मार डाला था।

### गरीब, दलित

सर्व हिताय और सर्वजन सुखाय का वो भाव जो मोदी जी ने सबके विकास के मंत्र के माध्यम से देश को दिया था। आज मैं में दावे से कह सकता हूं, कि आजादी के बाद भी हमारा जो समाज दबा हुआ था, वंचित था। समाज की मुख्यधारा से अपने आपको विकसित महसूस करता था। आज उसे लगता है कि जब डॉ. बीआर आंबेडकर के नाम पर मोदी के द्वारा पंच तीर्थ की घोषणा होती है और उन्हें मूर्त रूप दिया जाता है। उसे भी एहसास होता है कि देखिए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का सम्मान का मतलब देश के संविधान का सम्मान, भारत की संसदीय प्रणाली का सम्मान और देश के कोटि- कोटि उन दबे कुचले उन लोगों को एक आवाज देने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया। आपने देखा हो कि भगवान राम के साथ संवाद बनाने वाले जो एक त्रिकालदर्शी ऋषि थे, तो उनका नाम था महर्षि वाल्मिकी। और जब अयोध्या में राम जन्मभूमि 500 वर्षों का इतंजार समाप्त भव्य रामलला के दर्शन जनसाधारण को कराने की बारी आयी तो सबसे पहले मोदी ने महर्षि वाल्मीकि के नाम पर अयोध्या के इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नामकरण किया। ये पहली बार हुआ कि महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बना। ये पहले नही हो पाया, लेकिन मोदी ने किया। अब आप जब अयोध्या जाएंगे, तो पहले दर्शन आपको महर्षि वाल्मीकि के होंगे। काशी मे सीरगोवर्धन, सदगुरू संत रविदास की पावन भूमि है। इस जमीन पर विवाद था। पहले की सरकारें कुछ नही कर पा रही थी। जब मोदी सांसद बने काशी से, तो उन्होंने संकल्प लिया कि इसके लिए हमें कुछ करना है। आज वहां का परिणाम है कि आज वहां पर संत रविदास महाराज की 25 फुट ऊंची प्रतिमा का लोकार्पण कर दिया है। भव्य पार्क और म्यूजियम का निर्माण वहां पर हो गया है। अब उस पावन जगह पर जाने के लिए फोर लेन की कनेक्टिविटी भी हो गई है। पहले सिंगल लेन की भी सड़क नही थी।

### केन्द्रीय कर्मियों का

इंडिया एआई मिशन को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस राशि का इस्तेमाल बड़े कंप्यूटिंग ढांचे के सृजन पर किया जाएगा। गोयल ने संवाददाताओं से कहा एआई पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए 10,000 से अधिक जीपीयू वाली सुपरकंप्यूटिंग क्षमता विभिन्न हितधारकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

गोयल ने कहा कि स्टार्टअप, शिक्षा जगत, शोधकर्ताओं और उद्योग को भारत एआई मिशन के तहत स्थापित एआई सुपरकंप्यूटिंग बुनियादी ढांचे तक पहुंच प्रदान की जाएगी। मिशन के तहत एक राष्ट्रीय डेटा प्रबंधन अधिकारी नियुक्त किया जाएगा जो डेटा की गुणवत्ता में सुधार करने और उन्हें एआई विकास और तैनाती के लिए उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों और मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा।

सरकार ने पूर्वोत्तर राज्यों में नई औद्योगिक विकास योजना उन्नति के लिए 10,237 करोड़ रुपये की मंजूरी दी। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार केंद्रीय मंत्रिमंडल ने यहां एक बैठक में पूर्वोत्तर बदलावकारी औद्योगीकरण योजना, 2024 को मंजूरी दे दी। पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों में उद्योगों के विकास और रोजगार सृजन के लिए केंद्रीय क्षेत्र की योजना की घोषणा की गई है। योजना का मुख्य उद्देश्य लाभकारी रोजगार उत्पन्न करना है, जिससे क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। यह योजना विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में उत्पादक आर्थिक गतिविधियां तैयार करेगी। योजना के तहत निवेशकों को नई इकाइयां स्थापित करने या मौजूदा इकाइयों का महत्वपूर्ण विस्तार करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। यह योजना आठ साल की प्रतिबद्ध देनदारियों के साथ अधिसूचना की तारीख से 31 मार्च, 2034 तक प्रभावी रहेगी।

### विकास की

छू रहा है क्योंकि वह आज खुलकर सांस ले रहा है। जम्मू-कश्मीर ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद की बेड़ियां तोड़ दी हैं। उन्होंने कहा ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसका इंतजार हम सभी को कई दशकों से था। ये वो नया जम्मू कश्मीर है, जिसके लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया था। इस नए जम्मू कश्मीर की आंखों में भविष्य की चमक है, इस नए जम्मू कश्मीर के इरादों में चुनौतियों को पार करने का हौसला है। भाजपा नीत केंद्र सरकार द्वारा पांच अगस्त 2019 को पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त करने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने के बाद से प्रधानमंत्री की कश्मीर की यह पहली यात्रा है। करीब 5,000 करोड़ रुपये का समग्र-कृषि विकास कार्यक्रम राष्ट्र को समर्पित करने के बाद मोदी ने कहा कि वह श्रीनगर के लोगों के बीच आकर प्रफुल्लित हैं। उन्होंने कहा आज जो विकास परियोजनायें समर्पित की जा रही हैं, उनसे जम्मू-कश्मीर के विकास को बल मिलेगा। एक विकसित जम्मू-कश्मीर विकसित भारत की प्राथमिकता है। जम्मू-कश्मीर को देश का मुकुट बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित जम्मू-कश्मीर के निर्माण का रास्ता पर्यटन संभावनाओं और किसानों के सशक्तीकरण से निकलेगा।

### बहराइच व

फखरपुर में भर्ती कराया गया। जहां पर डाक्टरों ने हालत गंभीर देखकर दोनों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया। जहां बालदे की भी मौत हो गई। ननकू का इलाज जारी है। थानाध्यक्ष करुणाकर पांडेय ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं बुधवार की शाम हरदोई जिले के टड़ियावां थाना क्षेत्र के हरिहरपुर पेट्रोल पंप के नजदीक स्टेयरिंग धूम जाने से जाने से आल्टो कार पेड़ से टकरा कर दो टुकड़ों में बंट गई। इस हादसे में मां और उसकी दो बेटियों की मौत हो गई। चार लोगों के घायल होने की खबर है। पुलिस सारे मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि बुधवार को टड़ियावां थाने के तौकलपुर निवासी 46 वर्षीय यासीन अली पुत्र आशिक अली अपने रिश्तेदार उसी थाने के जयराजपुर निवासी 35 वर्षीय टूनी पुत्र नादिर अली, टूनी की 30 वर्षीय पत्नी रोजी और उसकी बेटियों 7 वर्षीय अलीना, 5 वर्षीय सेलिना, 3 वर्षीय हिना और 2 वर्षीय गुलनाज के साथ अपनी आल्टो कार नंबर यूपी-32/एएक्स/3432 से जा रहा था। उसी बीच रास्ते में हरिहरपुर पेट्रोल पंप के पास उक्त हादसा हो गया जिसमें रोजी और उसकी सबसे छोटी बेटी गुलनाज की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बड़ी बेटी अलीना ने मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही दम तोड़ दिया। हादसे का पता होते ही एसएचओ अशोक कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जख्मी हुए यासीन अली, टूनी, सेलिना व हिना को मेडिकल कॉलेज पहुंचवाया। हादसे की जांच की जा रही है। बताया गया है कि यासीन और टूनी आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों किसी शादी समारोह में शामिल हो कर लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में पलक झपकते हुए हादसे ने सारी की सारी खुशियां छीन लीं।

### आयोग ने स्थगित

इसका असर पीसीएस परीक्षा की तैयारी पर पड़ा। परीक्षा स्थगित की सूचना पर अभ्यर्थियों ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर परीक्षा के लिए समय मिलने की बात कहीं।

### कासिम गुज्जर

तरह की आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद, विस्फोटक उपकरण और नकदी गिराने के लिए ड्रोन के समन्वय, आपूर्ति, स्थानों की पहचान करना शामिल है। अधिसूचना में कहा गया है कि वह सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन संचार अनुप्रयोगों सहित विभिन्न माध्यमों से भर्ती और कट्टरपंथ के माध्यम से नए आतंकी मॉड्यूल बनाने में भी शामिल रहा है। गृह मंत्रालय ने कहा कि गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 को व्यक्तियों और संगठनों की गैरकानूनी गतिविधियों की अधिक प्रभावी रोकथाम, आतंकवादी गतिविधियों से निपटने और उनसे जुड़े मामलों के लिए अधिनियमित किया गया है। अधिसूचना में केंद्र सरकार ने कहा कि गुज्जर (32) प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा है। गुज्जर जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले का रहने वाला है और वर्तमान में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में रह रहा है। अधिसूचना में कहा गया कि वह विभिन्न आतंकी हमलों और बम विस्फोटों में शामिल रहा है और इन आतंकी घटनाओं में कई लोगों की मौत और घायल होने के लिए जिम्मेदार है। इसके चलते गुज्जर को आतंकवादी घोषित करने का निर्णय लिया गया। वह आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत आतंकवादी घोषित किया जाने वाला 57वां व्यक्ति है।

### जौनपुर में भाजपा

अजय पाल शर्मा ने कहा कि हत्याकांड का जल्द खुलासा करके बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल में जौनपुर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह सहित अनेक भाजपा नेता पहुंच गए।

### भारत पर बुरी

है, तो विकासशील देशों के पास दो विकल्प-नवाचार और अनुकरण-होते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार देश को अनुकरण करने वाला बनाने के बजाय प्रौद्योगिकी निर्माता बनाने पर विशेष जोर दे रही है।

### सपा विधायक

कि उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा सोलंकी और अन्य के खिलाफ दर्ज कई प्राथमिकियों का संज्ञान लेकर प्रवर्तन निदेशालय ने उनके विरुद्ध धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत आपराधिक मामला दर्ज किया था जिसके बाद यह कार्वाई की गई। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा के विधायक सोलंकी कई आपराधिक मामलों में दिसंबर 2022 से महाराजगंज जेल में हैं।

# कुलदीप-अश्विन की फिरकी में फंसे अंग्रेज

## इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमटी, भारत का स्कोर 135/1, रोहित (52*) व यशस्वी (57*) ने जड़ा अर्धशतक

**धर्मशाला ।** बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव के पांच और 100वां टेस्ट खेल रहे ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के चार विकेट से इंग्लैंड को 218 रन पर समेटने के बाद भारत ने पांचवें और अंतिम क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन एक विकेट पर 135 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। कप्तान रोहित शर्मा (83 गेंद में नाबाद 52, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (58 गेंद में 57 रन, पांच चौके, तीन छक्के) ने अर्धशतक जड़ने के अलावा पहले विकेट के लिए 104 रन की तेजतर्रार साझेदारी करके भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। दिन का खेल खत्म होने पर शुभमन गिल 26 रन बनाकर रोहित का साथ निभा रहे थे। भारत अब इंग्लैंड से सिर्फ 83 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। कुलदीप (72 रन पर पांच विकेट) ने इससे पहले पारी में चौथी बार पांच या इससे अधिक विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड के शीर्ष और मध्य क्रम को समेटा तो वहीं अश्विन (51 रन पर चार विकेट) ने निचले क्रम को ध्वस्त किया। रविंद्र जडेजा (17 रन पर एक विकेट) ने भी एक विकेट चटकाए जिससे सभी 10 विकेट स्पिनरों के खाते में गए। इंग्लैंड की ओर से सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (108 गेंद में 79 रन, 11 चौके और एक छक्का) शीर्ष स्कोरर रहे। अश्विन की तरह अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (18 गेंद में 29 रन), सलामी बल्लेबाज बेन डकेट (27), जो रूट (26) और बेन फोक्स (24) अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे।



कुलदीप यादव(72 रन पर पांच विकेट) के पांच विकेट लेने के बाद बधाई देते साथी खिलाड़ी

### यशस्वी जायसवाल सबसे कम मैचों में 1000 रन बनाने वाले भारतीय

यशस्वी जायसवाल ने धर्मशाला के मैदान पर टेस्ट करियर के एक हजार रन पूरे किए। इसके साथ ही वे सबसे कम मैचों में एक हजार रन बनाने वाले भारतीय बैटर बन गए। वहीं, सबसे कम इनिंग्स में ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय बने। इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में वे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर बन गए। इससे पहले विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए थे। इसी के साथ एक टीम के खिलाफ सिक्स लगाने के मामले में भी वे सबसे आगे आ गए हैं।

## आईपीएल बेहद लोकप्रिय है पर टेस्ट क्रिकेट ही जीवन है : अश्विन

**धर्मशाला।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ से गुरुवार को यहां अपनी विशेष 100वीं टेस्ट कैप प्राप्त करने के बाद रविचंद्रन अश्विन की आवाज में भावनाओं और गर्व को महसूस किया जा सकता था। इस अनुभवी ऑफ स्पिनर ने इस दौरान कहा कि टेस्ट क्रिकेट जीवन के सबसे करीब है। इंग्लैंड के खिलाफ यहां पांचवें और अंतिम टेस्ट के साथ इस उपलब्धि को हासिल करने वाले अश्विन ने इस दौरान लुभावनी टी20 लीग के बीच टेस्ट क्रिकेट का समर्थन किया। अश्विन ने कहा, आईपीएल एक बेहद लोकप्रिय टूर्नामेंट रहा है, बहुत सारे बच्चे टी20 खेलना और आईपीएल में जाना चाहते हैं। मैं सचमुच चाहता हूं कि वे वहां पहुंचें। लेकिन एक बात याद रखें, यह प्रारूप (टेस्ट)... यह कई चीजों में है जो जीवन आपको नहीं सिखाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट ही जीवन है। यह जीवन के सबसे करीब है। यह आपको सामंजस्य बैठाना, दबाव से निपटना सिखाएगा। वर्ष 2011 में टेस्ट पदार्पण करने वाले 37 वर्षीय अश्विन ने उन पर विश्वास करने और उनकी यात्रा का समर्थन करने के लिए अपने पिता रविचंद्रन की भी सराहना की।



## कार्तिक का होगा आखिरी आईपीएल

धर्मशाला। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र में अंतिम बार इस लुभावनी लीग में खेलने की तैयारी रहे हैं और इस टी20 लीग के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की ओर से खेलने वाले 38 वर्षीय कार्तिक 2008 से आईपीएल के सभी 16 सत्र में खेले हैं। इस दौरान 16 सत्र में वह सिर्फ दो मैच नहीं खेले बीसीसीआई के एक सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 2024 सत्र उनका आखिरी आईपीएल होगा। वह आईपीएल के बाद अपने अंतरराष्ट्रीय संन्यास पर फैसला करेंगे। आईपीएल में सबसे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाजों में से एक कार्तिक ने लीग में छह टीमों का प्रतिनिधित्व किया है। वह 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के साथ शुरुआत करने के बाद 2011 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) से जुड़े। वह अगले दो सत्र मुंबई इंडियन्स की ओर से खेलने के बाद 2014 में 12.5 करोड़ रुपये की भारी भरकम राशि पर दोबारा दिल्ली से जुड़े। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने उन्हें 2015 में 10.5 करोड़ रुपये में अनुबंधित किया। वह 2016 और 2017 में गुजरात लायंस की ओर से खेले और फिर चार सत्र तक कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे।

संक्षेप

### अंपायरिंग से संन्यास लेंगे मराइस इरास्मस

दुबई । दक्षिण अफ्रीका के मराइस इरास्मस शुक्रवार से न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया के बीच क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट में अंपायरिंग के बाद अंतरराष्ट्रीय अंपायरिंग से संन्यास ले लेंगे। इरास्मस ने अपना अंपायरिंग करियर 2006 में शुरू किया था। उन्होंने गुरुवार को अंपायरों के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल से संन्यास लेने के फैसले की घोषणा की। बतौर अंपायर अपने अंतिम टेस्ट से पहले इरास्मस ने कहा, एलीट पैनल में बहुत अच्छा समय बिताया, इस दौरान दुनिया भर में कुछ शीर्ष स्तरीय मैच और वैश्विक आईसीसी टूर्नामेंट में अंपायरिंग की। उन्होंने कहा कि मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेटर के तौर पर खेलने के बाद भी क्रिकेट से जुड़ाव जारी रखा और हर पल का लुत्फ उठाया । बतौर अंपायर आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट उनका 380वां मैच होगा जिसमें से 131 में वह टीवी अंपायर रहे। पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर इरास्मस तीन महिला टी20 विश्व कप (2010, 2012, 2014) में भी अंपायरिंग कर चुके हैं। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ज्योफ अलार्डिस ने उनके शानदार करियर के लिए बधाई देते हुए कहा कि मराइस का करियर बतौर अंतरराष्ट्रीय अंपायर शानदार रहा।

### सिंधू अर्थ आवर इंडिया की ब्रांड एंबेसडर बनी सिंधू

**नयी दिल्ली ।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू को इस साल के अर्थ आवर इंडिया के लिए सद्भावना दूत बनाया गया है। यह 18 साल पुराना आंदोलन है जो पर्यावरण संबंधी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। इस साल 23 मार्च को पृथ्वी दिवस मनाया जाएगा। सिंधू ने एक बयान में कहा कि मैं अधिक सतत जीवनशैली की ओर कदम बढ़ाते हुए और प्रकृति के साथ अधिक समय बिताते हुए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया के अर्थ आवर में शामिल हो रही हूं। उन्होंने कहा कि मैं जिम से बाहर निकलकर और सप्ताह में एक बार प्रकृति के बीच समय बिताकर पृथ्वी के लिए एक घंटा दे रही हूं। ग्रह के लिए कुछ सकारात्मक करके अधिक आशावादी और लचीला भविष्य बनाने के लिए इस अर्थ आवर में मेरे साथ शामिल हों।

### टाटा मोटर्स ने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें बढ़ाने की घोषणा की

मुंबई। टाटा मोटर्स, वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली भारत की सबसे बड़ी कंपनी, ने 1 अप्रैल, 2024 से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें 2 फीसद तक बढ़ाने की घोषणा की है। कीमतों में यह बढ़ोतरी इनपुट की पिछली लागतों के असर को देखते हुए हो रही है। दामों में बढ़ोतरी अलग-अलग मॉडल और वैरिएंट के अनुसार अलग-अलग होगी। लेकिन यह वाणिज्यिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी।

### फिटजी की द्रोणाचार्य स्कॉलरशिप 31 को

प्रयागराज। फिटजी द्रोणाचार्य (द्वितीय) परीक्षा आयोजित करने वाला है। पहली बार इस तरह की स्कालरशिप परीक्षा होगी। इसमें वैज्ञानिक पद्धति से तैयार बेहतरीन अकादमिक डायग्नोस्टिक टूल इस्तेमाल होगा। द्रोणाचार्य (द्वितीय) से भारत में प्रतियोगिता परीक्षाओं की दुनिया में एक नया दौर शुरू होने वाला है। छठी, सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा में जाने वाले छात्रों के लिए 31 मार्च, 2024 को पूरे भारत में होगी। जयपुर, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना अपवाद हैं। द्रोणाचार्य ( ।।) परीक्षा - भारत की छिपी प्रतिभा की पहचान, उनकी पूरी क्षमता के विकास और संवर्धन में महत्वपूर्ण इस परीक्षा का सब को इंतजार था।

### टीटीके प्रेस्टीज का ओमेगा डाईकास्ट कुकवेयर रेंज पेश

नई दिल्ली। टीटीके प्रेस्टीज नई ओमेगा डाई-कास्ट कुकवेयर रेंज को पेश करने के लिए उत्साहित हैं। इस कलेक्शन में ग्लास लिड के साथ कड़ाही, ग्लास लिड के साथ कैसरोल, स्क्वेयर ग्रिल पैन, फ्राई पैन और डोसा तवा शामिल हैं, यह उनकी अगली पीढ़ी के हाई-परफॉर्मेंस कुकवेयर लाइनअप में एक उल्लेखनीय वृद्धि है। टिकाऊपन, कार्यक्षमता और बेजोड़ प्रदर्शन के सही तालमेल के साथ तैयार किए गए, इस कुकवेयर रेंज का उद्देश्य आपके खाना पकाने के प्रयासों में क्रांतिकारी बदलाव लाना और उन्हें अद्वितीय ऊंचाइयों तक ले जाना है। खाना बनाने के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कुकवेयर की यह रेंज मॉडर्न रसोई के लिए बिल्कुल सही है।

## भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे अवनि लेखरा और मनीष नरवाल

**नयी दिल्ली ।** भारत की स्टार पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा और मनीष नरवाल शुक्रवार से देश में शुरू होने वाले पैरा निशानेबाजी विश्व कप में 31 सदस्यीय मजबूत भारतीय दल की अगुआई करेंगे। देश में पहली बार पैरा निशानेबाजी विश्व कप का आयोजन किया जा रहा है। लेखरा ने 2020 तोक्यो ओलंपिक में इतिहास रच दिया था जब वह पैरालंपिक खेलों मे पोडियम पर पहुंचने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी बनी थीं। वहीं नरवाल ने मिश्रित 50 मीटर पिस्टल (एसएच1) में स्वर्ण पदक जीता था। अब 2024 पेरिस पैरालंपिक खेल करीब हैं तो इन दोनों शीर्ष निशानेबाजों के लिए अपनी तैयारियों को देखने का अच्छा मौका होगा। दोनों पहले ही पेरिस पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। यहां कर्णी सिंह रेंज में होने वाली इस प्रतियोगिता में 44 देशों के 267 पैरा निशानेबाज हिस्सा लेंगे जो पेरिस कोटा हासिल करने के लिए मौजूदा ओलंपिक चक्र का अंतिम टूर्नामेंट है। इस दौरान 20 पेरिस कोटे दाव पर लगे होंगे। दुनिया भर के मशहूर निशानेबाज इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। संयुक्त अरब अमीरात, रूस और चीन भी मजबूत टीम उतारेंगे। हालांकि रूस तटस्थ प्रतिभागी एथलीट (एनपीए) के तौर पर हिस्सा लेगा। भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) की निवर्तमान अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा, दुनिया हमें विश्व स्तरीय पैरा खेलों के आयोजनों की मेजबानी करने की क्षमता वाले देश के रूप में देखती है।

## सिंधू क्वार्टरफाइनल में, श्रीकांत हारे

फ्रेंच ओपन

पेरिस । भारतीय स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की बेवेन झांग पर तीन गेम की जीत से महिला एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि किदाम्बी श्रीकांत का सफर खत्म हो गया। घुटने की चोट से वापसी के बाद अपना पहला बीडब्ल्यूएफ टूर टूर्नामेंट खेल रही दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने पहले गेम में पिछड़ने के बाद दुनिया की 10वें नंबर की खिलाड़ी झांग को 13-21 21-10 21-14 से पराजित कर सत्र के पहले क्वार्टरफाइनल में जगह बनायी। अब दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू का सामना ओलंपिक चैम्पियन और



दूसरी वरीय चीन की चेन यु फेई और डेनमार्क की लिने क्रिस्टोफरर्सन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के चोऊ टिएन चेन को हराकर कमाल दिखाया था लेकिन राउंड 16 में चीन के गुआंग जू से 78 मिनट में 21-19 12-21 20-22 से हार गये। इससे पहले श्रीकांत का चीन के खिलाड़ी के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 5-0 था। महिला एकल में सिंधू ने क्रास कोर्ट विनर से शुरूआत की लेकिन झांग ने भारतीय खिलाड़ी को लंबी रैलियों पर उलझाकर दबाव बनाते हुए 11-7 की बढ़त को 14-9 कर दिया। अमेरिका की खिलाड़ी ने जल्द ही 16-11 से पांच अंक की बढ़त बना ली और आठ गेम प्वांइट जीत लिये। दूसरे गेम में भी झांग ने अपने शॉट से दबदबा बनाते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। पर सिंधू ने वापसी करते हुए 4-4 से बराबरी हासिल कर नेट के करीब प्रतिद्वंद्वी के कमजोर रिटर्न से 6-4 से आगे हो गयीं। इसके बाद से सिंधू ने अपने शॉट पर नियत्रंण बनाते हुए 9-5 से बढ़त बना ली और ब्रेक तक वह 11-7 से आगे थीं।

## नडाल के हटने के बाद नागल इंडियन वेल्स के मुख्य ड्रॉ में

**इंडियन वेल्स ।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने स्पेन के महान खिलाड़ी रफेल नडाल के बीएनपी परिबास ओपन से हटने पर लकी लूजर के रूप में टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई। शीर्ष स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं होने का हवाला देकर नडाल टूर्नामेंट से हट गए। छब्बीस साल के नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे लेकिन उस ड्रॉ में शीर्ष खिलाड़ी होने के कारण उन्हें मुख्य ड्रॉ में जगह मिली। वह अभी एटीपी रैंकिंग में 101वें स्थान पर हैं। नागल पहले दौर में 2016 विंबलडन के फाइनल में जगह बनाने वाले मिलोस राओनिक से भिड़ेंगे। नागल ने एक्स पर लिखा कि इंडियन वेल्स के साथ एटीपी मास्टर्स 1000 में पदार्पण करने को लेकर रोमांचित हूं। इससे पहले 37 साल के नडाल ने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। स्पेन का यह खिलाड़ी चोटों से जूझ रहा है और पिछले सत्र में उन्हें कूल्हे का ऑपरेशन कराने को बाध्य होना पड़ा था। टूर्नामेंट द्वारा जारी बयान में नडाल ने कहा, यह आसान फैसला नहीं है, यह मुश्किल है लेकिन मैं स्वयं से और अपने हजारों प्रशंसकों से झूठ नहीं बोल सकता। उन्होंने कहा, मैं कड़ी मेहनत और अभ्यास कर रहा हूं। आप सभी जानते हैं कि इस सप्ताहांत मैंने खुद को परखा लेकिन मैं खुद को इतने महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में उच्चतम स्तर पर खेलने के लिए तैयार नहीं पाता। चेन्नई चैलेंजर टूर्नामेंट में खिताब जीतकर नागल पिछले महीने एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में पहुंचे लेकिन इसके बाद हुए टूर्नामेंटों में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण इससे बाहर भी हो गए।

# सेंसेक्स-निफ्टी नये रिकॉर्ड पर

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी का सिलसिला बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा और दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...नये शिखर पर पहुंच गये। वैश्विक बाजारों में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह के बीच धातु और दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली (एफएमसीजी) कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार नई ऊंचाई पर रहा। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सेंसेक्स 33.40 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 74,119.39 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 159.18 अंक चढ़ गया था।

पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 19.50 अंक यानी 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,493.55 अंक के नए रिकॉर्ड



स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह एक समय 51.6 अंक तक चढ़ गया था। अमेरिका में मजबूत रुख और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से एक बार फिर मानक सूचकांक नई ऊंचाई पर पहुंच गये। चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से अधिक तेज आर्थिक वृद्धि के अनुमान से धातु तथा पूंजीगत सामान से जुड़े शेयरों को लेकर धारणा मजबूत हुई है।

### रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ बंद

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार दूसरे दिन तेजी देखी गई। विदेशों में अपने प्रतिस्पर्धी मुद्राओं की तुलना में डॉलर के कमजोर रहने तथा घरेलू शेयर बाजार की मजबूती के रुख के बीच डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ 82.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि इसके अलावा, विदेशी कोषों का निवेश बढ़ने तथा कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने रुपये को समर्थन प्रदान किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.82 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 82.72 प्रति डॉलर के दिन के उच्चतम स्तर को छू गया। कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले रुपया 10 पैसे की तेजी के साथ 82.73 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 82.83 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। बीएनपी पारिबा बाय शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर और सकारात्मक घरेलू बाजारों के कारण बृहस्पतिवार को भारतीय रुपये में तेजी आई, जबकि विदेशी संस्थागत निवेशकों के निवेश प्रवाह ने भी रुपये को समर्थन प्रदान किया। इस बीच, सात प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.13 प्रतिशत घटकर 103.18 रह गया। चौधरी ने कहा कि फेडरल रिजर्व प्रमुख जेरोम पॉवेल द्वारा सतर्क मौद्रिक नीति कदमों के संकेत के बाद अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई और अमेरिकी केंद्रीय बैंक को इस साल के अंत में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

## भारत का मोबाइल फोन निर्यात पांच गुना होकर 50-60 अरब डॉलर तक पहुंचेगा

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत से मोबाइल फोन निर्यात आने वाले समय में पांच गुना से अधिक बढ़कर 50-60 अरब डॉलर हो जाएगा।

वैष्णव ने बुधवार को एक वित्त-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम में शिरकत करते हुए कहा कि देश में बने मोबाइल फोन का निर्यात तेजी से बढ़ रहा है और आने वाले समय में यह 50-60 अरब डॉलर तक पहुंच जाने की उम्मीद है। पिछले साल लगभग 11 अरब डॉलर का मोबाइल निर्यात हुआ था। इसके साथ ही वैष्णव ने कहा कि आने वाले दिनों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार भी 10 लाख के मौजूदा स्तर से बढ़कर 25 लाख हो जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले भारत 98



प्रतिशत मोबाइल फोन का आयात करता था लेकिन आज के समय में लगभग 99 प्रतिशत फोन उपकरण भारत में ही बनते हैं। वैष्णव ने भारत की विकास गाथा पर एक प्रस्तुति साझा करते हुए कहा कि पिछले साल 11 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात किए गए थे। आने वाले दिनों में आप 50-60 अरब डॉलर का निर्यात देखेंगे। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में कार्यरत लोगों की संख्या भी 25 लाख हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2027 तक दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा जबकि 2014 में यह 11वें स्थान पर था। उन्होंने कहा कि भारत के इस समय पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने के समय रेलवे, राजमार्ग, हवाई अड्डे के क्षेत्रों में विशाल बुनियादी ढांचा तैयार किया गया है। संचार और रेल मंत्रालय का भी दायित्व संभालने वाले वैष्णव ने कहा कि पिछले साल 5,200 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन जोड़ी गई जो स्विट्जरलैंड के समूचे रेल नेटवर्क के बराबर है। चालू वित्त वर्ष में अब तक 4,972 किलोमीटर लंबी रेल लाइन बिछाई जा चुकी है। अभी मार्च का पूरा महीना बाकी है।

## सोना 500 रुपये चढ़कर 65,650 रुपये के नये रिकॉर्ड ऊंचाई पर

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने का भाव 500 रुपये की तेजी के साथ 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। यह इसका सर्वकालिक उच्चस्तर है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी।

लगातार तीसरे दिन बढ़त हासिल करते हुए सोना 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्चस्तर पर पहुंच गया। पिछले कारोबार में सोने की कीमत 65,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चांदी की कीमत भी 400 रुपये की तेजी के साथ 74,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बीते कारोबारी सत्र में यह 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजार में सोना (24 कैरेट) 65,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के हाजिर भाव पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये की तेजी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स (जिंस



बाजार) में सोना हाजिर मजबूती के साथ 2,152 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 30 डॉलर की बढ़त है। गांधी ने कहा कि फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पावेल द्वारा इस बात को दोहराए जाने के बाद कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक इस साल ब्याज दरें कम करेगा, कॉमेक्स पर सोना बृहस्पतिवार को एशियाई कारोबारी घंटों में 2,161.50 डॉलर प्रति औंस की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। चांदी अपने पिछले बंद भाव 23.75 डॉलर प्रति औंस के मुकाबले बढ़कर 24.10 डॉलर प्रति औंस पर थी। आगे जाकर, बाजार का ध्यान फरवरी के लिए आगामी अमेरिकी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़े पर केंद्रित हो गया है। अगले सप्ताह सोने की कीमतों की दिशा के लिए यह एक महत्वपूर्ण कारक साबित होगा।

## फरवरी में वाहनों की खुदरा बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 20.29 लाख इकाई रही

नयी दिल्ली। फरवरी में यात्री और दोपहिया वाहनों समेत सभी खंडों में तगड़ी खरीदारी आने से देश में वाहनों की खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़ गई। वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

पिछले महीने कुल 20,29,541 वाहनों की खुदरा बिक्री हुई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 17,94,866 इकाई थी। यात्री वाहन खंड में पिछले महीने बिक्री 12 प्रतिशत बढ़कर 3,30,107 इकाई हो गई, जो फरवरी, 2023 में 2,93,803 इकाई थी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने एक बयान में कहा, फरवरी के महीने में यात्री वाहनों की अब तक की सर्वाधिक बिक्री दर्ज की गई। नए उत्पादों की रणनीतिक पेशकश और वाहनों की उपलब्धता बढ़ने की इसमें अहम भूमिका रही। पिछले महीने दोपहिया वाहनों की बिक्री 13 प्रतिशत बढ़कर 14,39,523 इकाई रही, जबकि पिछले साल की समान



अवधि में यह 12,71,073 इकाई थी। सिंघानिया ने कहा कि दोपहिया वाहन खंड में वृद्धि के पीछे ग्रामीण क्षेत्र की मांग, प्रीमियम मॉडलों की चाहत, व्यापक उत्पाद उपलब्धता और दिलचस्प ऑफर की अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि शादियों के मौसम और बेहतर आर्थिक स्थिति जैसे कारकों ने भी इस सकारात्मक वृद्धि में योगदान दिया। फरवरी में वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री बढ़कर 88,367 इकाई हो गई, जो पिछले साल के इसी महीने की तुलना में पांच प्रतिशत अधिक है। सिंघानिया ने कहा कि नकदी प्रवाह की कमी और चुनाव से संबंधित खरीद स्थगन जैसी बाओं के बावजूद इस खंड में वृद्धि देखी गई, जो इस क्षेत्र के लचीलेपन और क्रमिक सुधार को उजागर करती है। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री भी पिछले महीने 24 प्रतिशत बढ़कर 94,918 इकाई हो गई। इसी तरह, ट्रैक्टर की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 76,626 इकाई हो गई।

### चार्ज्ड बाय थम्स अप का नया कैम्पेन लॉन्च

नई दिल्ली। द कोका-कोला कंपनी के नये बेवरेज ब्राण्ड चार्ज्ड बाय थम्स अप ने अपने नये कैम्पेन माइंड चार्ज्ड, बॉडी चार्ज्ड से पर्दा हटा दिया है। इसमें आमिर खान और दर्शील सफारी नजर आ रहे हैं। अपनी नई पैकेजिंग और फ्लेवर के साथ, नया चार्ज्ड बेवरेज पीने का एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। यह एक ऐसा अनुभव है, जो उपभोक्ताओं के दिमाग और शरीर को जोश से भर देता है। नई चार्ज्ड कैंपेन की परिकल्पना ऑगिल्वी ने की है। इसमें आमिर खान और दर्शील सफारी देखने में आकर्षक एक कहानी में नजर आते हैं। इसमें आमिर बड़े से बड़े हालात में विभिन्न अवतार लिये दिखते हैं। इसका मतलब यह दिखाने से है कि चार्ज्ड कैसे असंभव और बड़ी उपलब्धियों को हासिल करना संभव बनाता है। इनमें शारीरिक चुस्ती और दिमागी सतर्कता, दोनों चाहिये होती हैं। कैम्पेन में इस प्रोडक्ट के जोशीले असर दिखाए गये हैं।




### द लिम्का बुक ऑफ रिकॉड्र्स का 2024 संस्करण लॉन्च

नई दिल्ली। कोका कोला इंडिया के घरेलू ब्रैंड, लिम्का, ने भारत में सबसे लंबे समय से चली आ रही रेकॉर्ड और रेफरेंस बुक, लिम्का बुक ऑफ रेकॉड्र्स, के 33वें संस्करण को लॉन्च करने की घोषणा की है। इंडिया एट हर बेस्ट की थीम को बरकरार रखते हुए 2024 का संस्करण 2023 में देश की ओर हासिल की गई उपलब्धियों का वास्तविक इतिहास है। यह वर्षों से भारत के साथ जुड़ी हुई उपलब्धियों का भी दस्तावेज है। यह किताब भारतीयों के रेकार्ड तोड़ प्रदर्शन के इतिहास का शानदार संग्रह करने की सच्ची विरासत पर खरा उतरती है। इसके साथ ही यह बुक असाधारण दृढ़ता, शानदार प्रदर्शन की कहानियों और विपरीत हालात में कभी हार न मानने वाले भारतीयों की जीत के जज्बे की झलक देने वाला संपूर्ण संग्रह है। इसमें असल जिंदगी में भारतीयों की दृढ़ता, धैर्य और अपनी क्षमता से बढ़कर प्रदर्शन करने की शानदार कहानियां हैं। एशियन गेम्स 2022 के रेकॉर्ड तोड़ने वाले शो से लेकर शानदार तरीके से डिजाइन किए गए नए संसद भवन तक, यह किताब भारत की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाती है।

# भारत और जापान वैश्विक साझेदार : जयशंकर

## मंत्री ने पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन को किया संबोधित

एजेंसी



तोक्यो। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और जापान पुनः वैश्वीकरण की ओर बढ़ रहे विश्व में स्वाभाविक साझीदार हैं और लोकतंत्र एवं बाजार (मांग एवं आपूर्ति) आधारित अर्थव्यवस्था होने के नाते दोनों देश के बीच कई बुनियादी समानताएं हैं।

जयशंकर दक्षिण कोरिया और जापान की चार दिवसीय यात्रा के दूसरे चरण के तहत इस समय तोक्यो में है। मंत्री ने यहां पहले रायसीना गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, लचीली एवं विश्वसनीय आपूर्ति शृंखलाओं और भरोसेमंद एवं पारदर्शी डिजिटल लेनदेन की व्यवस्था के साथ दुनिया पुनः वैश्वीकरण की ओर बढ़ रही है। उन्होंने कहा, आज शीर्ष 20 या 30 देश वैसे नहीं हैं, जैसे वे दो दशक पहले थे। उन्होंने कहा, न केवल हमें प्रभावित करने वाले देश अलग हैं, बल्कि उनका सापेक्ष प्रभाव, महत्व और क्षमता भी अलग हैं। परिणामस्वरूप, नया संतुलन तलाशा जा रहा है और कभी-कभी इसे हासिल भी किया जाता है। जयशंकर ने जोर देकर कहा कि भारत और जापान दुनिया के पुनः वैश्वीकरण में स्वाभाविक भागीदार हैं और लोकतंत्र तथा बाजार आधारित अर्थव्यवस्था के रूप में उनके बीच बुनियादी समानताएं भी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान की प्रतिबद्धता को क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) हर साल आगे बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा, इस योगदान के मूल्य को दुनिया भर में तेजी से सराहा जा रहा है।

कवाड अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान के बीच चार सदस्यीय रणनीतिक सुरक्षा संवाद है। उन्होंने इस बात को रेखांकित किया कि भारत और जापान ने जिस सहजता का निर्माण किया है वह ऐसे समय में अधिक महत्वाकांक्षी ढंग से सोचने की नींव है जब दोनों देश भविष्य के अवसरों और चुनौतियों की ओर देख रहे हैं। उन्होंने कहा, पिछले दशक में भारत का विकास इस साझेदारी के लिए और भी अधिक संभावनाएं पैदा करता है। विदेश मंत्रालय ने जयशंकर की यात्रा से पहले नयी दिल्ली से जारी एक बयान में कहा था कि रायसीना गोलमेज सम्मेलन भारत और जापान के बीच ट्रैक 2 आदान-प्रदान को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना राष्ट्रीय चेतना का आधार



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना देश के लोगों की राष्ट्रीय चेतना का आधार है। राष्ट्रपति ने केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय संस्कृति के प्रति गौरव की भावना होना हमारी राष्ट्रीय चेतना का आधार है।

हमें अपने देश की समृद्ध संस्कृति का एहसास होने पर अपने अंदर गर्व की भावना जागृत होती है। हमारी संस्कृति की विरासत संस्कृत भाषा में संरक्षित है और इसलिये संस्कृत भाषा में उपलब्ध सांस्कृतिक जागरूकता का प्रसार करना राष्ट्र की सेवा ही है। मुर्मू ने कहा, संस्कृत भाषा ने हमारी व्यापक भूमि की विविधता को एकता के सूत्र में पिरोया है। उन्होंने कहा कि संस्कृत की शब्दावली से कई भारतीय भाषाएं समृद्ध हुई हैं और वे भाषाएं विभिन्न क्षेत्रों एवं राज्यों में फल-फूल रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि जिस भाषा में गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी महिला विद्वानों ने अमर योगदान दिया है, उस भाषा में महिलाओं की भागीदारी सबसे अधिक होनी चाहिए। मुर्मू ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की है कि आज के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक विजेताओं में लड़के और लड़कियों की संख्या लगभग समान है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के प्रयासों के लिए केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रशंसा की। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से कहा कि सत्य बोलना, सदाचारपूर्ण व्यवहार करना, स्वाध्याय में लापरवाही न करना, कर्तव्य से विमुख न होना तथा बेहतर कार्यों के प्रति सचेत रहना उनका संकल्प होना चाहिए।

संक्षेप

## अमेरिका हमें दबाने की रणनीति तैयार कर रहा

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि अमेरिका वैश्विक स्तर पर चीन के उभार को रोकने की रणनीति तैयार कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिका द्वारा चीन की और कंपनियों को प्रतिबंधित सूची में शामिल करने के लिए बाइडन प्रशासन की आलोचना की। चीन की विधायिका की वार्षिक बैठक के दौरान मीडिया से बात करते हुए वांग यी ने कहा कि नवंबर में राष्ट्रपति शी चिनफिंग और जो बाइडन की मुलाकात के बाद से अमेरिका के साथ चीन के रिश्ते बेहतर हुए हैं, लेकिन अमेरिका ने अपने वादे पूरे नहीं किए हैं। उन्होंने कहा, यदि अमेरिका हमेशा कहता कुछ है और करता कुछ और है, तो एक प्रमुख शक्ति के रूप में उसकी विश्वसनीयता कहां है? अगर चीन का नाम सुनते ही अमेरिका घबरा जाता है और चिंतित हो जाता है, तो एक महाशक्ति के रूप में उसका विश्वास कहां हैं? वांग ने कहा, अगर अमेरिका चीन को दबाने के लिए तुला हुआ है, तो अंततः उसे ही नुकसान होगा। वांग ने अपील की कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों को फलस्तीन को विश्व निकाय का सदस्य बनने से रोकने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

# असम में 18,000 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन



एजेंसी

गुवाहटी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के अपने दो दिवसीय दौरे में करीब 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। शर्मा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री पहली बार संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा करेंगे और वहां सफारी का भी आनंद लेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री केंद्र और राज्य की करीब 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री ने 14 फरवरी को 11,600 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत की थी। वह 13 मार्च को टाटा समूह के 27,000 करोड़ रुपये के सेमीकंडक्टर संयंत्र की आधारशिला भी रख सकते हैं। प्रधानमंत्री के दौरे का विवरण देते हुए शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार दोपहर बाद

### शिलान्यास करेंगे प्रधानमंत्री: हिमंत

असम पहुंचेंगे और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में रात बिताएंगे। शर्मा ने कहा कि वह तेजपुर हवाई अड्डे पर शाम चार बजे उतरेंगे और फिर हेलीकाप्टर के माध्यम से काजीरंगा पहुंचेंगे। वहीं, शनिवार को सुबह साढ़े पांच बजे वह पार्क में प्रवेश करेंगे और करीब दो घंटे तक वहां रहेंगे।

उन्होंने कहा कि असम सरकार ने प्रधानमंत्री के लिए हाथी और जीप दोनों की सवारी तैयार रखी है। शर्मा ने कहा, विश्व धरोहर स्थल काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा होगी और मुझे यह भी विश्वास है कि काजीरंगा में रात बिताने वाले वह पहले प्रधानमंत्री होंगे। हालांकि, मुझे रिकॉर्ड की भी जांच करनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इसके बाद अरूणाचल प्रदेश के लिए रवाना हो जाएंगे, जहां वह असम के जोरहाट में लौटने से पहले दो कार्यक्रमों में शामिल होंगे। शर्मा ने कहा कि हैलीपैड से हॉलोंगापार पर उतरने के बाद वह जोरहाट में अहोम साम्राज्य के जनरल लचित बोरफुकन की 125 फुट उंची प्रतिमा का उद्घाटन करेंगे।

# संदेशखालि की पीड़िताओं के बयान रखने की अनुमति



एजेंसी

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को याचिकाकर्ता को आवेदनाहलफनामा के जरिये संदेशखालि की महिलाओं को अपनी शिकायतें अदालत के संज्ञान में लाने की अनुमति दे दी।

संदेशखालि में महिलाओं के साथ अत्याचार और जमीन कब्जाने के मामले में स्वतः संज्ञान लेकर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही खंडपीठ के समक्ष याचिकाकर्ता प्रियंका टिबरेवाल ने कहा कि इलाके की 80 महिलाएं सुनवाई में शामिल होना चाहती हैं और अपना-अपना अनुभव साझा करना चाहती हैं।

मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली पीठ ने माना कि सभी 80 महिलाओं को अदालत में लाना मुश्किल होगा। इसके साथ ही टिबरेवाल को एक आवेदनापूरक हलफनामा दायर करने की अनुमति दी, जिसके जरिये कथित पीड़िताएं अपनी आपबीती अदालत के रिकॉर्ड पर ला सकती हैं।

# अमेरिका व द. कोरिया के खिलाफ युद्ध संबंधी क्षमताएं मजबूत : किम

एजेंसी



सियोल (दक्षिण कोरिया)। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के खिलाफ युद्धक क्षमताओं को मजबूत करने का आह्वान किया है। सरकारी मीडिया ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले उत्तर कोरिया ने अमेरिका-दक्षिण कोरिया के संयुक्त अभ्यास के जवाब में कार्वाई की धमकी दी थी। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम ने बुधवार को एक पश्चिमी अभियान प्रशिक्षण सैन्य अड्डे के दौरे पर कहा कि सेना को युद्ध संबंधी तैयारियों के लिए। अपनी युद्धक क्षमताओं में तेजी से सुधार लाने के उद्देश्य से वास्तविक युद्ध अभ्यास को लगातार तेज करना चाहिए। केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि दुश्मनों के लगातार खतरे को भारी ताकत से नियंत्रित करने के लिए अत्यधिक तत्परता की आवश्यकता है।

# कांग्रेस की सरकार बनी तो देंगे 30 लाख नौकरी

एजेंसी



जयपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव से पहले युवाओं एवं किसानों के लिए दो बड़ी घोषणाएं करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर 30 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर कानूनी गारंटी दी जाएगी।

वह अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर कांग्रेस युवाओं के लिए पांच ऐतिहासिक काम करने जा रही है जिनमें भर्ती भरोसा, पहली नौकरी पक्की, पेपर लीक से मुक्ति, गिग इकॉनमी में सामाजिक सुरक्षा और युवा रोशनी शामिल हैं। युवाओं को तीस लाख नौकरियां देने की घोषणा करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, युवाओं के लिए कांग्रेस पार्टी क्या करने जा रही है?

## युवाओं को देंगे भर्ती के भरोसे की गारंटी

जयपुर। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में केंद्र में पार्टी की सरकार बनने पर युवाओं को भर्ती भरोसे की गारंटी दी जाएगी जिसके तहत सरकारी नौकरियों के रिक्त पद भरे जाएंगे। खरगे ने पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत बांसवाड़ा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए खरगे ने यह भी कहा कि कांग्रेस की गारंटी पक्की गारंटी है।

## हूती विद्रोहियों ने किया पोत पर हमला, तीन की मौत

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक पोत पर मिसाइल से हमला किया, जिसके कारण चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई और बाकी सदस्यों को पोत छोड़कर भागना पड़ा। अमेरिका की सेना ने यह जानकारी की। गाजा में हमास के खिलाफ इजराइल के युद्ध छेड़ने के बाद हूती विद्रोहियों की ओर से यह पहला ऐसा हमला है, जिसमें लोगों की जानें गई हैं। इस बीच, ईरान ने बुधवार को घोषणा की कि वह अमेरिकी ऊर्जा कंपनी शेवरॉन कॉर्प को भेजे जा रहे पांच करोड़ डॉलर मूल्य के कुवैती कच्चे तेल को जब्त कर लेगा। यह कच्चा तेल उस टैंकर में है।

इंटरटेनमेंट...

# 'मडगांव एक्सप्रेस' का ट्रेलर हुआ आउट




**मुंबई।** आज 'मडगांव एक्सप्रेस' का ट्रेलर आउट हो गया है। इस फिल्म से कुणाल खेमू बतौर डायरेक्टर इंडस्ट्री में कदम रखते नजर आएंगे। कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म 22 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

इस 2 मिनट 38 सेकंड के ट्रेलर में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी गोवा ट्रिप पर जाते नजर आए। ये 3 दोस्त बचपन से गोवा जाने का सपना देखते हैं, सपना आखिरकार पूरा जरूर होता है, लेकिन जबरदस्त ट्विस्ट एंड टर्न के साथ। तीनों गोवा जाने के लिए गाड़ी में बैठे बेहद एक्साइटिड दिखते हैं। लेकिन जैसे ही उनका सफर शुरू होता है, गाड़ी खंबे से टकरा जाती है। फिर आगे ट्रेलर में जबरदस्त पंच लाइन और कॉमेडी के तड़के वाले डायलॉग सुनने को मिलते हैं। नोरा फतेही भी ग्लैमरस लुक में नजर आईं। गोवा जाने के बाद तीनों वहां कोकेन के मामले में फंस जाते हैं। पुलिस, गैंग्सटर और ड्रग्स के इर्द-गिर्द घूमते इस ट्रेलर में दिव्येंदु और प्रतीक औरतों के गेटअप में भी नजर आते हैं। खासतौर से दिव्येंदु शर्मा ने इस ट्रेलर में अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल अभी से जीतना शुरू कर दिया है। दिव्येंदु हमेशा से अपनी परफेक्ट कॉमिक टाइमिंग के लिए मशहूर रहे हैं।

बचपन के सपने लग गए अपने, इस टैगलाइन के साथ, 'मडगांव एक्सप्रेस' से कुणाल खेमू अपने डायरेक्शन करियर की शुरूआत करते नजर आएंगे। वहीं रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म रिलीज की जाएगी।

## अमर सिंह चककीला हमले का सामना करने वाले अन्य लोकप्रिय कलाकारों के जीवन का प्रतीक



मुंबई। फिल्म निर्माता इम्तियाज अली दिवंगत पंजाबी गायक अमर सिंह चमकीला के जीवन पर आधारित फिल्म बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में यह बताया गया है कि एक ही समय में लोकप्रिय हो जाना और उसी समय हमले का शिकार होना कैसा होता है। पंजाब के एल्विस प्रेस्ली नाम से मशहूर चमकीला की साल 1988 में उनकी गायिका साथी अमरजोत के साथ हत्या कर दी गई थी। अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ फिल्म में चमकीला का अभिनय कर रहे हैं तो वहीं अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा अमरजोत की भूमिका निभा रही हैं। चमकीला 1980 के दशक के दौरान सबसे लोकप्रिय गायक थे।

## पठान की सफलता ने वाईआरएफ के लिए चीजें बदल दीं : रानी मुखर्जी



मुंबई। अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने मंगलवार को कहा कि फिल्म पठान की सफलता के चलते उनके पति आदित्य चोपड़ा के नेतृत्व वाली कंपनी यशराज फिल्म (वाईआरएफ) के लिए चीजें बदल गईं, जो कई बड़ी फिल्मों के नाकाम होने के बाद चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही था।

बॉक्स ऑफिस पर नाकाम रहीं वाईआरएफ की फिल्मों में अक्षय कुमार अभिनीत पृथ्वीराज, रणबीर कपूर की शमशेरा, रानी मुखर्जी और सैफ अली खान अभिनीत बंटी और बबली 2, और विक्की कौशल की फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली शामिल हैं। मुखर्जी (45) ने उस समय सिनेमाघरों में फिल्में रिलीज करने के फैसले के लिए अपने पति व फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा की प्रशंसा की, जब महामारी के दौरान इन्हें डिजिटल मंचों पर रिलीज किया जा रहा था। मुखर्जी ने कहा, उन्हें इसे ओटीटी पर रिलीज करने के लिए बहुत सारे पैसे की पेशकश की जा रही थी, मेरे पति ने एक साहसिक फैसला लिया और कहा कि मैं इनमें से किसी भी फिल्म को ओटीटी पर रिलीज नहीं करूंगा क्योंकि मैं भारतीय सिनेमा की ताकत में विश्वास करता हूं।

## ऋषभ साहनी ने बताया 'फाइटर' से जुड़ा किस्सा




मुंबई। फाइटर फेम एक्टर ऋषभ साहनी ने हाल ही खास बातचीत की है। उन्होंने फिल्म के लिए अपनी तैयारी पर बात करते हुए बताया कि अपने कैरेक्टर में जाने के लिए उन्होंने 5 दिनों तक किसी से बात नहीं की थी।

ऋषभ साहनी ने कहा- जी बहुत अच्छा फील हो रहा है, आप जब परफॉर्म करते हो, तब आप उम्मीद करते हैं कि लोगों को आपकी परफॉर्मेंस पसंद आएगी। इस किरदार के लिए काफी मेहनत भी की थी। मुझे अच्छा लगा कि लोगों को मेरा काम काफी पसंद आया। काफी लोग इससे खुश हैं और मैं काफी खुश हूं। मैंने दो तरह से इसकी प्रिपरेशन की थी। एक तो मेंटली और दूसरी फिजिकली। क्योंकि मुझे जो ब्रीफ दिया गया था उसमें मुझे कहा गया था कि मुझे बहुत बड़ा दिखना है, इतना कि मैं अकेले सब से लड़ सकूं। इसके लिए मैंने एक फिटनेस कोच को हायर किया था। इसके बाद मैंने अपनी टीम बनाई थी। मैं दिन में लगभग 7 से 8 बार खा रहा था और दो से ढाई घंटा वर्कआउट कर रहा था।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com